

राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा कहा- संसद के बजाय वाशिंगटन से क्यों मिल रही है जानकारी - 12



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से उद्योगों को तेज वृद्धि की उम्मीद - 12



ट्रंप के दावों का रूस ने दिया जवाब, भारत ने तेल क्रय से मना नहीं किया - 13



अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत - 14


आज का मौसम

$23.0^0$ अधिकतम तापमान

$11.0^0$ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.52 सूर्यास्त 05.53

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 12:09 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 4 फरवरी 2026, वर्ष 35, अंक 365, पृष्ठ 14 · मूल्य 6 रुपये


# भारत-अमेरिका ट्रेड डील से झूमा बाजार, रुपया मजबूत, सोना-चांदी ऊपर चढ़े

## चौतरफा दिखी हरियाली, सेंसेक्स 2073 और निफ्टी 639 अंक चढ़े, अडाणी के शेयर 11% तक चढ़े



मुंबई, एजेंसी

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने की घोषणा से उत्साहित भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को जबर्दस्त उछाल आया। मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी ने 639 अंक की छलांग लगाई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबारी सत्र की शुरुआत के बाद 4,205.27 अंक यानी 5.14 प्रतिशत उछलकर 85,871.73 अंक के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली होने से यह 2,072.67 अंक यानी 2.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,739.13 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 639.15 अंक यानी 2.55 प्रतिशत चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,252.80 अंक यानी 4.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,341.20 अंक तक पहुंच गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार रात को प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत के बाद कहा था कि भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। हालांकि, अभी समझौते का विवरण सामने नहीं आया है। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 9.12 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। वहीं अडाणी के शेयरों में 11% तक उछाल दर्ज किया गया।

### निवेशकों की संपत्ति एक ही दिन में 12.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी



**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को बड़ी छलांग लगाई जिससे निवेशकों की पूंजी एक ही कारोबारी सत्र में 12.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। दिग्गज कंपनियों में बढ़त के बीच मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी खासी तेजी दर्ज की गई। इस चौतरफा तेजी के बीच बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 12,10,877.45 करोड़ रुपये बढ़कर 4,67,14,754.77 करोड़ रुपये (5.16 लाख करोड़ डॉलर) हो गया। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,304 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 981 शेयरों में गिरावट रही और 137 अन्य अपरिवर्तित रहे।

### मजबूत वैश्विक संकेतों व कमजोर डॉलर के बीच चांदी 24,000 रुपये चढ़ी



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के बीच चांदी और सोने की कीमतों में तीन दिन की तेज गिरावट का माहौल मंगलवार को खत्म हो गया और राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में इनमें मजबूत उछाल आया। इस दौरान चांदी 24,000 रुपये बढ़कर 2.84 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई तथा सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर जा पहुंचा।

### रुपया 122 पैसे की छलांग के साथ 90.27 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** व्यापार समझौते पर सहमति बनने के बाद भारतीय रुपया मंगलवार को सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा के रूप में उभरा, जिसने एक कारोबारी सत्र में 122 पैसे या 1.33 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि समझौते होने के बाद भारतीय रुपया ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसमें लगभग 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। घरेलू शेयर बाजार में भी लगभग 2.75 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सोमवार को रुपया 44 पैसे बढ़कर 91.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## ब्रीफ न्यूज

### 18 से 12 मार्च के बीच होगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित होंगी। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि प्रदेश के 18 जिलों को संवेदनशील घोषित किया गया है। 20 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान और इंटरमीडिएट नागरिक शास्त्र, 23 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी, 25 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल विज्ञान, 26 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित व इंटरमीडिएट भूगोल तथा 27 फरवरी की दूसरी पाली में संबंधित विषयों की होगी। 18 जिलों को संवेदनशील घोषित किया गया है। ये जिले आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़, हरदोई, कन्नौज, आजमगढ़, बलिया, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, देवरिया व गोंडा हैं।

### भारत ने अहम प्रौद्योगिकी एसएफडीआर का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ ने मंगलवार को ठोस ईंधन डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रौद्योगिकी का सफल परीक्षण किया। इस उपलब्धि के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनके पास यह अत्याधुनिक तकनीक है। यह प्रौद्योगिकी लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के विकास में सहायक होगी।

# मेटा-वॉट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें, डेटा शेयर की इजाजत नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने गोपनीयता नीति पर लगाई फटकार, कहा- देश की निजता सबसे ऊपर

- नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सएप को मंगलवार को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां डेटा साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को याचिकाओं में पक्षकार बनाया जाए। पीठ मेटा और व्हाट्सएप की उन अपीलों पर सुनवाई कर रही थी, जो एनसीएलएटी के उस फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं, जिसने विज्ञापन से जुड़े डेटा साझा करने के मामले में सीमित राहत देते हुए प्रभुत्व के दुरुपयोग संबंधी सीसीआई के निष्कर्षों को बरकरार रखा था। सीजेआई ने कहा, आप डेटा साझा करने के नाम पर इस देश के निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकते। हम आपको डेटा का एक शब्द भी साझा करने की अनुमति नहीं देंगे, या तो आप लिखित वचन (अंडरटेकिंग) दें, आप नागरिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं कर सकते।



### गोपनीयता की शर्तें चालाकी से तैयार की गई, आम आदमी समझ ही नहीं सकता

उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा कि इस देश में निजता के अधिकार की सख्ती से रक्षा की जाती है। कहा कि गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की गई हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह निजी जानकारी की चोरी करने का एक सभ्य तरीका है, हम आपको ऐसा नहीं करने देंगे... आपको लिखित वचन देना होगा, अन्यथा हमें आदेश पारित करना होगा।

### हाईकोर्ट द्वारा महीनों तक फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने की प्रथा एक चिह्नित बीमारी, इसे खत्म किया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने समय पर न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि हाईकोर्ट द्वारा महीनों तक फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने की प्रथा 'एक चिह्नित बीमारी' है, जिसे खत्म किया जाना चाहिए। पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले साल चार दिसंबर को एक याचिका खारिज करते हुए मौखिक रूप से फैसला सुनाया था और वह फैसला अब तक अपलोड नहीं किया गया है। पीठ ने कहा कि अगले सप्ताह के आखिर तक वकील को पूरा फैसला उपलब्ध कराया जाए। देरी का जिक्र करते हुए, याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, ऐसा लगता है कि सिर्फ जुबानी जमा खर्च किया जा रहा है, कोई संदेश जाना चाहिए। यह कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मोटे तौर पर दो तरह के न्यायाधीश होते हैं। उन्होंने कहा, एक मेहनती न्यायाधीश होते हैं, जो सबकी बात सुनते हैं और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेते हैं। कुछ न्यायाधीश ऐसे होते हैं, जो इसके बाद फैसले नहीं सुनाते। हम किसी एक व्यक्ति की बात नहीं कर रहे हैं। यह कोर्ट के सामने एक चुनौती है और यह पहचानी हुई बीमारी है। इसका इलाज होना चाहिए।

# संसद में टूटी मर्यादा, विपक्षी सांसदों ने कागज उछाले, आठ निलंबित

- सत्तापक्ष-विपक्ष में टकराव बढ़ा, हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद अगले दिन को स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय को लेकर जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को उस वक्त सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव का नया मोर्चा खुल गया जब आसन के समीप कागज उछालने के मामले में आठ विपक्षी सांसदों को वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस के सात सदस्यों और माकपा के एक सांसद को सदन से निलंबित किया गया है।

सदन में गतिरोध के बीच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार की तरह मंगलवार को भी पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण पर आधारित लेख का हवाला देकर चीन का विषय उठाने का प्रयास किया, लेकिन आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली। हालांकि उन्होंने इस लेख को सत्यापित किया और सदन के पटल पर रखा। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आसन की अवज्ञा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरदीप सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मणिकम टैगोर तथा माकपा सांसद एस वेंकटेशन के नाम लिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आठों सदस्यों का नाम लेते हुए सदन में प्रस्ताव रखा कि सदन की अवमानना करने और महासचिव तथा लोकसभा अधिकारियों की मेजों के पास आकर कागज उछालकर आसन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए उक्त सभी सदस्यों को नियम 374 (2) के तहत संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाए।



सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी पर उछाले गए कागज के टुकड़े।



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और नेता प्रतिपक्ष राहुल के बीच हुई बहस।

### आसन के समीप कागज उछालकर फेंके थे

इससे पहले, राहुल गांधी के चीन का विषय उठाने का प्रयास करने, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते तथा कुछ अन्य विषयों को लेकर सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी थी। विपक्षी सदस्यों ने सदन में राहुल गांधी को बोलने की अनुमति नहीं मिलने के मुद्दे पर नारेबाजी करते हुए आसन के समीप कागज उछालकर फेंके थे। उस समय आसन पर पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी बैठे थे।

# भारत-अमेरिका समझौता बड़ा फैसला : प्रधानमंत्री



नई दिल्ली में संसदीय दलों की बैठक में शिरकत करने जाते प्रधानमंत्री मोदी।

- मोदी ने राजग की संसदीय दल की बैठक में कहा- हर देशवासी के लिए व्यापार समझौता लाभदायक

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राजग संसदीय दल की बैठक में कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा फैसला है जो हर देशवासी के लिए लाभदायक होगा। बैठक में शामिल सांसदों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने राजग के संसदीय दल की बैठक में सदस्यों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि उनकी सरकार हमेशा राष्ट्र के हित में काम करती है।

राजग के घटक दलों के सदस्यों ने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के लिए प्रधानमंत्री को बधाई भी दी और कहा कि इससे भारतीय विनिर्माताओं, निर्यातकों और उद्यमियों को मजबूती मिलेगी। बैठक में शामिल सांसदों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा फैसला है और देश में सभी को इससे लाभ मिलेगा। भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए है जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय उत्पादों पर शुल्क को कुल 50 प्रतिशत से कम करके 18 प्रतिशत करेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि पूरे देश में इस समझौते को लेकर उत्साह है। उन्होंने कहा, सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नौ व्यापार समझौते पूरे हुए हैं। कुल 39 देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह ऐतिहासिक है। ये सभी 39 देश विकसित देश हैं जो ऐतिहासिक है। देश में बहुत अच्छा माहौल है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'राजग संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लिया, जहां हमने अनेक मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सदस्यों ने भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

# 60 हजार करोड़ के घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, एजेंसी



- शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट लि. में बतौर निदेशक तैनात था आरोपी अतुल

शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े बहुचर्चित 60 हजार करोड़ के निवेश घोटाले में कंपनी के निदेशक अतुल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) टीम ने गुडंबा इलाके से मंगलवार को दबोचा।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के अनुसार, शाइन सिटी कंपनी ने प्रदेश के कई जनपदों में सस्ते भूखंड और अन्य प्रलोभनकारी योजनाओं के नाम पर निवेशकों से 60 हजार करोड़ रुपये निवेश कराए। रुपये लेने के बाद न तो भूखंड दिए गए और न ही निवेश की गई धनराशि वापस की। कंपनी के निदेशक और अधिकारी कार्यालय बंद कर फरार हो गए थे। अतुल सिंह लखनऊ स्थित शाइन सिटी के आर स्क्वायर, विपुल खंड कार्यालय में प्रॉपर्टी सेल्स का काम संभालता था। निवेशकों को लुभावनी योजनाओं में फंसाकर निवेश कराने में सक्रिय भूमिका निभाता था। उसके खिलाफ थाना गोमतीनगर में वर्ष 2021 में दो एफआईआर दर्ज किए गए थे। जिसकी जांच ईओडब्ल्यू कर रही है। ईओडब्ल्यू अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ कोर्ट से गैर-जमानती वारंट जारी था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला का मल निवासी अतुल गुडंबा के स्मिथ अपार्टमेंट में रहता था, जहां से ईओडब्ल्यू की क्रैक टीम ने उसे दबोच लिया।

# सिपाही भर्ती परीक्षा 8 से 10 जून तक

- 32,679 पदों के लिए तीन दिन, दो पालियों में परीक्षा, आयु सीमा में तीन वर्ष की बड़ी राहत

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में सिपाही बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। योगी सरकार ने आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत होने वाली लिखित परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी सूचना के अनुसार सिपाही भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा आठ जून (सोमवार), नौ जून (मंगलवार) और 10 जून (बुधवार) को आयोजित की जाएगी। परीक्षा तीनों दिनों में दो-दो पालियों में कराई जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश में कुल 32,679 पदों को भरा जाएगा। परीक्षा केंद्र, एडमिट कार्ड, शिफ्ट टाइमिंग और अन्य दिशा-निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर समय से जारी किए जाएंगे। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट पर अपडेट चेक करते रहें। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिपाही भर्ती-2025 में अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन वर्ष का शिथिलीकरण दिया गया है। गौर है कि वर्ष 2024 में उप्र पुलिस में 60,244 सिपाही पदों पर भर्ती की गई थी, जो अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती थी।

उपलब्धि — देश-विदेश की फार्मा कंपनियों के साथ 5525 करोड़ रुपये के हुए 11 समझौते, हजारों लोगों के रोजगार की उम्मीद, फार्मा इकोसिस्टम को नई मजबूती

# यूपी फार्मा कॉन्क्लेव में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का एलान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** 'उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' के दौरान प्रदेश के फार्मास्यूटिकल सेक्टर को बड़ी निवेश सौगात मिली। कुल 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी, जबकि मंच से औषधि, मेडिकल डिवाइस और संबद्ध क्षेत्रों में 5,525 करोड़ रुपये के 11 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का औपचारिक आदान-प्रदान किया गया। इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश के फार्मा इकोसिस्टम को नई मजबूती मिलने के साथ ही हजारों नए रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है।

प्रमुख निवेशकों में अर्ना फार्मा और बायोजेंटा लाइफ साइंसेज ने 1,250-1,250 करोड़, शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स ने 737 करोड़, वाल्टर बुशनेल एंटरप्राइज ने 590 करोड़ रुपये, ज्ञानविका लैब्स ने 553 करोड़ रुपये और कोरो हेल्थ ने 418 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा मार्क लेबोरेटरीज (300 करोड़), हाई ग्लांस लैबोरेटरीज (120 करोड़), रासपा फार्मा (107 करोड़), रोमसंस मेडवर्ल्ड (100 करोड़) और कोटक हेल्थकेयर (100 करोड़) ने भी यूपी में निवेश के लिए एमओयू किए। इन निवेशों से फार्मा मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च, मेडिकल डिवाइस और हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कॉन्क्लेव 1.0' में रामकी ग्रुप के चेयरमैन अयोध्या रामी रेड्डी, टोरेंट ग्रुप के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता, मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी, जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पद्मभूषण पंकज रमनभाई पटेल व सन फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन पद्मश्री दिलीप सांघवी प्रमुख रूप से मौजूद थे।



फार्मा कॉन्क्लेव में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी। साथ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व अन्य।

### भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा : योगी

योगी ने कहा कि भारत अपनी नीतियों पर अडिग रहकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को आज एक विश्वसनीय वैश्विक साझेदार के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत किसी दबाव में झुकने वाला देश नहीं है और 'सत्यमेव जयते' के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। यह आत्मविश्वासी भारत की पहचान है।

### 24 घंटे में खाली हुई 65 हजार एकड़ जमीन

मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद किए गए भूमि सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। भू-माफिया टास्क फोर्स के गठन के बाद 24 घंटे के भीतर 65 हजार एकड़ सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराई गई, जो आज प्रदेश का मजबूत लैंड बैंक बनी है। इसी के माध्यम से उद्योगों और निवेश को जमीन उपलब्ध कराई जा रही है।

### पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए

कॉन्क्लेव के दौरान योगी ने एनकाउंटर पर सवाल उठाने वालों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती जरूरी है। कहा कि अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए?

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. नारायण दास बने कार्यवाहक निदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार डॉ. नारायण दास, अपर निदेशक, आयुर्वेद सेवायें, उत्तर प्रदेश को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक कार्यवाहक निदेशक, आयुर्वेद सेवायें, उत्तर प्रदेश का प्रभार सौंपा गया है। शासनादेश के तहत डॉ. नारायण दास को कार्यवाहक निदेशक पद के साथ-साथ आहरण-वितरण एवं प्रशासकीय अधिकार भी प्रदान किए गए हैं।

### विधानसभा के सामने प्रदर्शन करेंगे अधिवक्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोनभद्र जनपद के लोढ़ी तथा बाराबंकी के हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर अधिवक्ताओं के साथ मारपीट की घटनाओं से अधिवक्ता संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। आल इंडिया स्थल बार एसोसिएशन ने मामले की उच्चस्तरीय समिति से जांच कराने की मांग की है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल और राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार ने कठोर कार्रवाई नहीं की तो रूरल बार एसोसिएशन सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करेगा। बजट सत्र के दौरान विधानसभा के सामने विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### महिला आयोग की सदस्य 6 को करेंगी जनसुनवाई

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा 05 फरवरी को शाम 5.30 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ पहुंचेंगी। 06 फरवरी सुबह 8 बजे आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण करेंगी। नौ बजे डॉ. सोनेलाल पटेल 100 बेड जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी। इसके बाद वृद्धाश्रम चिलबिला एवं जिला महिला बंदीगृह का निरीक्षण करेंगी। दोपहर 1.30 बजे वह जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक करेंगी।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** मानधाता थाना क्षेत्र के टिकरी गांव निवासी फारूक की 50 वर्षीय पत्नी कमरूल निशा घर में कार्य कर रही थी। इस दौरान वह घर में लगे विद्युत उपकरण में करंट उतर आया। मंगलवार दोपहर कार्य के दौरान वह करंट की चपेट में आ गई। आननफानन में परिजन अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन रोने बिलखने लगे।

# अखबार बेचने वाला बन गया इंटरनेशनल यूथ आइकॉन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांवड़ यात्रा ऐप से चुनावी जागरूकता तक, प्रशासन के साथ किए जनहित के समाधान
- योगी सरकार का डिजिटल नवाचार, 84 लाख युवाओं तक पहुंची कॅरियर-सूचना वेबसाइट

**अमृत विचार:** कभी साइकिल पर अख़बार बेचकर घर का खर्च चलाने वाला उत्तर प्रदेश के बागपत के गांव ट्यौढी का अमन कुमार आज राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन कर रहा है। बाल मजदूरी और गरीबी की कठिन परिस्थितियों से निकलकर अमन ने संघर्ष, संकल्प और नवाचार के बल पर खुद को इंटरनेशनल यूथ आइकॉन के रूप में स्थापित किया है। वह कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की युवा-केंद्रित नीतियों और डिजिटल पहलों ने उन्हें आगे बढ़ने का भरोसा दिया।

अमन कुमार आज यूपी सरकार के युवा कल्याण विभाग से संबद्ध उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष हैं। अवसरों के अभाव में पले-बढ़े अमन ने तय किया कि कोई भी होनहार युवा केवल जानकारी न होने की वजह से पीछे न रहे। इसी सोच के साथ 12वीं के बाद उन्होंने एक व्हाट्सऐप ग्रुप शुरू किया, जो आगे चलकर वेबसाइट प्रोजेक्ट 'कॉन्टेस्ट 360' बना। एक क्लिक पर शिक्षा, स्कॉलरशिप, करियर और सरकारी अवसरों की जानकारी देने वाली इस वेबसाइट का अब तक 84 लाख से अधिक युवा उपयोग कर चुके हैं।

डिजिटल समाधान के क्षेत्र में अमन की पहल यहीं नहीं रुकी। वर्ष 2022 में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उन्होंने प्रशासन के साथ मिलकर कांवड़ यात्रा ऐप विकसित किया। यात्रा मार्ग, चिकित्सा सहायता, शिविर, आपात संपर्क और प्रशासनिक सहयोग जैसी सुविधाओं से युक्त इस ऐप को साढ़े तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने इस्तेमाल किया। इसके बाद लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने स्वीप बागपत ऐप बनाकर भारत निर्वाचन आयोग से जुड़ी जानकारियां सवा लाख मतदाताओं तक पहुंचाईं।

### डीएम के मार्गदर्शन में बनाया सूचना एप

- बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल के मार्गदर्शन में अमन ने सूचना विभाग के सहयोग से सूचना सेतु ऐप तैयार किया, जिससे आम नागरिक एक क्लिक पर अधिकारियों और सरकारी योजनाओं से जुड़ सके। इसके अलावा बागपत फॉर एनिमल्स ऐप और ग्राम पंचायत फैजपुर निनाना की वेबसाइट बनाकर डिजिटल पंचायत की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की। अब वह प्रदेशभर के युवाओं को नवाचार और तकनीक से जोड़ने की तैयारी में हैं। अमन के कार्यों को राष्ट्रीय पहचान तब मिली जब उन्हें स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वह यूनेस्को की विभिन्न वैश्विक युवा पहलों, यूनिसेफ नेशनल यूथ एंबेसडर कार्यक्रम और कई अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हैं। वर्ष 2026 के विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में अमन ने नरेंद्र मोदी के समक्ष टीम यूपी के ग्रुप कैप्टन के रूप में युवाओं का प्रतिनिधित्व किया।



यूथ आइकॉन अमन कुमार को सम्मानित करतीं बागपत की डीएम अस्मिता लाल।

### कैलाश सत्यार्थी के साथ भी किया काम

- अमन ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के साथ भी काम किया है। वर्ष 2025 में उन्हें आई वॉलंटियर अवॉर्ड, इंडियाज मोस्ट वैल्यूएबल यू रिपोर्टर और यंग ट्रांसफॉर्मर्स अवॉर्ड सहित कई सम्मान मिले। अमन कुमार की कहानी बताती है कि सही नेतृत्व, अवसर और संकल्प मिल जाए तो साधारण परिस्थितियों से निकला युवा भी असाधारण मुकाम हासिल कर सकता है।

# हर निवेशक को सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की पूरी गारंटी: योगी

## निवेशकों को जीरो पॉलिटिकल इंटरफेयर, मजबूत कानून व्यवस्था का दिया भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ में वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के महासंगम 'उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' की शुरूआत करते हुए कहा कि प्रदेश आज केवल एक राज्य नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए भरोसे की गारंटी बन चुका है। प्रदेश सरकार हर निवेशक को ट्रिपल-एस यानी सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की पूर्ण गारंटी दे रही है और ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी का रोल मॉडल बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में रूल ऑफ लॉ पूरी मजबूती से लागू है। कानून से खिलवाड़ करने की किसी को छूट नहीं है। यदि कोई कानून को चुनौती देता है, तो कानून अपने दायरे में रहकर उसे उसी की भाषा में जवाब देता है। यही कारण है कि आज प्रदेश में भयमुक्त वातावरण है और निवेशकों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में प्रदेश असुरक्षा, अराजकता और अविश्वास का पर्याय बन चुका था। 2012 से 2017 के बीच 900 से अधिक दंगे हुए, शायद ही कोई शहर रहा हो जहां कर्फ्यू न लगा हो। उद्योग और व्यापार से जुड़े लोगों को गुंडा टैक्स देना पड़ता था और निवेशक प्रदेश छोड़ने को मजबूर थे। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं और प्रदेश में स्थिर, सुरक्षित माहौल है।



देश-विदेश के फार्मा उद्योगपतियों से बातचीत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### डी-रेगुलेशन में नंबर वन, ईज ऑफ डूइंग में टॉप अचीवर

- योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज डी-रेगुलेशन रैंकिंग में देश में नंबर वन है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप अचीवर बन चुका है। 13 राज्य अधिनियमों में आपराधिक प्रावधानों को समाप्त किया गया है। एमएसएमई सेक्टर में निवेश करने वाले उद्यमियों को 1000 दिनों तक निरीक्षण से छूट दी गई है। सरकार का उद्देश्य उद्योगों को डराना नहीं, बल्कि सुविधा देना है।

### फार्मा सेक्टर को बनाया जा रहा ग्लोबल हब

- मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का अग्रणी केंद्र बनाया जा रहा है। ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। गौतम बुद्ध नगर में मेडिकल डिवाइस पार्क और यूएस-एफडीए टेस्टिंग लैब के जरिए ग्लोबल स्टैंडर्ड स्थापित किए जा रहे हैं। फैक्ट्री से फार्मेसी तक निर्बाध सप्लाई चेन विकसित की जा रही है, जिससे यूपी एआई, मेड-टेक, हेल्थ-टेक और क्लिनिकल रिसर्च का बड़ा केंद्र बनेगा।

### यूपी फार्मा सेक्टर में बनेगा वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब : नड्डा

- कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने वीडियो संदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर में भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने वाला प्रमुख राज्य बनकर उभर रहा है। ललितपुर का बल्क ड्रग फार्मा पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क और राज्य की फार्मास्यूटिकल नीति उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय मैन्युफैक्चरिंग हब बना रही है। बेहतर कनेक्टिविटी, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और निवेशक-अनुकूल वातावरण के कारण यूपी तेजी से फार्मा निवेश का पसंदीदा गंतव्य बन रहा है।

### असुरक्षा के कारण मुझे यूपी छोड़ना पड़ा था: जुनेजा

- पुराना दौर याद कर भावुक हो गए उद्यमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** फार्मा कॉन्क्लेव में मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा ने भावुक अंदाज में कहा कि एक समय ऐसा भी था जब असुरक्षा के कारण उन्हें उत्तर प्रदेश छोड़ना पड़ा था। 2001 की एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तब माहौल निवेश और उद्योग के अनुकूल नहीं था। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में वह "अच्छी सुबह" आई है, जब लोग देर रात भी खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। यही वजह है कि आज निवेशक पूरे विश्वास के साथ यूपी लौट रहे हैं और उनकी कंपनी भी यहां निवेश के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी ने कहा कि कोविड काल में भारत ने वैश्विक स्तर पर फार्मा सेक्टर में अपनी ताकत साबित की। उत्तर प्रदेश की नीतियां प्रभावी हैं और राज्य वैश्विक फार्मा लीडर्स के लिए आकर्षक गंतव्य बन चुका है।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान, जसवंत सैनी, राज्यसभा सदस्य एवं रामकी ग्रुप के फाउंडर अयोध्या रामी रेड्डी, नीति आयोग के सदस्य डॉ विनोद कुमार पॉल, संदीप जैन, वी कृष्ण मोहन, आदित्य वर्मा, अमिताभ दुबे समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ओवरऑल चैंपियन

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** संस्कार ग्लोबल स्कूल, सकरौली मादूपुर के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरऑल ब्लू हाउस चैम्पियन रहा। प्रतिभागी चारों हाउस के खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल देकर सम्मानित किया गया। निदेशक रंजन सिंह व फौजदार सिंह ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर शुभारंभ किया। अनन्या सिंह, आनवी, प्रकृष्ट, आन्या, हर्षित, क्रिस्टीन, आर्यन, अथर्व सरोज, शिवांश सरोज, रुद्र सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। शिक्षक मो.आतिफ, राखी सिंह, आशुतोष मिश्र के देखरेख में प्रतियोगिता हुई। निर्णायक मंडल की ओर से घोषित परिणाम में ब्लू हाउस को प्रथम, ग्रीन हाउस द्वितीय एवं रेड हाउस को तृतीय स्थान मिला। प्रिंसिपल अंकिता सिंह ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान श्वेता सिंह, रेनू, अनुराग तिवारी, सचिन पटेल, सूरज सिंह, भारती, दिव्या, विपुल सिंह रहे।



बच्चों को पुरस्कृत करतीं प्रिंसिपल अंकिता सिंह।

### अधिवक्ताओं ने किया क्रमिक अनशन

**रानीगंज, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** अधिवक्ताओं ने एसडीएम की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसील बार एसोसिएशन पुरातन के अध्यक्ष विमल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में तहसील परिसर में क्रमिक अनशन किया। अध्यक्ष ने कहा कि एसडीएम के कार्यशैली से अधिवक्ताओं में काफी समय से नाराजगी है। बावजूद इसके उनके कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ। उनकी इस कार्य प्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं ने सोमवार को उनका बहिष्कार किया। स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। इस दौरान उमाकांत पांडेय, रविंद्र मिश्र, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, विशंभर नाथ मिश्र चुलबुल, शैलेश कुमार पांडेय, जयेंद्र नाथ उपाध्याय, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव, शिवेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार मिश्र, वीरेंद्र कुमार मिश्र, सीबी सिंह, प्रदीप कुमार तिवारी, विपिन तिवारी, उमाकांत त्रिपाठी, मजीद अहमद, राजकुमार मिश्र रहे।



नारेबाजी कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।।

### भाजपा नेता ने किया जनता बस सेवा का शुभारंभ

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जनता बस सेवा का शुभारंभ मंगलवार को परिवहन निगम कर्मियों की मौजूदगी में सांगीपुर के नवहा से किया गया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के.के. सिंह व राकेश प्रताप सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। नई बस के संचालन पर क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जताई है। यह बस प्रतिदिन सुबह आठ बजे नवहा से सांगीपुर, लालगंज होते हुए 9:55 बजे पर प्रतापगढ़ पहुंचेगी। बस वहीं से पुन: 10:30 बजे इसी रास्ते वापस नवहा 12:30 बजे पहुंचेगी। दोपहर 1 बजे यह बस इसी रास्ते से प्रतापगढ़ जाएगी। इस दौरान परिवहन विभाग के वरिष्ठ संचालक सहायक कुलदीप तिवारी, स्थापना बाबू सुरेंद्र सिंह, राम सजीवन वर्मा, कृष्ण कुमार, देवानंद शुक्ल, राम सजीवन गुप्ता, बोड़ई यादव, विभव, राहुल, त्रिलोकी सिंह, संजय, जय प्रकाश तिवारी, सचिन सिंह, मौजूद रहे।



बस को रवाना करते भाजपा नेता केके सिंह।

# मतदाता सूची सुधारने के लिए बूथ पर रोज दो घंटे रहेंगे बीएलओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 27 फरवरी तक फॉर्म 6, 7, 8 के साथ उपलब्ध रहेंगे बीएलओ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को प्रभावी बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने अहम निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत आगामी 27 फरवरी तक प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) प्रतिदिन दो घंटे मौजूद रहेंगे। यह व्यवस्था सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लागू रहेगी, ताकि मतदाताओं को फॉर्म भरने और सूची से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सहूलियत मिल सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को बताया कि इस अवधि में सभी बूथों पर बीएलओ के पास फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ने), फॉर्म-7 (नाम हटाने) और फॉर्म-8 (संशोधन) के साथ ड्राफ्ट मतदाता सूची, मतदाता सूची से हटाए गए नामों की सूची और वर्ष 2003 की मतदाता सूची भी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा प्रत्येक बूथ पर वोटर असिस्टेंट बूथ भी स्थापित किए जाएंगे, जहां मतदाता अपनी मैपिंग भी करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। जिन मतदाताओं की मैपिंग अब तक नहीं हो पाई है, उन्हें नोटिस भेजकर अभिलेखीय साक्ष्य मांगे जा रहे हैं। 6 से 27 फरवरी तक नोटिस चरण में सुनवाई, सत्यापन और दावों-आपत्तियों का निस्तारण, 6 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# जाति-धर्म के आधार विभाजन की राजनीति करने वाले दलों पर रोक का प्रावधान नहीं

विधि संवाददता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजनीतिक दलों द्वारा जातीय रैली के के विरुद्ध दाखिल एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्तमान कानून के तहत किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल को केवल इस आधार पर चुनाव लड़ने से पूरी तरह प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता कि वह जाति या धर्म के आधार पर मतदाताओं को प्रभावित कर रहा है। कोर्ट ने कहा है कि यह विषय विधायिका का है कि वह इस संबंध में कानून बनाए। चुनाव आयोग भी किसी भी राजनीतिक दल का पंजीकरण इस आधार पर समाप्त नहीं कर सकता।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की ओर से वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने याचिका पर विस्तृत निर्णय पारित करते हुए कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8-ए ही एकमात्र प्रावधान है। जिसके तहत चुनावी कदाचार के मामलों में अयोग्य ठहराया जा सकता, वह भी तब जब संबंधित व्यक्ति को दोषसिद्ध करार दिया जा चुका हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति पर पूर्व-प्रतिबंध लगाने का अधिकार वर्तमान में कानून में उपलब्ध नहीं है। यह विषय पूर्णतः विधायिका के क्षेत्राधिकार में आता है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव आयोग को भी किसी राजनीतिक दल का पंजीकरण समाप्त करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। सिवाय उन सीमित परिस्थितियों के जो सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित की गई हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल की मान्यता को चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश, 1968 के पैरा 16-ए के तहत निलंबित या वापस लिया जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में भी नए या अतिरिक्त प्रावधान जोड़ने का अधिकार सिर्फ विधायिका को है, न कि न्यायालय को। कोर्ट ने अपने निर्णय में एक व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि जाति और धर्म आधारित संकीर्ण सोच का स्थायी समाधान सिर्फ कानूनों के माध्यम से संभव नहीं है, इसके लिए परिवार और शिक्षा प्रणाली में सही मूल्यों का संचार आवश्यक है, ताकि भावी नागरिक संविधान की भावना, विशेषकर अनुच्छेद 51-ए(ई) में निहित भ्रातृत्व और सामाजिक समरसता के आदर्शों को आत्मसात कर सकें।

### जातीय रैलियों पर प्रदेश में है प्रतिबंध

- कोर्ट ने पाया कि 21 सितंबर 2025 को एक शासनादेश जारी करते हुए, राज्य सरकार ने प्रदेश में जातीय रैलियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। उक्त शासनादेश में कहा गया है कि राजनीतिक उद्देश्यों से आयोजित जातीय रैलियां समाज में जातीय संघर्ष को बढ़ावा देती हैं जो लोक व्यवस्था और राष्ट्रीय एकता के विपरीत है लिहाजा इन पर उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कोर्ट ने कहा कि यदि उक्त शासनादेश का अनुपालन नहीं हो रहा तो याची पर्याप्त आंकड़े एकत्रित कर, जनहित याचिका दाखिल कर सकता है।

# पंचायत चुनाव अप्रैल से जुलाई के बीच : राजभर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 28 को आएगी मतदाता सूची, मंत्री बोले- बैलेट पेपर से चुनी जाएगी 'गांव की सरकार'

**अमृत विचार:** यूपी सरकार ने पंचायत चुनाव को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मंगलवार को वाराणसी में इस संबंध में बड़ा बयान देते हुए कहा कि पंचायत चुनाव अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच संपन्न कर लिए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया दो चरणों में होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचायत चुनाव ईवीएम नहीं बल्कि मतपत्रों के माध्यम से होंगे।

ओमप्रकाश राजभर ने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी 2026 को होगा। उन्होंने संभावित उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे अंतिम सूची आने से पहले अपने समर्थकों के नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि यूपी के हर जिले में चुनाव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और बैलेट पेपर सभी जिलों में पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच संपन्न कर लिए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहले चरण में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और जिला पंचायत सदस्यों के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के अप्रत्यक्ष चुनाव होंगे। इस दौरान ओपी राजभर ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देश संविधान के अनुसार चलता है और किसी शंकराचार्य के बयान से संविधान नहीं बदलेगा। सरकार संविधान के अनुसार ही चल रही है और किसी के कहने से नया कानून नहीं बनेगा। पंचायती राज मंत्री ने साफ किया कि पंचायत चुनाव तय समय पर होंगे और यूपी सरकार इसकी पूरी तैयारी कर चुकी है।

संवाद

**नियमित चेकअप से रुक सकता कैंसर, महिलाएं 40 वर्ष की आयु के बाद स्तन कैंसर के लिए वार्षिक मैमोग्राफी, तीन साल में पैप स्मीयर परीक्षण कराएं**

# लाइफ स्टाइल में बदलाव और एक्सरसाइज ही कैंसर से बचाव : डॉ अर्जुन

**विश्व कैंसर दिवस आज**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लाइफ स्टाइल में बदलाव और रेगुलर एक्सरसाइज करने से कैंसर से बचाव किया जा सकता है। खानपान बेहतर रखने के साथ रेगुलर एक्सरसाइज करने से शरीर में अच्छे हार्मोंस पैदा होते हैं, जो कैंसर सेल को शरीर में एक्टिव होने से रोकने का कार्य करते हैं। 40 वर्ष की आयु के बाद सभी महिलाओं को स्तन कैंसर के लिए वार्षिक मैमोग्राफी और हर तीन साल में पैप स्मीयर परीक्षण कराना चाहिए। प्रत्येक पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर के लिए हर तीन साल में सीरम पीएसए परीक्षण कराना चाहिए, ताकि यह मालूम हो सके कि शरीर के किसी हिस्से में कैंसर के सेल तो एक्टिव नहीं हो रहे हैं। यह कहना है कि रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं एमसीएच (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) डॉ. अर्जुन अग्रवाल का। अमृत विचार से हुई बातचीत में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि 70 प्रतिशत कैंसर का इलाज लाइफ स्टाइल में बदलाव और बेहतर डॉक्टर की सलाह से ली जा रही दवाइयों से संभव है। वह कहते हैं कि कैंसर सेल कहीं बाहर से शरीर में प्रवेश नहीं करते हैं। ये हमारे शरीर के अंदर ही होते हैं, जो हमारे बिगड़े खानपान, तंबाकू और बीड़ी-सिगरेट और कई अन्य कारणों से शरीर में एक्टिव हो जाते हैं। कैंसर का एक सेल दो, चार फिर 16 होते ही तेज गति से शरीर में फैलने लगते हैं।

डॉ. अर्जुन का कहना है कि शरीर में कैंसर के जो एक्टिव सेल हैं उन्हें खत्म करने के लिए समय पर इलाज जरूरी है। प्रथम और सेकेंड स्टेज में कैंसर को 90 या 100 प्रतिशत तक ठीक किया जा सकता है, लेकिन यदि थर्ड और फोर्थ स्टेज में कैंसर पहुंच गया तो रोगी को ठीक होने में काफी समय लग सकता है। कैंसर विशेषज्ञ का कहना है कि 90 प्रतिशत कैंसर का लाइफ स्टाइल से संबंध है। हैबिट्स, तंबाकू व बीड़ी से कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है। मुंह का कैंसर कॉमन है। ज्यादातर लोगों में तंबाकू ही कैंसर की वजह बनता है। यूपी में इसका प्रभाव सबसे ज्यादा है।

दूसरी वजह स्मोकिंग में बीड़ी व सिगरेट है। आजकल इसका प्रचलन ज्यादा है, इससे मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, बड़ी आंत का कैंसर, बच्चेदानी में कैंसर, खाने की नली का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना ज्यादा रहती है। तीसरा कारण डाइट है, हम लोगों को शुद्ध खाना खाने को नहीं मिल पाता है, पेस्टीसाइड, रसायन युक्त चीजें ज्यादा हैं। बोतल बंद पानी के दौरान माइक्रो प्लास्टिक हमारे अंदर चले जाते हैं, पर्यावरण प्रदूषण भी कैंसर का कारण बनता है। चौथा मोटापा है लेकिन एक्सरसाइज से कुछ अच्छे हार्मोंस जन्म लेते हैं, जो कैंसर सेल को रोकते हैं।



बातचीत करते कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल। अमृत विचार

### कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी कुछ हुआ बदलाव

कैंसर के इलाज पर फोकस करते हुए डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि अब कैंसर को आधुनिक इलाज से मात दी जा रही है। कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी कुछ बदलाव हुआ है। पहले के समय में एक मेजर सर्जरी होती थी, अब रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी आने के बाद कैंसर को हराना और आसान हो गया है। इम्यूनोथेरेपी भी इसमें शामिल है। यह ऐसा ट्रीटमेंट है, शरीर के जिस हिस्से में कैंसर पनपता है, उसी हिस्से की निगरानी कर वहीं पर कैंसर के सेल्स को खत्म करने का प्रयास किया जाता है। इम्यूनोथेरेपी आधुनिक कैंसर उपचार है, जो शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्मून सिस्टम) को कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए सशक्त बनाता है।

### ये हैं कैंसर के लक्षण

- डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि कैंसर होने के कई लक्षण हैं। पहला लक्षण वेट लॉस है। किसी पुरुष या महिला में छह से 12 महीने में पांच प्रतिशत या उससे अधिक वेट लॉस होता है तो यह कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। दूसरा लक्षण लगातार थकान होना है। तीसरा लक्षण मुंह, नाक, थूक, बच्चेदानी, लैट्रिंग के रास्ते खून आना है। चौथा लक्षण पीलिया और पांचवां लक्षण शरीर में किसी भी जगह पानी एकत्र होना है।

# सुरक्षा एजेंसियों की छापेमारी, दो युवकों को उठाया

## एनआईए, एटीएस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने युवक के घर की अत्याधुनिक मशीनों से ली सघन तलाशी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


रामलखन।


शेषनारायण मिश्रा।

**कार्रवाई**

● देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने की आशंका


टीम की कार्रवाई के बाद रामलखन पासी के घर के बाहर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह एनआईए, एटीएस व एसटीएफ की टीमें बाराबंकी आ धमकी। हिन्द अस्पताल से एक युवक को उठाने के बाद बदोसराय थाना क्षेत्र के खोर एत्मादपुर गांव पहुंची और युवक के घर को खंगाल डाला। सघन तलाशी के बाद कुछ न मिलने पर टीम लौट गई, वहीं इस गांव के ही दो युवकों को भी हिरासत में लिया है। कार्रवाई की खबर फैली तो हर तरफ चर्चा होनी लगी। सूत्रों के अनुसार इन सभी की संलिप्तता देशविरोधी गतिविधियों में पाई गई है।

जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की 15 सदस्यीय संयुक्त टीम मंगलवार की सुबह बदोसराय थाना क्षेत्र के खोर एत्मादपुर गांव पहुंच गई। यहां पहुंचते ही टीमों ने रामलखन नामक युवक जो हिन्द अस्पताल से उठाया गया था, के साथ घर के भीतर जाकर सघन तलाशी ली। इसके लिए टीमों ने अत्याधुनिक मशीनों का इस्तेमाल किया गया। एक साथ कई सारे वाहन पहुंचने से गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण वास्तविक मामला जानने की कोशिश में जुट गए, हालांकि सभी को इस कार्रवाई से दूर रखा गया। टीम के यहां से जाने के बाद संदिग्ध रामलखन के छोटे भाई शिवम ने बताया कि उनकी मां का ऑपरेशन सफेदाबाद स्थित हिंद अस्पताल में हुआ है और रामलखन वहीं मौजूद था। जहां से टीम सुबह करीब साढ़े 8 बजे उसे हिरासत में लेकर आई। शिवम के अनुसार, टीम ने करीब एक घंटे तक घर की तलाशी ली, लेकिन कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। साथ ही बताया कि रामलखन खेती के साथ-साथ अन्य प्रांतों में मजदूरी का काम भी करता है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई संदिग्ध युवक के कथित देशविरोधी या आतंकी गतिविधियों में शामिल होने की आशंका के आधार पर की गई है। टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही, हालांकि पुलिस इस बारे में किसी जानकारी से बचती नजर आई। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि केन्द्रीय जांच एजेंसियों ने कार्रवाई की है। यह कार्रवाई किस प्रकरण को लेकर है, इसकी जानकारी नहीं है।

### जांच में गतिविधियां संदिग्ध, रडार पर तीन चेहरे

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम खोर एत्मादपुर के रहने वाले रामलखन पासी के अलावा इसी गांव के शेष नारायण मिश्रा और आदित्य तिवारी नाम के युवक भी टीमों के रडार पर आ गये। जिसके बाद टीमें इन्हें साथ लेकर चली गई। सूत्रों के अनुसार आदित्य को टीम ने लखनऊ में दबोचा है। उधर परिजन भले ही बता रहे हैं कि रामलखन मजदूरी करता है पर सूत्रों के हवाले से पता चला कि वह लंबे समय तक जम्मू में रहने के बाद दिल्ली रुका फिर बीमार मां को देखने बाराबंकी आ गया। जिसकी गतिविधियां संदिग्ध देखी जा रही थीं। एक ग्रामीण ने बताया कि रामलखन व शेषनारायण मोबाइल पर बात करने गांव से बाहर जाते फिर घंटों बाद वापस लौटते थे। वहीं चर्चा यह भी है कि यह सभी फर्जी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का गिरोह चला रहे थे और इनके संपर्क देश के बाहर भी थे। टीमें तीनों संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। आधिकारिक तौर पर कुछ कहना मुश्किल है लेकिन एनआईए, एटीएस जैसी एजेंसियों का इस तरह छापेमारी करना मामूली बात नहीं है। वहीं इस छापेमारी को लेकर चर्चा गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक होती रही।

**न्यूज ब्रीफ**

### शिकायत निवारण को लेकर हुई समीक्षा गोष्ठी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निवारण के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल में नियुक्त कर्मियों के साथ एनसीआरपी (राष्ट्रीय साइबर रिपोर्टिंग प्लेटफार्म) पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निवारण के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी। जनता में साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रभारी साइबर क्राइम थाना निरीक्षक संजीव कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### एएसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मंगलवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए गए। एएसपी दक्षिणी रितेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में मंगलवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। एएसपीने पुलिसकर्मियों, रिक्रूट आरक्षियों की परेड, अनुशासन की भी समीक्षा की।

### ड्रोन कैमरा के नाम पर ढाई लाख की ठगी

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** बड्डूपुर क्षेत्र में एक युवक से ड्रोन कैमरा दिलाने के नाम पर ठगों ने दो लाख 49 हजार 745 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम हाजीपुर मजरे बुढ़ना निवासी पीड़ित विवेक कुमार पुत्र राम प्रकाश के अनुसार अज्ञात व्यक्ति ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से वीडियो कॉल व स्क्रीनशॉट भेजकर ड्रोन कैमरा बेचने का झांसा दिया। आरोपी ने विश्वास में लेकर जी-पे और फोन-पे के माध्यम से एयरटेल पेमेंट बैंक के अलग-अलग खातों में कुल 2,49,745 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित का कहना है कि यह रकम उसने 16 से 25 जनवरी के बीच अपने खाते से भेजी थी।


# दिन में घना अंधेरा, बारिश संग गिरी बिजली

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एक दिन पहले उबाऊ मौसम के बाद मंगलवार की सुबह का नजारा अचानक बदल गया। सुबह कोहरे के बाद तेज हवा के बीच अंधेरा पसर गया, वहीं घने बादल काफी देर तक बरसे तो कहीं कहीं ओले भी गिरे। इस बीच हैदरगढ़ क्षेत्र में बिजली गिरने से एक मकान को काफी नुकसान पहुंचा, वहीं बारिश का विपरीत असर आलू व सरसों पर पड़ा है।

मंगलवार की सुबह लोगों की आंख खुली तो कोहरा छाया हुआ था। इसके बाद करीब दस बजे मौसम ने करवट ली और आसमान पर घने बादल छा गए, अंधेरे ने इस तरह कब्जा किया कि लोगों को घर में लाइट जलानी पड़ गई। कुछ ही पलों में तेज व धूल भरी हवाएं चलीं तो बूंदाबांदी ने बारिश का रूप ले लिया। करीब एक घंटे तक पानी बरसता रहा। शहर में तो नही पर ग्रामीण इलाकों में ओले गिरने की सूचना मिली है। हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार कोठी वार्ड में मंगलवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से तीन मंजिला मकान की छत दरक गई, यही नहीं पूरे मकान की बिजली वायरिंग जलकर नष्ट हो गई। सुबह अचानक खराब हुए मौसम के बीच लगभग साढ़े दस बजे आसमान में चमकी बिजली संदीप कुमार के मकान के एक हिस्से पर गिर पड़ी। छत में गहरी दरार आ गई, यही नहीं पूरे मकान की वायरिंग जल गयी।

**किसान की कामना, अब न हो बारिश :** मंगलवार को हुई बारिश का विपरीत असर आलू व सरसों पर पड़ा है। तेज बारिश से बालियां व फूल गिरने का नुकसान है। अन्य फसलों पर कोई खास असर नही पड़ता दिखा है। उपकृषि निदेशक प्रसार डीके सिंह ने बताया कि और बारिश न हो तभी ठीक है।


सुबह के समय छाया अंधेरा, हेडलाइट जलाकर चले वाहन।


घर पर गिरी आकाशीय बिजली। ● अमृत विचार

### आकाशीय बिजली गिरने से फुंके उपकरण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार सुबह बिगड़े मौसम के बीच आकाशीय बिजली एक और जगह गिरी। जानकारी के अनुसार सतरिख थाना क्षेत्र के ग्राम बेंचनलालपुरवा में गड़गड़ाहट के बीच बिजली यहां के रहने वाले अशोक कुमार के घर पर गिरी। इस घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन घर में रखे बिजली के उपकरण जल गए, वहीं घर की दीवारों मे दरार आ गई। बिजली गिरने से परिवार के लोग व ग्रामीण दहशत में आ गए। बाद में घर की क्षति देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## एचटी लाइन पर गिरी डाल

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार सुबह चंदौली सब स्टेशन से मसौली तक आई 33 केवी लाइन पर पिपराथा जंगल क्षेत्र में बेर के पेड़ की एक बड़ी डाल गिर गई, जिससे लाइन में फाल्ट आ गया और मसौली उपकेन्द्र से जुड़ी बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कंट्रोल रूम पर तैनात कर्मचारियों ने तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद लाइन की पेट्रोलिंग शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद गिरी हुई डाल को हटाया गया और मरम्मत कार्य पूरा कर दिन में करीब साढ़े तीन बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। सुबह 9 बजे से साढ़े तीन बजे तक चली इस छह घंटे की कटौती से उपकेन्द्र मसौली के फीडर देवलिया, बड़ागांव, मसौली, धरौली, ज्योरी, गुरेला, मुजापुर, रहरामऊ, सादामऊ, नेवला करसण्डा, करपिया, नसीरनगर, कपरियनपुरवा सहित लगभग 200 गांवों के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

## शादी का झांसा देकर साल भर तक करता रहा दुष्कर्म

● आरोपी की आज जानी थी बारात पहुंच गया जेल

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक गांव की दलित युवती ने ग्राम प्रधान के पुत्र पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

यह कार्रवाई युवक की शादी से ठीक एक दिन पहले की गई, जिससे उसके परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। 23 वर्षीय पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक ने उससे विवाह का वादा कर करीब एक वर्ष तक उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। आरोप है कि युवक ने दवा देकर उसका गर्भपात भी करा दिया। बाद में जब युवती को पता चला कि युवक किसी अन्य युवती से विवाह करने जा रहा है तो उसने उससे शादी की बात की, लेकिन आरोपी ने इनकार कर दिया।

इसके बाद पीड़िता ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की। आरोपी युवक की बारात चार फरवरी को जानी थी और शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन गिरफ्तारी से परिजनों में हड़कंप मच गया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। जांच में गर्भपात कराए जाने की पुष्टि हुई है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## किसान नेता की हत्या का खुलासा जल्द

अमृत विचार Follow UP

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भाकियू महिला विंग अध्यक्ष की हत्या के प्रकरण में पुलिस खुलासे के करीब पहुंच गई है। बहुत जल्द इस घटना पर पड़ा रहस्य का पर्दा उठ जाएगा। उधर मृतका के पति की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बताते चलें कि नगर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह भारतीय किसान यूनियन (अवध गुट) महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुनीता कश्यप का खून से लथपथ शव खजूर गांव के पास नहर के किनारे एक खेत में पड़ा मिला था। गुजर रहे ग्रामीणों ने शव देखा तो भीड़ जुट गई, वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की ससुराल असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम अशरफपुर में है जबकि वह मूल रूप से जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बाबू का पुरवा की रहने वाली थी। घटनास्थल के अनुसार सुनीता के सिर पर किसी भारी चीज से वार के कई निशान मिले थे। पुलिस की जांच में यह स्पष्ट हो गया कि महिला की हत्या की गई है।

घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं, पूछताछ व सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल के बाद पुलिस खुलासे के बिल्कुल करीब है, यहां तक कि हत्यारे का पता चल गया है, बस पुलिस उसे दबोचने के प्रयास में जुटी है। माना जा रहा कि बुधवार तक पुलिस इस मामले पर पड़ा पर्दा हटा देगी। सूत्रों की माने तो महिला का किसी से विवाद तो चल ही रहा था, वहीं उसी युवक के साथ रह भी रही थी। क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार ने बताया कि पुलिस की जांच प्रगति पर है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### वृद्धा की नहीं हुई थी हत्या

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र के बंकी कस्बा में दक्षिण टोला में जिस वृद्धा की हत्या कर गहने लूटने का दावा किया जा रहा था, उसमें हत्या की बात स्पष्ट नहीं हुई है। दक्षिण टोला की रहने वाली शकुंतला शुक्ला (81) सोमवार को अपने घर में मृत अवस्था में मिली थीं, वहीं उनके हाथ के कंगन व कानों की बालियां गायब मिलीं। परिजनों का दावा था कि घर के पिछले दरवाजे से बदमाश आए और बुजुर्ग की हत्या कर गहने लूट ले गए। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था, जहां से मिली रिपोर्ट के अनुसार महिला पर किसी तरह का हमला नहीं हुआ न ही गला दबाया गया। अब पुलिस ने जांच की दिशा बदल दी है। सीओ सिटी संगम कुमार ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में वृद्धा की मौत स्वाभाविक है। जांच की जा रही है।

### धनुष यज्ञ लीला का मंचन देख दर्शक रोमांचित


आरती करते आयोजन समिति के अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम फतेहपुरवा में आयोजित चार दिवसीय रामलीला धनुष यज्ञ कार्यक्रम का अंतिम दिन मंगलवार को समस्तीपुर (बिहार) के कलाकारों द्वारा रूप से मंचित किया गया। सीता स्वयंवर के दौरान मोटे राजा और लखुपतिया के किरदारों ने हास्य का सुमधुर प्रदर्शन कर दर्शकों को प्रफुल्लित किया। कार्यक्रम में रावण और बाणासुर के बीच वाक युद्ध ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। राजा जनक के करुण विलाप, राम द्वारा शिव धनुष का खंडन, और परशुराम व लक्ष्मण के बीच वाक युद्ध ने उपस्थित जनमानस को वीररस और करुण रस का अनुभव कराया। भगवान राम के अपने अनुज लक्ष्मण के प्रति करुण विलाप ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला आयोजक समिति के अध्यक्ष बनर्जी वर्मा, उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष मंदीप वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, भुनेश्वर बख्स सिंह, दिनेश वर्मा, संदीप वर्मा, बब्लू वर्मा, पवन वर्मा, मुकेश यादव, प्रवीण वर्मा (डेढ़वा), शीटू वर्मा सहित सैकड़ों पुरुष और महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आरती के साथ किया गया।

### वेतन भुगतान में देरी पर शिक्षक संघ ने उठाई आवाज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी ने जनवरी 2026 माह के वेतन भुगतान में हो रही देरी को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है। संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला लेखाधिकारी (बेसिक) को पत्र भेजकर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि राज्य कर्मचारियों से मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराए जाने के निर्देश मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए थे। लगभग 47,816 कार्मिकों का संपत्ति विवरण दर्ज न होने के कारण वेतन भुगतान बाधित हो गया है। संघ ने स्पष्ट किया कि परिषदीय शिक्षक इस श्रेणी में नहीं आते हैं, लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा इस विषय में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए जाने से शिक्षकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है। संघ ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि शिक्षकों का वेतन समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी से राहत मिल सके।

### पोल्ट्री व्यवसायियों ने बनाई एसोसिएशन

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगों ने मंगलवार को बड़ेल ओवरब्रिज के निकट एक लॉन में बैठक कर बाराबंकी लाइव वर्ड एसोसिएशन का गठन किया। बैठक में अंश एग्रोवेट ग्रुप के कुलदीप सिंह को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया, जबकि श्री गौरी इंटरप्राइजेज के रंजीत सिंह, गौरव सिंह और इजहार अहमद को उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए रंजीत सिंह ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य मुर्गीपालन में सुधार करना, तकनीकी सहायता प्रदान करना और किसानों को उचित बाजार दिलाना है, जिससे व्यवसाय में सरकारी सहयोग भी सुनिश्चित हो सके। संगठन के विस्तार के लिए बाराबंकी के अलावा जगदीशपुर, लखनऊ, गोंडा, बहराइच सहित अन्य जिलों के पोल्ट्री व्यवसायियों को जोड़े जाने की अपील की गई। लाइव वर्ड एसोशिएशन के गठन के मौके पर मो. मेराज, मो. शादाब, मो. मुस्लिम, मो. शमीम, शेरा भाई, लखनऊ के उमेर, रंजीत, समीर, गोंडा के रवि सिंह, अली, बप्पू तिवारी, बहराइच के महेंद्र सिंह सहित कई व्यवसायी सदस्य बने।

### स्मृति उपवन में मनी सुरेंद्रनाथ अवस्थी की पुण्यतिथि


प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व विधायक व पूर्व एमएलसी स्व. पं. सुरेंद्रनाथ अवस्थी 'पुत्तू भैया' की 14वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ग्राम्यांचल महाविद्यालय के स्मृति उपवन में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर परिजनों व गणमान्य लोगों ने उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उनके पुत्र शरद अवस्थी, आशुतोष अवस्थी 'टिंकू', सिद्धार्थ अवस्थी, पौत्र विश्रुत अवस्थी सहित पूरे अवस्थी परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित की। महाविद्यालय परिवार के शिक्षाविदों व कर्मचारियों ने भी ग्राम्यांचल परिवार के संस्थापक को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, चेयरमैन आलोक तिवारी ने स्व. अवस्थी के साथ बिताए गए संस्मरण साझा करते हुए कहा कि वे वैचारिक रूप से सदैव हमारे हृदय में जीवंत रहेंगे। कार्यक्रम में राजेश प्रताप सिंह, गंगा बक्श सिंह, शिवकुमार चतुर्वेदी, दिनेश शुक्ला, राजकुमार अग्रवाल, सरवर सिद्दीकी, ग्राम्यांचल लॉ कॉलेज की सह-प्रबंधक श्रुति अवस्थी, एच.के. शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, माता-पिता धाम के पंकज मिश्रा, राहुल दीक्षित, नितिन मौर्य, सोनू द्विवेदी, अरुण मौर्य बाबू, भोला शुक्ला, विनोद चौहान, महेंद्र मिश्रा, वेद प्रकाश वाजपेयी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**आयोजन**

पीएम-अजय योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाना लक्ष्य

टिकैतनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत ग्रांट-इन-एड घटक में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलवार को मां शारदा देवी महाविद्यालय नियामतगंज में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) नीलम सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा अनुसूचित जाति वर्ग को शिक्षा, प्रशिक्षण और स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की है।



छात्र को किट देते राज्यमंत्री सतीश शर्मा व प्रबंधक रविकांत गोस्वामी। ● अमृत विचार

पीएम-अजय योजना इसी उद्देश्य से लागू की गई है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) अभिलाषा त्रिपाठी ने कहा कि पीएम-अजय योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कौशल विकास के साथ स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। विभाग का प्रयास है कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी ढंग से पहुंचे। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह, संस्थान के प्रबंधक रविकांत गोस्वामी, चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह 'मिंटू', सहायक प्रबंधक विकास प्रियदर्शी, सहायक विकास अधिकारी अरविंद सोनिया, संतोष शुक्ला, जैनेन्द्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, लवकुश पांडेय, सूर्यवीर सिंह, शक्ति गोस्वामी, प्रशिक्षण पार्टनर अदीत वाजपेयी, सुशील कुमार यादव, साधू वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लापता युवक का फंदे से लटका मिला शव

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तीन दिन से लापता युवक का शव बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता हुआ मिला। वहीं शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला कचेहरान निवासी नवविवाहित युवक सचिन लोधी (28) पुत्र प्रकाश लोधी का शव मंगलवार सुबह देवा-फतेहपुर मार्ग पर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के बगल स्थित बाग में पेड़ से लटका मिला। खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीओ सिटी संगम कुमार और कोतवाली देवा प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार सचिन लोधी बीते तीन दिनों से लापता था। शव काफी समय पुराना होने के कारण पूरी तरह से काला पड़ चुका था, जिससे मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रहीं। जानकारी के अनुसार युवक की शादी करीब सात माह पहले हुई थी, जबकि उसकी पत्नी लगभग एक माह से मायके में रह रही है। मंगलवार सुबह बाग के पास मवेशी चराने गए लोगों ने पेड़ से लटका शव देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन के साथ कथा का समापन


श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का मंचन करते कलाकार।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी उत्तर टोला स्थित स्कूल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का अंतिम दिन मंगलवार को मनोहारी ढंग से संपन्न हुआ। स्वामी गोविंदाचार्य महाराज ने श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह उत्सव के पश्चात की कथा सुनाई और भक्तों को समझाया कि भगवान का नाम पाकर, यदि कोई दीन भाव से परमात्मा को पुकारे तो भगवान उसी की सहायता को दौड़ कर आते हैं। कथा में श्री शुकदेव जी ने परीक्षित को बताया कि भगवान ने गिरगिट रूप में जन्मे राजा नल का उद्धार किया, जरासंध और शिशुपाल जैसे राक्षसों का संघार किया। इसके अलावा नवयोगेश्वर संवाद, दत्तात्रेय जी द्वारा चौबीस गुरुओं की स्थापना और परीक्षित का स्वधाम गमन जैसी घटनाओं का वर्णन किया गया। साथ ही श्री कृष्ण और सुदामा के चरित्र का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया गया। भागवत कथा के समापन पर सभी भक्तों ने भगवान का पूजन और व्यास जी का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा आयोजक अशोक मौर्य ने बताया कि बुधवार को हवन उपरांत भंडारे का आयोजन होगा।


# मौसम बदलने से सरसों व आलू किसानों के माथे पर आया बल

## मंगलवार सुबह कोहरे व बारिश से बढ़ीं अन्नदाताओं की मुश्किलें

परियर उन्नाव



तेज हवा व बारिश से गिरी गेहूं की फसल।



सुबह के समय छाये अंधेरे में लाइट जलाकर निकलते वाहन सवार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मंगलवार सुबह से फिर से मौसम में बदलाव का दौर शुरू हो गया। सुबह से आसमान में कोहरा व बादल छाए रहे। कुछ देर बाद बारिश होने लगी। मौसम के बदले मिजाज से अन्नदाता की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

किसानों ने बताया कि क्षेत्र में आलू की खुदाई कुछ दिनों में शुरू होने वाली है। सरसों में भी फलियां आ गई हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक सुबह से आसमान में बादल व कोहरा छाया रहा। मौसम में बदलाव के चलते गेहूं सरसों व आलू किसानों की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। नरेश, गनेश, राम खेलावन, छुन्नू, रमेश आदि किसानों का कहना है कि यदि अब तेज बारिश होती है तो सरसों, आलू व गेहूं की फसल बर्बाद हो जाएगी। तेज हवा से गेहूं व सरसों की फसल गिरने की सम्भवना है। जिला कृषि अधिकारी शशांक ने बताया कि अगले कुछ दिन और मौसम ऐसे ही रहेगा। सामान्य बारिश से फसलों को कोई नुकसान नहीं होगा। यदि बारिश के साथ तेज हवा व ओलावृष्टि होती है तो सभी फसलों को नुकसान होगा।

### झमाझम बारिश से गेहूं किसानों के चेहरे खिले

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** मंगलवार सुबह अचानक बदले मौसम ने लोगों को चौंका दिया। सुबह से आसमान में घने बादल छाए रहे और करीब साढ़े आठ बजे आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। कुछ देर के लिए दिन में ही अंधेरा छा गया। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल बढ़वार पर है और बारिश का पानी गेहूं के लिए अमृत के समान साबित हो रहा है। खेतों में नमी बढ़ने से फसल लहलहाने लगी है, जिससे गेहूं उत्पादकों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं दूसरी ओर आलू की फसल तैयार है और कई स्थानों पर खुदाई भी शुरू हो चुकी है। लगातार बारिश से आलू के सड़ने का खतरा बढ़ गया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से सरसों की पकी फसल भी खेतों में गिर गई है। ऐसे में कटाई के दौरान दाने झड़ने की आशंका है। हालांकि चना, अरहर, गोभी, मटर और टमाटर जैसी फसलों के लिए यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है। उधर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के निचले इलाकों में जलभराव से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### आंधी-पानी से चरमराई नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) :** मंगलवार सुबह आई आंधी-पानी ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवा व बारिश के चलते कई स्थानों पर फाल्ट हो गया। जिससे घंटों आपूर्ति बाधित रही। ब्रेकडाउन के कारण नगर के फीडर 2, 3 व मिश्रा कॉलोनी की बिजली सुबह साढ़े आठ बजे बंद हो गई। बारिश थमने के बाद विद्युत कर्मियों ने पेट्रोलिंग कर फाल्ट तलाशा और मरम्मत शुरू की। कुछ क्षेत्रों की आपूर्ति बहाल कर दी गई लेकिन पश्चिमी क्षेत्र में समस्या बनी रही। दोबारा जांच के दौरान गोताखोर मोहल्ले में एचटी केबल दगी मिली। इस पर ट्रांसफार्मर से फ्यूज हटाकर अन्य क्षेत्रों की आपूर्ति चालू की गई। गोताखोर क्षेत्र की बिजली शाम 5 बजे मरम्मत पूरी होने के बाद बहाल हो सकी। लगातार फाल्ट व ब्रेकडाउन से विद्युत कर्मियों को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आपूर्ति प्रभावित रही।

**न्यूज ब्रीफ**

### मारपीट में मां-बेटे घायल, 4 पर रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मंशाखेड़ा निवासी दीदी पत्नी मैकू ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह सात बजे पड़ोसी मन्टानी, रोहित, छोटू पुत्र गयाप्रसाद व गया पुत्र हीरालाल पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इसके बाद महिला बेहोश हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा और आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**उन्नाव, अमृत विचार :** माखी थाना व गांव निवासी वंश (18) पुत्र कालीशंकर मंगलवार दोपहर किसी काम से सोहरामऊ कस्बा आया था। तभी लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोहरामऊ थाना के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे नवाबगंज सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

### नाबालिग पौत्री पर जेवर ले जाने का आरोप

**उन्नाव, अमृत विचार :** आसीवन थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्ध महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वे नाबालिग पौत्री को घर में छोड़कर काम से कुरसठ गई थी। तभी मौका पाकर उसने घर में रखें छोटी बहू के सोने-चांदी के जेवर व बैंक पासबुक लेकर चली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कल्लूपुरवा गोलीकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कल्लू पुरवा गांव में रविवार रात नशेबाजी का विरोध करने पर अधेड़ को गोली मारने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इधर एसएसपी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गंगाघाट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि 1 फरवरी को जानकी पत्नी ओमप्रकाश निवासी कल्लूपुरवा ने तहरीर देकर बताया था कि उनके पति ओमप्रकाश को आरोपियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। इस संबंध में पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में शिवम, विशाल, विकास व बुद्धीलाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान सोमवार को पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त गुर्रीपुरवा निवासी शिवम पुत्र हेमनाथ, तथा कल्लूपुरवा निवासी विशाल पुत्र श्रीराम को चंदनघाट ढाल के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान शिवम के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस नाल में फंसा हुआ तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाई गई। जिसके बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में खड़े आरोपी। ● अमृत विचार

● **तमंचा और कारतूस बरामद, अन्य आरोपियों की तलाश के लिये पुलिस दे रही दबिश**

### सूने घर से चोरों ने पार की नकदी और जेवर

**उन्नाव, अमृत विचार :** तिलक समारोह में शामिल होने गये किराना व्यवसायी के घर को चोरों ने निशाना बनाकर नगदी व जेवर पार कर दिए। माखी थानाक्षेत्र के कोरारी कलां गांव निवासी ब्रजेश पुत्र गिरजा शंकर गांव से दो किमी आगे चकलवंशी-संडीला मार्ग पर मेथीटीकुर गांव के पास किराना की दुकान किए है। सोमवार शाम वह पत्नी पुष्पा, बेटे आशीष व बहू कोमल के साथ गांव में अपने भतीजे अंकुश के तिलक में शामिल होने गए थे। इसका फायदा उठाकर चोरों ने सुनसान घर पाकर धावा बोल दिया। चोर मकान के पीछे से दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुए और मुख्य द्वार की कुंडी अंदर से बंद कर दी। इसके बाद कमरे व बक्से का ताला तोड़कर नगदी व जेवर सहित तीन बोरी गुटखा उठा ले गए। एसओ योगेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले जांच की जा रही है।

# डीसीएम ने युवक को रौंदा, मौके पर मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** बाबा के घर से लौटते समय सड़क पर लड़ रहे आवारा मवेशियों से बच कर भागे युवक को तेज रफ्तार डीसीएम ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। इसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। बाबा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

अचलगंज थानाक्षेत्र के बदरका गांव निवासी अनुराग दीक्षित का दूसरा मकान गांव के बाहर सड़क किनारे बना है। जहां उसके पिता श्यामसुंदर व छोटा भाई रहते हैं। अनुराग अपनी पत्नी निशी के साथ शिकोहाबाद एक शादी में शामिल होने गया थे। इससे सोमवार रात उसका बेटा दीपांशु (18) छोटे भाई गोलू के साथ बाबा के घर खाना खाने गया था। जहां से दोनों भाई गांव के अंदर वाले घर लौट रहे थे। तभी अचलगंज-बदरका मार्ग पर आवारा मवेशी लड़ रहे थे। जिनसे बचने के लिए गोलू पीछे भाग गया। लेकिन दीपांशु भागते समय सड़क पर गिर गया। तभी आजाद मार्ग चौराहा से आई डीसीएम उसे रौंदते हुए निकल गई। इससे उसकी मौत हो गई। लोगों ने डीसीएम को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन चालक वाहन सहित भाग निकला। कुछ लोगों ने उसका नंबर नोट कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। दीपांशु की मौत से माता-पिता व बाबा का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने परिजनों को ढांढस बंधाया।



दीपांशु का फाइल फोटो। ● अमृत विचार

● **आवारा मवेशी से बच कर भागने पर हुआ हादसा**

# वीडीओ ने उच्चाधिकारियों के नाम पर प्रधान से मांगा चंदा

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचारः** हसनगंज ब्लाक मैं तैनात ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान का ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान से उच्चाधिकारियों को देने के लिए प्रतिमाह चंदा मांग रही हैं। जिस पर ग्राम प्रधान ने नाराजगी भी जाहिर की है। हालांकि ऐसे किसी भी वायरल ऑडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

सोमवार को ब्लॉक हसनगंज में ग्राम पंचायत सचिव के पद पर तैनात शिल्पी यादव व ग्राम पंचायत बाराबुजुर्ग ग्राम प्रधान जसवंत सिंह राजपूत के बीच बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा था। इसमें ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान से एडीओ, सीडीओ, डीपीआरओ को चंदा बीडीओ के माध्यम से पहुंचाने की बात कर रही हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि हर दूसरे-तीसरे महीने प्रति ग्राम पंचायत 10 से 12 हजार रुपए उच्चाधिकारियों के नाम से लिए जा रहे हैं। लाखों रुपए इसी में चले जाते हैं तो वे गांव का विकास क्या करेंगे। इसे लेकर बीडीओ हसनगंज ने बताया कि इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। मामले की जांच करवाई जाएगी।

● **ऑडियो वायरल, बीडीओ ने जानकारी से किया इनकार**

### पुराने सिक्कों से बच्चों ने जाना उसका इतिहास

**उन्नाव, अमृत विचार :** कालेज के विद्यार्थियों के लिए पुरानी देश-विदेश की मुद्रा प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबों से निकालकर व्यावहारिक इतिहास, भूगोल व अर्थशास्त्र से रूबरू कराना है। यह बात इंटर कॉलेज थाना के सहायक शिक्षक डॉ. प्रभात सिन्हा ने बच्चों को पुरानी भारतीय व विदेशी मुद्रा कलेक्शन को प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यालय में जानकारी देते हुए बताई। कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्याम सिंह ने कहा कि मुद्राएं केवल पैसे नहीं, बल्कि इतिहास की गवाह होती हैं। इस प्रदर्शनी का लाभ यह है कि बच्चों में संग्रह की प्रवृत्ति विकसित होगी और वे वैश्विक संस्कृतियों के प्रति अधिक जागरूक बनेंगे। इस दौरान बच्चे शिक्षकों से सिक्कों पर अंकित चित्रों, लिपि व ऐतिहासिक इमारतों के बारे में जानते रहे। प्रदर्शनी के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी थी।

# बाढ़ आपदा से बचाव के सिखाए तरीके

परियर उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी के प्रयास से मंगलवार को लखनऊ से आई एनडीआरएफ टीम कमांडर निरीक्षक दीपक कमलिया, कानपुर से एसडीआरएफ टीम कमांडर निरीक्षक अमित भार्गव द्वारा सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित गावों माना बंगला, बाबू बंगला, चंडी बंगला, देवीपुरवा, बंदन पुरवा, ललतु पुरवा, पनपथा के ग्रामीणों को बलखंडेश्वर मंदिर प्रांगण में बाढ़ आपदा से संबंधित जानकारी दी। जिससे वास्तविक आपदा की स्थिति में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

राहत व बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपदाओं के दौरान जनहानि कम करना व प्रभावितों को त्वरित सहायता देना है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व राहत बचाव कार्य प्रशिक्षण जागरूकता अभियान योजना से प्राथमिक चिकित्सा (CPR/AED), खोज-बचाव, मलबे से सुरक्षित निकालने व रस्सा तकनीक जैसे कौशल सिखाए जाते हैं। इस दौरान प्राथमिक चिकित्सा जीवन रक्षक सहायता घायल व हताहतों को ले जाने की तकनीकी स्टेचर मलबे से बचाव, बाढ़ पानी में राहत स्विफ्टवाटर रेस्क्यू व आग बुझाने के तरीके सिखाए गए। यह प्रशिक्षण कानूनगो बृजेश दीक्षित, लेखपाल प्रदीप कुमार की मौजूदगी में हुआ।





ग्रामीणों को प्रशिक्षण देते जवान। ● अमृत विचार

● **एनडीआरएफ टीम के कमांडर ने ग्रामीणों को बलखंडेश्वर मंदिर प्रांगण में किया जागरूक**

### माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में संपन्न हुआ सायोनारा-2026

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** कानपुर-लखनऊ राजमार्ग स्थित ग्रेट गैंजेस एजुकेशन सोसाइटी के अंतर्गत संचालित माउंट लिट्रा जी स्कूल के प्रांगण में सायोनारा-2026 का भव्य आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्था चेयरमैन संतोष गुप्ता व ज्वाइंट सेक्रेटरी कुमार अक्षय ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सर्वप्रथम कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के माथे पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक, नृत्य आदि प्रस्तुत कर अपने मन के भावों को प्रदर्शित किया। अंत में बच्चों को उनके द्वारा किये गए कार्यों व प्रस्तुतियों का एक वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। हर्षित सिंह को मिस्टर एमएलजेडएस व निहारिका वर्मा को मिस एमएलजेडएस घोषित कर उन्हें सम्मानित किया गया। अन्य छात्र-छात्राओं को भी सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। ज्याइट सिमेट्ररी कुमार अक्षय ने छात्रों द्वारा संचालित कार्यक्रम की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रथानाचार्या दीपमाला सिंह ने छात्र-छात्राओं को जीवन में सकारात्मक विचारों को अपनाने व आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ने का सन्देश दिया।



अतिथियों के साथ एमएलजेडएस मिस्टर एंड मिस हर्षित सिंह व निहारिका वर्मा।

# पाक कला में सफीपुर की मालती प्रथम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** निदेशक मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के निर्देशानुसार बीएसए कार्यालय प्रांगण में जिला स्तर पर रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें जिले के विभिन्न ब्लॉकों से परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 30 रसोइयों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ सीडीओ कृति राज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। डीआईओएस सुनील दत्त, बीएसए शैलेश पांडे सहित सभी निर्णायक मंडल टीम द्वारा रसोइयों द्वारा तैयार किए भोजन को चखा। जिसे रसोइयों ने चिट में निकले मेन्यू के अनुसार निर्धारित समय में तैयार किया था। सभी निर्णायकों ने प्रस्तुतीकरण, भोजन की गुणवत्ता, स्वाद के अनुसार सभी को अंक दिये। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 3500 रुपए व प्रमाणपत्र, द्वितीय विजेता को 2500 रुपए व प्रमाणपत्र और तृतीय विजेता को 1500 रुपए व सभी प्रतिभागियों को 300 रुपये व प्रमाणपत्र दिये गए। कार्यक्रम में सफीपुर से मालती ने प्रथम, बांगरमऊ से रानी देवी ने द्वितीय व सिकंदरपुर कर्ण से अनीता ने तृतीय पुरस्कार जीता।



भोजन का अवलोकन करतीं सीडीओ व भोजन चखती निर्णायक मंडल समिति।

● **बीएसए कार्यालय में हुई रसोइया पाक कला प्रतियोगिता**

### सड़क हादसों में वृद्ध सहित चार लोग घायल

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए 3 सड़क हादसों में 4 लोग घायल हो गए। माखी थानाक्षेत्र के रैनागढ़ी गांव निवासी खगेश्वर उर्फ जागे (35) मजदूरी करने जा रहा था। तभी शारदा नहर की पुलिया पर अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। वहीं, सफीपुर कस्बा के मंगल बाजार मोहल्ला निवासी रामबरन (35) बाइक से कस्बे के सराय सूबेदार मोहल्ला निवासी 85 वर्षीय गुरुप्रसाद के साथ आसीवन से लौट रहा था। मुंडा गांव के पास अचानक सामने कुत्ता आने से उसकी बाइक फिसल गई। इसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए। इसके अलावा सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सकहन राजपूतान गांव निवासी अश्वनी अपने 5 वर्षीय बेटे आर्यन को लेकर गांव के बाहर दुकान जा रहा था। तभी उसकी बाइक फिसल गई। इसमें आर्यन घायल हो गया।

# दो माह बाद पकड़ा गया महिला का हत्यारोपी

**उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज थानाक्षेत्र के मन्नाखेड़ा गांव में 10 दिसंबर की रात 55 वर्षीय महिला की गोली व धारदार हथियार से हत्या हुई थी। अचलगंज पुलिस को हत्या में शामिल युवक को पकड़ने में करीब दो माह बाद सफलता मिली है। बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र के मन्नाखेड़ा गांव निवासी राम खेलावन जल निगम में रायबरेली जिला के सलोंन तहसील के मियागंज रानीपारा में ट्यूबवेल आपरेटर है। उसके एक बेटा था जिसकी मौत हो गई थी। गांव के बाहर वह खेत के पास मकान बनाए था। वहां वह पत्नी नगीना (55) के साथ रहता था। 11 दिसंबर की सुबह गांव का एक युवक खेत में पानी लगाने के लिए जीन मांगने पहुंचा तो वहां नगीना का रक्तरंजित शव मिला था। साड़ी अलग पड़ी थी। उसमें भी रक्त के निशान थे। उसकी धारदार हथियार से हत्या किए जाने की आशंका जताई गई थी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक नगीना की गोली मारकर हत्या की गई थी। इसके साथ ही किसी नुकीली वस्तु के प्रहार से 8 चोटें भी मिली थीं। पति ने ऐसे तो किसी से रंजिश से इंकार किया था लेकिन उसने लालता पुत्र बैजनाथ निवासी बरकोता थाना बंथरा लखनऊ पर शक जताया था। उसने पुलिस को बताया था कि लालता का गांव में कई लोगों के यहां आना जाना था। वह शराब का लती व आपराधिक प्रवृति का था। इससे राम खेलावन ने उसे अपने घर आने से रोका था। इसी से वह खुन्नस रखता था। पुलिस ने जांच की तो लालता घटना वाले दिन से लापता था। सोमवार को पुलिस ने उसे आगरा एक्सप्रेस-वे के अंडर पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद हुआ है।

### सेल्समैन के सूने घर से लाखों के जेवरात पार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी चौकी अंतर्गत चंपापुरवा मनसुख खेड़ा निवासी जय कुमार ठाकुर सेल्समैन हैं। उनकी पत्नी ऊषा ने बताया कि सोमवार शाम पौने छह बजे वह मिश्रा कॉलोनी स्थित मायके गई थी और घर के मेनगेट पर ताला लगा दिया था। बेटी भी काम पर गई थी। जिससे घर खाली था। रात आठ बजे पति के आने के समय उन्होंने बहनोई कमलेश को चाबी देकर घर भेजा। वहां पहुंचने पर मेन गेट का ताला टूटा मिला। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो आलमारी का लॉकर भी टूटा था। पीड़िता के अनुसार चोर दो सोने की अंगूठी, तीन नाक की कील, नथ, मांग बेंदी, सोने का लॉकेट, चांदी की चेन व लॉकेट व 24 चांदी के घुंघरू समेत करीब 5 लाख के जेवर ले गए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध कैद हुए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। कोतवाल अजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। दो टीमें लगाई गई हैं।

● **आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए कुछ संदिग्ध**

### मादक पदार्थ के तस्कर को 14 साल की सजा

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** मादक पदार्थ के तस्कर को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी ठहराते हुए 14 साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने उस पर 1 लाख जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने 9 अगस्त-2023 को चेकिंग के दौरान अजय पाठक पुत्र सुनील निवासी पठखौली लम्भुवा जिला सुलतानपुर को रोका था। इस दौरान उसका एक साथी भाग निकला था। तलाशी में पुलिस को उसके वाहन से 1 कुंतल 500 ग्राम गांजा मिला था। पूछताछ में उसने मादक पदार्थ की तस्करी करने की बात स्वीकारी थी। इस पर पुलिस ने उस पर एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था। तत्कालीन एसआई गंगाघाट गया प्रसाद ने जांच के बाद साक्ष्य एकत्र कर 19 अगस्त-2023 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। इस दौरान आरोपी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत की अर्जी दी लेकिन कोर्ट ने उसे अस्वीकार कर दिया। मंगलवार को एडीजे-7 की कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। इसमें शासकीय अधिवक्ता विनय प्रकाश शुक्ला की दलील व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश जयवीर सिंह नागर ने अजय पाठक को दोषी ठहराते हुए 14 साल की सजा सुनाई।

● **न्यायालय ने दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया**

**मोबाइल कोर्ट** | विकास भवन सभागार में दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए मोबाइल कोर्ट का आयोजन हुआ

# राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने सुनीं दिव्यांगों की शिकायतें

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** राज्य आयुक्त दिव्यांग जन हिमांशु झां की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण हेतु मोबाइल कोर्ट का आयोजन हुआ। इसमें राज्य आयुक्त ने कहा कि दिव्यांगजनों की शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण हो, दिव्यांगों को कहीं परेशान न होना पड़े इसलिए मौके पर पहुंचकर मोबाइल कोर्ट का अयोजन कर शिकायतों को सुना जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को राशन कार्ड, आयुष्मान, अंत्योदय कार्ड व पेंशन में कोई भी दिक्कत न हो और उन्हें समय से सभी सुविधाएं मिल जाएं। उपकरण का वितरण भी प्राथमिकता से होता रहे। दिव्यांग के क्षेत्र में सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं उनका लाभ दिव्यांगों को मिले यही मोबाइल कोर्ट के आयोजन का उद्देश्य है। दिव्यांग सुभाष तिवारी ने अंत्योदय राशन कार्ड व आवास, रेनू देवी ने जमीन संबंधी प्रकरण के बारे में बताया। इसी प्रकार सोनी ने राशन कार्ड व ट्राई साइकिल खराब होने, मिथिलेश कुमारी ने आवास, मदन ने आयुष्मान व राशन कार्ड, कुसुम कुमारी ने आवास व शौचालय, मनोज कुमार ने आवास की मांग की। जिसे आयुक्त ने संबंधित अधिकारी को समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने सीएमओ को निर्देश दिये कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने में कोई भी दिक्कत न हो।

जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों के राशन व अंत्योदय कार्ड समय से बन जाएं। कहा कि सभी अधिकारी प्रार्थना पत्रों के साथ जरूरी कार्रवाई करें। अंत में आयुक्त ने दो दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर और प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड देकर आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों पर गंभीरत से निर्णय लिया जाएगा।

इस मौके पर एडीएम सुशील कुमार गोंड, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, ज्योति जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी व अन्य अधिकारी व जिले की तहसीलों से आए बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद रहे।



विकास भवन सभागार में संबोधित करते राज्य आयुक्त दिव्यांग जन हिमांशु झां।

### सीओ ने दो थानाध्यक्षों के साथ देखी एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा, दिये निर्देश

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचारः** सीओ संतोष सिंह ने मंगलवार को कोतवाली बांगरमऊ व बेहटा थाना प्रभारी के साथ आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे व निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारियों से दोनों एक्सप्रेस-वे पर वाहनों के खड़े करने पर रोक लगाने व सुरक्षा हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय व बेहटा मुजावर थाना प्रभारी मुन्ना कुमार के साथ एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पीआरवी पुलिस को लगातार गश्त करने व संदिग्ध गतिविधियां भांपते ही कार्रवाई के आदेश दिए।

### बस व ट्रक की भिड़ंत में 10 सुअरों की मौत

**औरास उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर इनायतपुर बर्रा गांव के सामने बस व ट्रक में भिड़ंत होने से ट्रक में सवार 10 सुअरों की मौत हो गई और बस में बैठी कुछ सवारियां घायल हो गईं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि बस में सवार एक घायल को ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

### सूचना

मेरा नाम **रंजीत** पुत्र बेचे लाल निवासी ग्राम हसनापुर पोस्ट हसनगंज एवं थाना हसनगंज जनपद–उन्नाव को अब से रंजीत गौतम के नाम से जाना एवं पहचाना जायें।



न्यूज ब्रीफ

## सीएचसी गेट से छात्र की साइकिल चोरी

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में साइकिल चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार को चोरों ने दिनदहाड़े एक स्कूली छात्र की साइकिल चोरी कर ली। पीड़ित छात्र शनि (16) पुत्र सर्वेश निवासी ग्राम दिवाली पुरवा, बिलग्राम नगर के मंशा नाथ इंटर कॉलेज में कक्षा में पढ़ाई करता है। मंगलवार को स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह सीएचसी बिलग्राम पहुंचा था। उसने अस्पताल के मुख्य गेट पर साइकिल खड़ी की और पानी पीने चला गया। इसी दौरान चोर उसकी साइकिल लेकर मौके से फरार हो गए। छात्र ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास पूछताछ करते हुए जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कही जा रही है।

## अतरौली व छतिहा के बीच फाइनल मैच आज

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** बुधवार को विकास खंड भरावन के बनी में बनी प्रीमियम लीग आजाद क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाना है। आयोजक मयंक सिंह ने बताया कि लगभग 20 दिन से चले इस टूर्नामेंट में 20 टीमों नें हिस्सा लिया और टूर्नामेंट का फाइनल मैच अतरौली बनाम छतिहा के बीच खेला जाएगा चार फरवरी को 12 बजे से।

# चाचा के हत्यारोपी का लटका मिला शव

## बेटे ने हत्या के बाद शव लटकाए जाने का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ज़मीनी रंजिश में सगे चाचा की गोली मारकर हत्या के आरोपी भतीजे का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला। बेटे ने पिता की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

कोतवाली देहात के मढ़िया पण्डित मजरा महोलिया शिवपार निवासी भूपेंद्र अग्निहोत्री (52) का शव मंगलवार की सुबह उसी के अहाते में फांसी पर लटका देखा गया। भूपेंद्र अग्निहोत्री के छोटे बेटे शशिकांत ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पिता की हत्या करने के बाद आरोपियों ने शव लटका दिया, ताकि उसे आत्महत्या साबित किया जा सके। इसके पीछे बताया जा रहा है कि साल 1993 में ज़मीनी रंजिश में आपसी झगड़ा हुआ था। भूपेंद्र के चाचा रामसहाय को गोली लगी और उसके 27 वें दिन बाद मौत हो गई थी। उसी मामले में 1999 में कोर्ट का फैसला आया और भूपेंद्र अग्निहोत्री को उम्रकैद की सज़ा हुई थी। हत्यारोपी भूपेंद्र को अपील पर ज़मानत मिली हुई थी। भूपेंद्र अग्निहोत्री के परिवार में पत्नी सुनीता के अलावा दो बेटे शिवकांत और शशिकांत है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


भूपेंद्र अग्निहोत्री की फाइल फोटो।

## घर में लटका मिला मज़दूर की बेटी का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** उड़ीसा में ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी करने वाले युवक की 15 वर्षीय पुत्री ने दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता तब हुआ जब खेत से वापस लौटी उसकी मां ने शव लटका हुआ देखा। किशोरी जूनियर हाई स्कूल में 8वीं की छात्रा थी। पाली थाने के मुड़रामऊ निवासी उदयवीर अपने बड़े बेटे अंकित के साथ उड़ीसा में ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी करता है, उसकी पत्नी राजेश्वरी 15 वर्षीय बेटी मुस्कान और उससे छोटे भाई के साथ गांव पर रहती है। उदयवीर के दो बेटे और दो बेटियों में बड़ी की शादी हो चुकी है। सोमवार को राजेश्वरी छोटे बेटे के साथ खेत पर गई हुई थी। शाम को जब वह वापस लौटी तो देखा कि अंदर पड़े टीन शेड में मुस्कान का शव दुपट्टे से बंधा फांसी पर लटक रहा था। शेर सुनकर मां का शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। मुस्कान ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इस बारे में फिलहाल कोई वजह सामने नहीं आ सकी। लोगों के बीच तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रहीं है।



## शराब के लती युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कस्बे से सटे गांव परसापुर गांव निवासी राकेश उर्फ़ कल्लू शराब का लती था। पिछले 10 दिनों से उसकी पत्नी एवं भाई उस से शराब छोड़ने की जिद कर रहे थे, जिससे उसने शराब पीना तो कम कर दिया, लेकिन गुमसुम सा रहने लगा। सोमवार शाम वह घर से कहीं चला गया था। उसकी पत्नी एवं भाइयों ने देर रात तक काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। सुबह मुरौली कठेरियान वाले मार्ग पर खलियान की जगह पर पेड़ पर मफलर के फंदे से उसका शव लटका देखा गया।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव पत्नी और साढ़ू पर हत्या का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी को विदा कराने के लिए साढ़ू के साथ निकले युवक का शव उसके खेत में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। आरोप है कि पत्नी ने अपने बहनोई के साथ मिलकर हत्या की। हरियावां थाने के अलावलपुर निवासी मोनू (22) पुत्र छोटेलाल की पत्नी सपना कई महीनों से अपने मायके गुलहरिया थाना टड़ियावां में थी। सोमवार को मोनू का मझिला थाने के बढ़ैंइया गांव निवासी उसका साढ़ू घर पहुंचा और पत्नी सपना को विदा कराने के लिए उसे अपनी बाइक से गुलहरिया के लिए निकला था। मंगलवार की सुबह अलावलपुर के पूरब मोनू का शव उसी के खेत में कटहल के पेड़ से लटका देखा गया। मोनू के चाचा मानसिंह ने बताया कि पिछले साल 5 मई को मोनू की शादी हुई थी। उसके 6 महीने का बच्चा है। मानसिंह का आरोप है कि भतीजे की हत्या उसकी पत्नी ने अपने बहनोई के साथ मिलकर की। मोनू के पिता प्रतापगढ़ में ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी करता है, एक भाई सोनू दिल्ली में है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।



## दो बच्चों की मां ने लगाई फांसी, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** सोमवार की देर रात दो बच्चों की मां ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। टड़ियावां थाने के जिगिनिया खुर्द निवासी किशोरी लाल की पत्नी रूबी (26) ने मंगलवार की रात बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति किशोरी लाल ने बताया कि उसके एक बेटा और एक बेटी है। मंगलवार को सारे लोगों ने एक साथ खाना खाया। उसके बाद वह बाहर चला गया। बच्चों के चीखने पर फांसी लगाने की बात पता चली। रूबी की शादी करीब 6 साल पहले हुई थी।

# महिला ने खाया सल्फास, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पति अपने पिता के साथ रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गया था। वापस घर पहुंचा तो पत्नी ने उसे बाज़ार भेज दिया और फिर सल्फास खा ली। हालत बिगड़ने पर बच्चों की सूचना पर घर लौटा पति उसे मेडिकल कालेज ले गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

कोतवाली शहर के भिठारी गांव निवासी आशीष कुमार मंगलवार की शाम को अपने पिता राजीव कुमार के साथ लखनऊ से वापस लौटा। कुछ देर बाद उसकी 30 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी ने सब्ज़ी लेने के लिए उसे बाज़ार भेज दिया। घर में रिंकी के अलावा उसकी दोनों बेटियां काव्या, अनन्या और बेटा अजितेश था। उसी बीच रिंकी की तबियत बिगड़ गई। बच्चों ने पिता को सूचना दी तो आशीष घर पहुंचा और रिंकी को मेडिकल कालेज ले गया। जहां उसकी मौत हो गई। आशीष का कहना है कि पत्नी ने घर में रखी सल्फास खा ली थी। बताया कि वह 31 जनवरी को अपने पिता के साथ उनके मौसेरे भाई की बारात में शामिल होने लखनऊ गया था। मंगलवार को लौटा था। रिंकी ने ऐसा क्यों किया? इस बारे में आशीष कुछ भी नहीं बता सका। रिंकी की शादी 2011 में हुई थी, उसका मायका कोतवाली देहात के नन्हे गांव में बताया गया है।

## दर्द से कराह रही गर्भवती को मेडिकल कॉलेज में नहीं मिला इलाज, थक-हार कर निजी अस्पताल ले गया पति

**हरदोई, अमृत विचार।** राजकीय मेडिकल कालेज की स्वास्थ्य व्यवस्था फिर एक बार सवालों के घेरे में है। दर्द से तड़प रही गर्भवती पत्नी को लेकर पति पहुंचा और इलाज के लिए भटकते रहा। इलाज शुरू न होने पर जब से सिफारिशी फोन कराया तो डाक्टर नाराज हो गए और इलाज करने से साफ इनकार कर दिया। युवक ने मिन्नते की लेकिन तब भी डॉक्टरों का दिल नहीं पसीजा। थक-हार कर वह पत्नी को लेकर एक निजी हास्पिटल गया। जहां महिला का इलाज शुरू हो सका। पीड़ित ने मामले की शिकायत करने की बात कही है। शहर के रेलवे गंज निवासी पुलकित शर्मा ने बताया कि मंगलवार की सुबह दर्द से तड़प रही पत्नी को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचा। अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने प्राथमिक देखरेख तो शुरू की, लेकिन संबंधित डा. मधुलिका शुक्ला वहां मौजूद नहीं थीं। बताया कि कई बार फोन से डाक्टर को सूचना दी गई, लेकिन सुबह 10 बजे तक वहां कोई नहीं पहुंचा। प्रसव पीड़ा से परेशान महिला और उसके परिजनों से कथित तौर पर अमर्यादित तरीके से बात की गई, जिससे परिवार और अधिक मानसिक तनाव में आ गया। बताया गया कि अस्पताल में डॉक्टरों के आने का निर्धारित समय सुबह 9 बजे है, लेकिन सुबह 10 बजकर 15 मिनट तक भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पाए।


कार्यालयः प्रधानाचार्य, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।

पत्र संख्या–क्.अनु./अम्बे./नीलामी/2026/284 दिनांकः 27/01/2026.

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर के परिसर में उपलब्ध निष्प्रयोज्य सामग्री हेतु यदि कोई दावेदार हैं तो दिनांक 26.02.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे प्रधानाचार्य कक्ष में संबंधित प्रपत्रों सहित उपस्थित हों अन्यथा कि स्थिति में निष्प्रोज्य सामानों की नीलामी दिनांक 27.02.2026 को अपरान्ह 2.30 बजे प्रधानाचार्य सभाकक्ष में की जायेगी। नीलामी लेने वाले इच्छुक फर्म/व्यक्ति निष्प्रोज्य सामग्री का विधिवत निरीक्षण नीलामी से पूर्व कर सकते हैं। निष्प्रयोज्य सामग्री के संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रधानाचार्य, एम0आर0ए0, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। नीलामी की कार्यवाही निम्नलिखित शर्तों के अधीन की जायेगीः–

1. नीलाम होने वाले निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी जहॉ है एवं जिस दषा में है उसी दषा में नीलाम की जायेगी।
2. नीलामी में भाग लेने वाले व्यापारीगण/व्यक्ति को जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वःप्रमाणित प्रति के साथ धरोहर धनराषि रू0 50,000.00(रू0 पचास हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट दिनांक 27.02.2026 का अपरान्ह् 1.00 बजे तक प्रधानाचार्य कार्यालय, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर में जमा करना अनिवार्य होगा। समय समाप्त हो जाने के उपरान्त दिनांक 27.02.2026 को अपरान्ह् 2.30 बजे होने वाले नीलामी में व्यापारीगण/व्यक्ति को सम्मिलित नही किया जायेगा जिसका उत्तदायी उसकी स्वयं की होगी।
3. नीलामी की कार्यवाही नामित नीलामी समिति के अध्यक्ष/सदस्यों के समक्ष की जायेगी। नीलामी को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार प्रधानाचार्य, एम0आर0ए0, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर का होगा।
4. नीलामी समाप्त होने के पश्चात् उच्चतम बोली संतोषप्रद पाये जाने पर बोलीदाता को सम्पूर्ण धनराषि का 1/2 भाग नीलामी की तिथि को ही जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी लेने वाले व्यक्ति को देय जी0एस0टी0 आदि का भुगतान स्वयं करना होगा, जो नीलामी की धनराषि से अतिरिक्त होगा। प्रधानाचार्य द्वारा नीलामी स्वीकृत कर दिये जाने के पश्चात् शेष 1/2 धनराषि तत्काल जमा करना होगा। तत्पष्चात् ही वांछित निष्प्रयोज्य सामग्री ले जाने की अनुमति दी जायेगीं
5. नीलामी के शर्तों का उल्लंघन करने पर जमा धरोहर धनराषि सरकार के पक्ष में जब्त कर पुनः नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।

UP - **245064 दिनांक:** 02/02/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

प्रधानाचार्य
एम0आर0ए0मेडिकल कालेज,
अम्बेडकर नगर।


# क्षतिग्रस्त कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरू, मिली राहत

फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग के कटान पर पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित कराए जा रहे वैकल्पिक मार्ग पर चौपहिया वाहनों काआवागमन शुरू हो गया है। निर्माणाधीन मार्ग पर आवागमन शुरू होने से रोज ड्यूटी आने-जाने वाले राहगीरों, किसानों व ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

बता दें कि बीते वर्ष अगस्त-सितंबर माह में गंगा नदी की बाढ़ से कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग गंगा के पुल के पास कटकर क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे क्षेत्र का कानपुर जिले से सीधा आवागमन प्रभावित हो गया था। क्षेत्र के नागरिकों द्वारा मार्ग पर आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने की चल रही मांग के चलते पीडब्ल्यूडी जेई विनय तिवारी की देखरेख में मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग पर वैकल्पिक मार्ग का निर्माण चल रहा है। विभाग द्वारा तेजी से निर्मित कराए जा रहे वैकल्पिक मार्ग से बीते कई दिनों से दोपहिया वाहनों का धीरे-धीरे आवागमन शुरू हो गया था। मंगलवार को इस मार्ग पर चौपहिया वाहनों का भी आवागमन भी शुरू हो गया। निर्माणाधीन मार्ग से छोटे वाहनों का आवागमन शुरू होने से गंगा पार ड्यूटी पर आने-जाने वाले कर्मियों, व्यापारियों व किसानों के साथ क्षेत्रीय ग्रामीणों में हर्ष है। पीडब्ल्यूडी के सूत्रों की मानें तो निर्माणाधीन मार्ग का निर्माण शिवरात्रि से पहले पूरा कर लिया जाएगा। शिवभक्तों व अन्य लोगों के आवागमन में सुगमता होगी।


मार्ग से निकलती कार व अन्य वाहन। अमृत विचार

## कार सवार बदमाशों ने दो युवकों से तमंचे के बल पर की लूटपाट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात कार सवार तीन बदमाशों ने कार में बैठे दो युवकों को तमंचा दिखाकर नगदी और मोबाइल छीन लिया। कोतवाली पुलिस ने घटना अपने क्षेत्र में न होने से इनकार करके पल्ला झाड़ लिया। गंजियापुर थाना पाली निवासी सत्यपाल सिंह के अनुसार अपने मित्र संजीव कुमार के साथ रेलवे स्टेशन शाहजहांपुर से आकर हरदोई बाईपास पर गाड़ी का इंतजार कर रहा थे। उसी समय एक गाड़ी आई जिसने शाहाबाद तक जाना बताकर दोनों को बैठा लिया। गाड़ी में पहले से ही तीन युवक बैठे हुए थे। थोड़ा आगे चलने के बाद उसके और मित्र संजीव के कनपटी पर गाड़ी में बैठे लोगों ने तमंचा लगाकर 5000 रुपये और संजीव के पास से 5500 रुपये तथा दोनों के पास से एक एंड्रॉयड फोन तथा एक कीपैड फोन छीन लिया। सत्यपाल के अनुसार दोनों को ओवरब्रिज के पास उतार कर शाहजहांपुर की ओर भाग गए और धमकी दे गये कि अगर पीछे मुड़कर देखा तो गोली मार देंगे। मंगलवार को दोपहर 12 बजे शाहाबाद कोतवाली में दोनों ने आपबीती बताई और प्रार्थना पत्र दिया। कोतवाली पुलिस ने प्रार्थना पत्र ले लिया लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया घटना सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र की है। शाहाबाद थाना क्षेत्र में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। इससे पहले उधरनपुर ग्राम के पास ही ईको सवार बदमाशों ने एक मैजिक डाला के चालक को मारपीट कर लूटपाट कर ली थी उस घटना को भी पुलिस ने आपसी लड़ाई झगड़ा बताया था।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिये ''खुली'' निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा० पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैः–

**क्रम सं.-1,** निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-51-2025, कार्य का विवरणः एलजेएन क्षेत्र के विभिन्न सब स्टेशनों में विद्युत आपूर्ति प्रणाली में सुधार से संबंधित विद्युत कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 1,40,84,474.90, बयाना राशिः ₹ 2,20,400/-, निविदा मूल्यः ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधिः 06 माह। **क्रम सं.-2,** निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-56-2025, कार्य का विवरणः मोहिबुल्लापुर में यात्रियों के लिये आवश्यक सुविधाओं सहित स्टेशन के विकास से संबंधित विद्युत कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 94,10,253.93, बयाना राशिः ₹ 1,88,200/-, निविदा मूल्यः ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधिः 180 दिन।

• उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 26-02-2026 को 15:00 बजे।

**नोटः** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत–272 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


## लखनऊ से घर पहुंचे युवक का शव जंगल में फंदे से लटका मिला

**उन्नाव, अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र के गोसाई खेड़ा गांव निवासी युवक का शव गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सुपर्द किया। चर्चा है कि युवक की एक महिला से नजदीकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोसाई खेड़ा निवासी कुलदीप (24) पुत्र राजकुमार में लखनऊ में मजदूरी करता था। सोमवार रात वह घर से खाना खाकर निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। चाचा सर्वेश ने उसकी तलाश शुरू की तो गांव से 200 मीटर आगे जंगल में पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका देखा। कुलदीप माता-पिता का इकलौता बेटा था। दो बहनों में बड़ी बहन पूनम की शादी हो चुकी है। पिता राजकुमार पत्नी राज कुमारी व छोटी बेटी सोनम के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। मंगलवार सुबह मोर्चरी पहुंचे पिता ने बताया कि बेटा लखनऊ में मजदूरी करता था। जहां उसकी पति से बच्चों के साथ अलग रह रही महिला से नजदीकी हो गई थी। इसके चलते ही उसने बेटे के आत्महत्या करने का शक जताया। हालांकि उसने इसे लेकर लिखित आरोप नहीं लगाया। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।



## शबेबरात पर बनाया हलवा

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** मंगलवार को 14 शाबान यानी शबेबरात पर लोगों ने अपने घरों में तरह-तरह के हलवे बनाए। सुबह से शाम तक घरों में हलवा तैयार करने का सिलसिला चलता रहा। शाम को नियाज व फातिहा दिलाई गई। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर हलवा तकसीम किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस दिन तमाम लोगों ने रोजा भी रखा। फिर मगरिब की नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोग कब्रिस्तान पहुंचे। वहां उन्होंने चरागां कर कब्रिस्तान को रोशनी से जगमगा दिया। अगरबत्तियां जलाई गईं व बुजुर्गों व पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़ी गई।


दिव्यांग को ट्राई साइकिल देते विधायक श्रीकांत कटियार।

## विधायक ने जन्मदिन पर दिव्यांगजनों को बांटी ट्राई साइकिल और बैसाखी

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** विधायक श्रीकांत कटियार ने अपने जन्मदिन पर निज निवास पर 15 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल व बैसाखी बांटी। फिर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फीता काटकर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया। विधायक के जन्मदिन पर मंगलवार को उनके आवास पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। बधाइयां स्वीकार करने के बाद उन्होंने उप्र दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के प्रतिनिधि एडीओ समाज कल्याण शिवेंद्र प्रताप सिंह व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सरोज कुमार के जरिए क्षेत्र के चंद्रादेवी, देवेंद्र पाल, सूघर, महेंद्र, पंकज, शिवसेवक, रामशंकर व नन्हेलाल सहित 15 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल व बैशाखी बांटी। इसके बाद वे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा नव स्थापित जन औषधि केंद्र का फीता काटकर लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद चिकित्साधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार के नेतृत्व में सभी चिकित्सा कर्मियों द्वारा विधायक का जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया। जहां विधायक ने केक काटा और सभी की बधाइयां स्वीकार की। दोनों कार्यक्रमों में अंशुल कटियार, शुभम कटियार, जयपाल, बलराव गुप्ता शिखर, लालेश अस्थाना, नीराज गुप्ता व पिंटू टाटा के अलावा सीएचसी के डा. अशोक वर्मा, डॉ. पीयूष, डॉ. सुनील राठौर, फार्मासिस्ट प्रेमचंद व राज बहादुर राजपूत आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

Public Notice

I, hitherto know as Ram Lakhan Verma , S/o Chhitanii Ram, R/o at satnyava , Banda satnyoan U.P 210125 have changed my name and shall hereafter be know as L A X M I P R A S A D VERMA.Henceforth, I shall be known as Laxmi Prasad Verma for all purposes.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रोहित कुमार त्रिवेदी पुत्र ओम प्रकाश त्रिवेदी ग्रा.पो. भोजपुर, पर. व थाना सरेनी, तह. लालगंज जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरी पत्नी रश्मि देवी हैं। मेरा बड़ा पुत्र हर्षित त्रिवेदी और पुत्रवधू डाली का व्यवहार काफी खराब है। उसके गलत प्रवृत्ति के कारण दोनों को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके किसी क्रिया कलाप से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ सरकारी अभिलेखों/पासपोर्ट में भूलवश मेरा नाम राम लक्षमन दर्ज हो गया है। वास्तव में मेरा नाम लक्षमन पुत्र राम लोचन (Lakshmkan s/o Ram Lochan) है। अतः भविष्य में मुझे लक्षमन पुत्र राम लोचन के नाम से जाना व पहचाना जाए। लक्षमन पुत्र राम लोचन निवासी ग्राम–रानीपुर, पोस्ट–रामपुर ग्रांट,जिला–बलरामपुर।

सूचना

मेरा नाम आधार कार्ड नंबर (595678460657) में सकील मोहम्मद दर्ज है जबकि पासपोर्ट नंबर (L9568251) में केवल सकील दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। अतः मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाए। **सकील मोहम्मद उर्फ सकील पुत्र अकबर अली निवासी धुसाह जि. बलरामपुर।**

सूचना

मेरे द्वारा क्रय की गई संपत्ति मकान संख्या सी 3/23, विकासखंड–3,गोमती नगर लखनऊ, का आवंटन पत्र कहीं खो गया है जिसकी L.A.R No- 20260000134898 दिनांक 03.02.2026 है, जिसको कहीं बंधक आदि नहीं किया, इसका उपयोग शून्य होगा, **शिवेंद्र कुमार शुक्ला 9305855463**

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम RAM ASARE DUPTA था से बदलकर RAM ASARE GUPTA रख लिया है अब मुझे RAM ASARE GUPTA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM KETARE GUPTA ADD-VILLAGE-AND POST-VELIYA DIST-GONDA-271124(U.P.)

कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद–रायबरेली

पत्रांक 32/न.प.स./टैक्स/सा0सू0/2026 दिनांक 03/02/2026

नोटिस अन्तर्गत धारा–147(2) यू0पी0 म्यू0एक्ट–1916

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सलोन जनपद रायबरेली की गृहकर पंजिका में नाम परिवर्तन हेतु नीचे वर्णित कम संख्या/वार्ड संख्या के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये हैं जिनका विवरण निम्नवत है–

| क्र0 | मोहल्ला | गृहकर पंजिका क्रम सं0 | वार्ड संख्या | अंकित भवन स्यामी/अध्यासी/किरायेदार का नाम | आवेदक का नाम | नाम परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड निल्कियाना पूर्वी | 165 | 11 | श्री मो0 अमीन पुत्र जुम्मन | श्रीमती जैतून पत्नी स्व0 मो0 अमीन व मो0 वसीम, मो0 कलीम, मो0 नईम, अब्दुल गफ्फार पुत्रगण स्व0 मो0 अमीन | वरासत |
| 2 | वार्ड कच्ची मस्जिद | 117 | 8 | श्रीमती राजिया बेगम पत्नी मुशीर अहमद | श्री मो0 जहीर, मो0 जावेद, मो0 आवेश, मो0 अहमद पुत्रगण स्व0 चौधरी मुशीर अहमद | वरासत |
| 3 | वार्ड पैगम्बरपुर पूर्वी | 204 | 04 | श्री रमेश साहू पुत्र राम आधार साहू, श्रीमती राजपती पुत्री सुखनन्दन साहू पत्नी राम आधार साहू, दिनेश साहू पुत्र राम अधार साहू व शिवकुमार साहू पुत्र रामअधार साहू | श्रीमती राबिया पत्नी रईश अहमद | बैनामा |
| 4 | वार्ड पैगम्बरपुर पूर्वी | 38 | 04 | श्री हरवंश सिंह पुत्र मक्खन सिंह | श्रीमती हरविन्दर कौर पत्नी अजीत व जसमीत कौर | वरासत |
| 5 | वार्ड पैगम्बरपुर पूर्वी | 97 | 04 | श्री रफत उल्ला पुत्र नेमतउल्ला | श्रीमती नाजिया बानो पत्नी शाहिद उमर | बैनामा |
| 6 | वार्ड नई बाजार | 254 | 10 | श्री आरिफ ऊल हसन पुत्र कुतबुल हुसैन | श्री मो0 नदीम पुत्र मो0 नईम | बैनामा |
| 7 | वार्ड नई बाजार | 254 | 10 | श्री आरिफ ऊल हसन पुत्र कुतबुल हुसैन | श्रीमती जरीन सुल्तान पत्नी मो0 मुस्तकीम व मोहम्मद मुस्तकीम पुत्र मो0 नईम | बैनामा |
| 8 | वार्ड विकास नगर | 142 | 12 | श्री मो0 साकिर पुत्र नईम खॉं | श्री जावेद आलम पुत्र लाल मो0 | बैनामा |
| 9 | वार्ड विकास नगर | 156 | 12 | श्री रजनीश चन्द्र गुप्ता पुत्र स्व0 मोतीलाल | श्रीमाती रेनू राकेश कुमार पारख पत्नी राकेश कुमार पारख | बैनामा |
| 10 | बार्ड मिल्कियाना पश्चिमी | 58 | 15 | श्री सब्बर अहमद पुत्र हबीब अहमद | श्रीमती हाजिरा बेगम पत्नी कल्लू | बैनामा |

सर्वसाधारण से यह अपेक्षा है कि यदि किसी को उपरोक्त भवनों में नाम परिवर्तन पर को आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर प्रमाणित साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी को सम्बोधित प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा नियमानुसार नाम परिवर्तन की अग्रिम कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

## न्यूज ब्रीफ

### बोलेरो ने कार में मारी टक्कर, दो लोग घायल

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** बोलेरो ने कार को टक्कर मारी। टक्कर लगने से घायल इको चालक व महिला को सीएचसी लाया गया। जहां पर हालत गम्भीर देखकर दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बघौली मार्ग पर स्थित मिल के पास सामने से आ रही बोलोरो ने इको कार को टक्कर मार दी, जिससे कार चालक जलील व कैलाशा पत्नी बलराम निवासी ग्राम बघौड़ा घायल हो गयी। दोनों को सीएचसी लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल महिला कैलाशा ने बताया कि वह बालामऊ में अपने लड़के को देखने जा रही थी जिसको डंपर ने टक्कर मारी थी, उसका इलाज बालामऊ के एक अस्पताल में चल रहा हैं।

### युवती लापता, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में शौच को गई युवती लापता हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। तहरीर देने वाले युवती के नाना के अनुसार उसकी 18 वर्षीय नातिन अपने भाई बहन के साथ उनके पास ही रह रही थी। 30 जनवरी की रात 8 बजे अपनी मामी के साथ गांव के बाहर शौच को गई थी। इसी बीच शिरोमन नगर गांव निवासी श्याम अवस्थी उसकी नातिन को फुसला कर भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रांसफार्मर से तेल व पुर्जे ले गए चोर

**हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली देहात के प्रगति नगर में चोरों ने ट्रांसफार्मर की एलटी राड, कई पुर्जे और तेल निकाल ले गए। मंगलवार की रात प्रगति नगर में चोरों ने वहां रखे 400 केवी का ट्रांसफार्मर चोरी करने का दुस्साहस किया। हालांकि सफलता नहीं मिली तो ट्रांसफार्मर से तेल और एलटी राड के अलावा कीमती पुर्जे खोल ले गए। चोरों ने ट्रांसफार्मर को कई जगह से खोल कर उसे हिस्सों में उठाने की कोशिश की। इसका पता तब हुआ जब काफी देर तक बिजली गुल होने पर रात में ही शिकायत करने पर पेट्रोलिंग टीम वहां पहुंची। जेई अभिषेक कुमार ने बताया कि करीब 4 लाख 50 हज़ार का नुकसान हुआ है, जिसकी पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

# कंटेनर से भिड़ी बस, चालक की मौत, एक दर्जन सवारियां घायल

## गंभीर रूप से तीन घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया

**संवाददाता, कछौना, हरदोई**

**अमृत विचार।** लखनऊ-हरदोई नेशनल हाइवे पर कटियामऊ कट के पास संडीला की ओर जा रही तेज रफ्तार निजी बस ने लखनऊ की तरफ जा कंटेंनर में जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत के बाद बस अनियंत्रित होकर हाइवे से नीचे चली गयी। दुर्घटना में बस चालक की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन सवालियां घायल हो गईं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से तीन की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



टक्कर से क्षतिग्रस्त बस। अमृत विचार



अख्तर।



पवन।



सुषमा।



मालती।



ममता।

जानकारी के अनुससार बस चालक राजू उर्फ गोपाल सिंह निवासी जूरा थानां सुरसा वर्तमान में आजाद नगर हरदोई में रहकर निजी बस चलता था। मंगलवार को वह सवारियां लेकर संडीला की ओर जा रहा था। तभी बस की तेज रफ्तार के चलते हादसा हुआ। कछौना थाना क्षेत्र निवासी पीआरडी जवान अवधेश, समाचार पत्र वितरक समसपुर निवासी मुकेश, इस्लामनगर निवासी कैसर बानो, बघौली थाना क्षेत्र के गांव गंगापुरवा निवासी महिला होमगार्ड ममता, वीर निवासी पवन कुमार एवं उसकी दादी मालती देवी, बालकराम, मोहित, सुषमा, मनीराम, अख्तर की गंभीर रूप से घायल हो गए। मुकेश, सुषमा व मालती को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे की सूचना पर पहुंचे सीओ प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि बस चालक स्टेरिंग में फंस गया था, जिनको कड़ी मशक्कत के बाद निकाला जा सका जिसकी सांसे चल रही थी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना भेजा गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक घायल

**कछौना, हरदोई।** एक अन्य घटना ब्लॉक कछौना के गेट के सामने ओवरब्रिज की सर्विस रोड पर दो बाइक आपस में टकराई, जिससे दोनों बाइक चालक घायल हो गए। पतसेनी देहात के मजरा तेरवा निवासी अमरीश ने बताया कि वह अपनी पत्नी पुष्पा के साथ कस्बे में कपड़े की खरीदारी करके वापस जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक कपिल निवासी कोरिहाना मजरा हथौड़ा की बाइक से टक्कर हो गई। आरोप है कि कपिल नशे की हालत में बाइक चला रहा था। जिससे अमरीश के पैर में गम्भीर चोट आ गईं।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जहानी खेड़ा मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक हृदयविदारक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा दोपहर करीब 2:55 बजे पिहानी मोड़ के पास हुआ। शाहजहांपुर की ओर से आ रहे ट्रेलर ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक सड़क पर गिर पड़ा और ट्रेलर उसे रौंदता हुआ निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनील पुत्र बालक राम, निवासी जमुही, कोतवाली पिहानी के रूप में हुई है। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के चलते कुछ देर के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों में भारी वाहनों की तेज रफ्तार को लेकर आक्रोश देखा गया।

# ई-लोडर की टक्कर से घायल बच्चे की मौत

**संवाददाता, हरदोई**



ऋतिक की फाइल फोटो।

- रविवार को पिता के साथ बाइक से घर लौटते समय हुआ था हादसे का शिकार, पिता का चल रहा इलाज

**अमृत विचार।** युवक अपने छह साल के बेटे को साथ लेकर बाइक से घर लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में बघराई गौशाला के पास ई-लोडर ने पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बुरी तरह ज़ख्मी हो गए। जिन्हे सीएचसी से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया, जहां सोमवार की रात बेटे की मौत हो गई। साण्डी पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

साण्डी थाने के बघराई निवासी 35 वर्षीय जगदीश रविवार को अपने छह वर्षीय बेटे ऋतिक को साथ ले कर बाइक से साण्डी बाज़ार गया था, वहीं से शाम को दोनों वापस लौट रहे थे, उसी बीच रास्तें में गौशाला के पास ई-लोडर ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों बुरी तरह ज़ख्मी हो गए, जिन्हें सीएचसी साण्डी पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रिफर कर दिया, वहां मंगलवार की रात ऋतिक की मौत हो गई। जगदीश के तीन बेटों में ऋतिक से एक बड़ा और एक उससे छोटा है, जबकि सबसे छोटी बेटी है। बेटे की मौत की खबर सुनकर ज़ख्मी पड़े जगदीश और उसकी पत्नी सोनी देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

### बाइक की टक्कर से किसान की हालत गंभीर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलग्राम-सांडी मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट बाइक की टक्कर से खेत पर जा रहे एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल किसान की पहचान अखिलेश पुत्र लाला राम, निवासी ग्राम पसनेर, थाना बिलग्राम के रूप में हुई है। बताया गया कि अखिलेश रोज की तरह अपने खेत की ओर जा रहे थे, तभी सांडी मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी बिलग्राम पहुंचाया गया।



लोकार्पण करते पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा। अमृत विचार

### एसपी ने किया पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार को टुमुरकी पुलिस सहायता केंद्र का पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पूजन करके और फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने कहा इस गांव में पुलिस सहायता केंद्र बन जाने के बाद अपराधों पर अंकुश लगाने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा पुलिस आप सभी की सहायता के लिए हमेशा तैयार है। पुलिस आपकी मित्र है। क्षेत्र में होने वाले अपराधों और अपराधियों की जानकारी पुलिस तक अवश्य पहुंचाएं। उन्होंने बताया सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है। उसी के अनुरूप पुलिस सतत प्रयासरत है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण, मंझिला थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### वृद्ध मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृद्ध मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों सहित आम नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा मानसिक रोगों से पीड़ित लोगों को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना रहा। डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। उन्होंने मानसिक बीमारियों के लक्षण, कारण एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर के दौरान कुल 83 मानसिक रोगियों का परीक्षण एवं उपचार किया गया।

# नवनिर्मित पैंटून पुल का हुआ लोकार्पण

**संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई**

**अमृत विचार।** मंगलवार को कटियारी क्षेत्र के नंदना घाट पर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह 'रानू' ने लोक निर्माण विभाग द्वारा 40.74 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित पैंटून पुल का विधिवत लोकार्पण किया। इस पुल के समर्पित होने से क्षेत्र की हजारों लोगों की आवागमन की राह आसान हो गई है।

विधायक ने कहा कि यह पुल केवल ईंट और लोहे का ढांचा नहीं, बल्कि क्षेत्र की समृद्धि का मार्ग है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, यह पुल न सिर्फ आवागमन को सुगम करेगा, बल्कि शिक्षा, व्यापार और स्वास्थ्य से जुड़ी हमारी तमाम मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में मील का पत्थर साबित होगा। अब ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करने की मजबूरी से निजात मिलेगी और आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुंचना सरल होगा। कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता संतोष रावत एवं अवर अभियंता पंकज पाण्डेय ने पुल की तकनीकी विशेषताओं और गुणवत्ता की जानकारी दी। इस अवसर पर कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष वृम्हानन्द दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी, बलवीर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अम्बरीष सिंह उर्फ आलोक, संजय पाठक, गोविन्द तिवारी, मंगल यादव, हिमांशु पाठक, हर्ष सिंह, सुनीत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



लोकार्पण करते विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू। अमृत विचार

### नागालैंड के युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ से दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार युवक कनेहटा रेलवे क्रासिंग के पास गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। युवक नागालैंड का था। पुलिस ने नोएडा और दिल्ली में रह रहे उसके रिश्तेदारों को सूचना दे दी है। मंगलवार की सुबह कोतवाली देहात की कनेहटा रेलवे क्रासिंग के पास एक युवक राजधानी एक्सप्रेस से गिर गया। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लिया और जामा तलाशी के दौरान बरामद हुए मोबाइल पर आई काल से पता चला कि युवक का नाम निक्या है और वह नागालैंड के दीमापुर ज़िले का रहने वाला था। उधर से बात करने वाले ने खुद को निक्या का रिश्तेदार बताते हुए नोएडा और दिल्ली में होना बताया। पुलिस उनके पहुंचने का इंतजार कर रही थी।

# पात्रों को दिलाया जाएगा योजना का लाभ

**संवाददाता, हरदोई,**

**अमृत विचार।** रसखान प्रेक्षागृह सभागार में इं. अवनीश कुमार सिंह, सदस्य विधान परिषद ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत लाभान्वित व्यक्तियों के बीच एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 400 युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग किया। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को एमएलसी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। संवाद सत्र में उपस्थित नागरिकों एवं युवाओं ने योजना से जुड़े प्रश्न पूछे मुख्य अतिथि ने सभी सवालों को सरल व स्पष्ट रूप से जवाब दिये गये और उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जायेगा तथा किसी भी प्रकार की समस्या के लिए उद्योग विभाग, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि सदैव तत्पर रहेगें।



संवाद सत्र में सवाल जवाब देते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना पर हुआ संवाद कार्यक्रम

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने भी लाभान्वित के बीच संवाद स्थापित किया एवं सुगमता पूर्वक जवाब दिया। बैंकों एवं प्रशिक्षण से जुडे सवालों का भी जवाब बैंक अधिकारी एवं कौशल विकास मिशन के अधिकारियों द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यकम में सतीश कुमार, सहायक प्रबन्धक एवं समस्त कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा, 6 पर मुकदमा

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम करेहका में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा और निर्माण के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर के आधार पर की गई है। ग्राम करेहका परगना व तहसील बिलग्राम में स्थित नवीन परती भूमि ग्राम समाज के नाम दर्ज है। आरोप है कि उक्त भूमि के आंशिक भाग पर ग्राम नयापुरवा मजरा करेहका निवासी कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। लेखपाल मयंक कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपियों को कई बार निर्माण कार्य न करने की हिदायत दी गई, बावजूद इसके निर्माण किया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न स्तरों पर शिकायतें की जा चुकी थीं, इसका कोई असर नहीं हुआ। पुलिस ने सभी छह आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी और भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

# युवा महोत्सव में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में युवा महोत्सव के दूसरा दिन उल्लासित माहौल के साथ शुरू किया गया। प्रो. सरिता यादव के निर्देशन में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 200 मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पलक ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा निशा ने द्वितीय स्थान तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कबड्डी का सेमीफाइनल बीए प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं के मध्य खेला गया। दोनों टीमों के मध्य बहुत ही रोमांचकारी मुकाबला हुआ, जिसमें प्रथम सेमेस्टर के छात्राओं में जीत हासिल की एवं फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उनका मुकाबला बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं के साथ होगा। मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन डॉ अंजू के निर्देशन में किया गया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गुलनाज और श्वेता, द्वितीय स्थान पर प्रतिष्ठा और शशि पाल और तृतीय स्थान पर निशा और नमः रही, विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार निहारिका और श्रद्धा को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ सुमन वर्मा, प्रो. सरिता यादव, डॉ श्वेता यादव ने निभाई।



कलश सज्जा करती छात्राएं। अमृत विचार

### हत्याभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। जिला व सत्र न्यायाधीश रीता कौशिक ने एक फैसला में हत्या आरोपित को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता चंदन सिंह ने बताया कि थाना महिला क्षेत्र के कुसमा निवासी प्रेम सागर उर्फ बैजू ने 30 दिसंबर 2018 को दिनेश कुमार दिनक्के को लाठी डंडों लात घूसों से पीट कर उसे गंभीर चोटे पहुंचाई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना की रिपोर्ट मृतक के भाई प्रेम पाल ने दर्ज कराई। घटना के पूर्व मृतक के घर में गांव के ही सोमपाल के बांस रखे हुए थे, जिन्हें आरोपी लेने आया। दिनेश कुमार ने कहा कि सोमपाल आएंगे तभी देंगे। जिस पर आरोपियों ने उसे मारा पीटा, जिसकी शिकायत प्रधान से कहने गया। वापस आने पर आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर आरोपी पर जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई।



### ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने वाले आधा दर्जन से अधिक पर मुकदमा दर्ज

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बील नेवादा में ग्राम समाज की भूमि पर रातों कब्जा करना आधा दर्जन से अधिक लोगों को मंहगा पड़ा। क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने कब्जा करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। लेखपाल राजेश गुप्ता की ओर से दर्ज करवाई गई शिकायत में बताया गया की गांव की भूमि बंजर में दर्ज है। जिसके खाली पड़े अंशों पर गांव निवासी विनोद व वीरपाल पुत्र रामस्नेही राम रहीस पुत्र रामचंरन विश्राम पुत्र श्रीराम मुकेश पुत्र रामदास व सिद्धराम सर्वेश पुत्र वेदराम इच्छा राम पुत्र बालक कब्ज़ा करके मकान बना रहे हैं। मौके पर जाकर मना करने के बाद भी दबंगों ने निर्माण बंद नहीं किया। जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल की तरहीर पर पुलिस दबंगों पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चार लेबर कोड्स के खिलाफ करेंगे आंदोलन

**हरदोई, अमृत विचार।** देश का संगठित और असंगठित श्रमिक वर्ग एक बड़े जनआंदोलन की तैयारी में जुट गया है। बैंक इम्प्लाइज यूनियन के जिला मंत्री राकेश पाण्डेय ने जानकारी दी कि चार मजदूर-विरोधी लेबर कोड्स के खिलाफ 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा 12 फरवरी को देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया गया है। इस हड़ताल में बैंक, जीवन बीमा, सामान्य बीमा, बिजली, केंद्र एवं राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों सहित करोड़ों कर्मचारी और मजदूरों के शामिल होने की संभावना है। ट्रेड यूनियनों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चारों लेबर कोड्स मजदूरों और कर्मचारियों के हितों पर सीधा हमला हैं, जिन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

**कथा** — श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर वामन भगवान की सुनाई गई कथा

# धार्मिक आयोजनों से समाज में बढ़ती है सकारात्मक ऊर्जा

**संवाददाता, भरखनी, हरदोई**

**अमृत विचार।** मंगलवार को क्षेत्र के उमरापुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा के दौरान व्यासपीठ से कथावाचक दलबीर शास्त्री ने वामन भगवान की पावन कथा सुनाई गई, जिसमें भगवान विष्णु के वामन अवतार द्वारा राजा बलि के अहंकार के अंत और धर्म की स्थापना का सुंदर प्रसंग विस्तार से बताया गया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे इंजीनियर मनोज कठेरिया ने व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक दलबीर शास्त्री का विधि-विधान से व्यास पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कथा आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पंचम दिवस की कथा में भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और जयकारों से ग्राम उमरापुर गूंज उठा। इस मौके पर सोनपाल राजपूत, ओमपाल राजपूत, भूरे आदि के साथ साथ सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।



व्यास पूजन करते इं. मनोज कठेरिया।

### कथा सुनने से होता है जीवन का उद्धार

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पिपरावां में स्थित भोलेबाबा मंदिर परिसर में नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन चल रहा है। कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक पं गोविन्द मिश्रा ने चौपाई भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी और जेहि दिन राम जनम श्रुति गावहिं तीरथ सकल तहाँ चलि आवहिं गुणगान कर भगवान के जन्म की खुशी और उनके दिव्य रूप का बखान करती हैं। बताते हैं कि उनके जन्म के समय सभी तीर्थ अयोध्या में एकत्रित हो गए थे। इस मौके पर कथा परिक्षित श्रवण कुमार शर्मा अखिलेश पटेल, मुन्नेदर पटेल, बसंत राम, अनूप कुमार, आदि भक्त गण मौके पर मौजूद रहे।



# बंदिगी करते गुज़ारी रात, दुआ को उठे हाथ

**हरदोई, अमृत विचार।** ....या खुदा, जाने या अनजाने में जो गुनाह हो गए हों, उन्हे माफ कर दे, तू ही रहम करने वाला है....'शब-ए-बरात पर बंदिगी कर रहे बंदो ने बारगाह-ए-खुदा में रोते और गिड़गिड़ाते हुए अपने गुनाहों की माफी मांगी। मस्जिदो के अलावा घरों में सारी रात इबादत का सिलसिला चलता रहा।

जैसा कि कहा जाता है कि शब-ए-बरात सारी रातों से अफज़ल रात होती, उस रात की गई इबादत अल्लाह को बेहद पसंद है। उलेमा बताते है कि इस रात को अल्लाह अपने बंदो की बख्शिश के सारे दरवाज़े खोल देता है, सच्चे मन से जो भी दुआ मांगी जाती है, अल्लाह उसे ज़रूर कुबूल करता है। इस बीच मस्जिदों में दीन की बातें हुई और उन पर अमल करने पर ज़ोर दिया गया। मस्जिद सुंदरदाई में पेश इमाम मौलाना यूसुफ ने शब-ए-बरात पर धमाचौकड़ी करने वालों को लताड़ लगाते हुए कहा कि ऐसा करने वाले गुनाहगार बनते है, कसरत से इबादत करना ही शब-ए-बरात का असली मकसद है। इसके अलावा जामा मस्जिद में पेश इमाम मुफ्ती आफताब आलम ने भी शब-ए-बरात की फज़ीलत पर रोशनी डाली। इसी तरह पूरी रात मस्जिदों और घरों में इबादत की गई, बच्चों ने भी इबादत में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

शब-ए-बरात पर अंजुमन इस्लामियां ने कब्रिस्तान की बारादरी में कुरआन ख्वानी का नज़्म किया गया था। पुरखो की कब्रों पर फातेहा पढ़ने वाले वहां पहुंचते रहे।



**न्यूज ब्रीफ**

## ट्रेन से गिरे युवक की हालत गंभीर

**सीतापुर, अमृत विचार।** सिधौली क्षेत्र में लखनऊ से आ रही पैसेंजर ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सिधौली स्टेशन के पास की है, जहां संतुलन बिगड़ने के कारण युवक चलती ट्रेन से नीचे जा गिरा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में भर्ती कराया। घायल की पहचान रामपुर कला थाना क्षेत्र के ग्राम गेरुआ निवासी आलोक (27) पुत्र तेजपाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, आलोक लखनऊ से पैसेंजर ट्रेन में सवार होकर सिधौली आ रहा था। स्टेशन आने से पहले ही वह ट्रेन के गेट पर खड़ा हो गया, तभी संतुलन बिगड़ने से वह ट्रेक के किनारे गिरकर लहूलुहान हो गया।

## लापता किशोर को पुलिस ने किया बरामद

**महोली, सीतापुर।** पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घर से बिना बताए निकले एक किशोर को वाहन चेकिंग के दौरान सकुशल बरामद कर लिया है। लापता किशोर रामपुर जनपद के थाना बिलासपुर क्षेत्र का निवासी है। प्रभारी निरीक्षक महोली जंग बहादुर पाण्डेय के मुताबिक, हेमपुर ओवरब्रिज के निकट वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक किशोर संदिग्ध अवस्था में मिला। पूछताछ करने पर उसकी पहचान रामपुर जनपद के बिलासपुर थानाक्षेत्र स्थित बरखा कॉलोनी निवासी श्री वर्मा पुत्र प्रदीप कुमार वर्मा के रूप में हुई। जांच-पड़ताल के बीच पता चला कि किशोर नाराज होकर अपने घर से निकला था। इसी के बाद महोली पुलिस से संबंधित थाना पुलिस और परिवार को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि परिजनों के आने के बाद किशोर को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग, हड़कंप

**तंबौर, सीतापुर।** तम्बौर कस्बे में देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब बस स्टॉप पर बाबा बुरहानुद्दीन के नजदीक स्थित एक दुकान में गैस सिलेंडर लीक हो गया। तेज लपटों के बीच अफरातफरी मच गई। गनीमत रहा, कोई नुकसान नहीं हुआ। लपटों को किसी तरह बुझाया जा सका।

## दो विद्यालयों से सामान चुरा ले गए शातिर

**लहरपुर, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निबौरी स्थित दो विद्यालयों के रसोई घर का ताला तोड़कर चोरों ने सामान उड़ाया। ग्राम निबौरी स्थित प्राथमिक विद्यालय- एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र मिश्रा के मुताबिक, विद्यालय में खाना बनाने के बर्तन सहित अन्य लोग चुरा ले गए। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि प्रधानाचार्य की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# जर्जर विद्युत तारों से मुक्त हो परिक्रमा मार्ग : डीएम

### चौरासी कोसीय परिक्रमा मेले की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**दिए निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रसिद्ध चौरासी कोसीय होली परिक्रमा मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में कोई चूक न हो। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते हुए लोक निर्माण विभाग को परिक्रमा मार्ग के गड्ढे भरने और मार्गों की झाड़ियों की सफाई तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए। जर्जर तार बदलने, लटकते तारों को ठीक करने और जरूरत के अनुसार ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की हिदायत दी गई। जिलाधिकारी ने घाटों पर बैरिकेडिंग, शौचालय, रंगाई-पुताई और पर्याप्त संख्या में नावों के संचालन का प्रबंध करने को कहा। श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन के लिए प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट दिखने वाले सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस विभाग को पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने और अन्य संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर एसडीएम (न्यायिक) अभिनव कुमार यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

## औद्योगिक विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

**सीतापुर, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, लाभार्थी चयन और अनुदान वितरण की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण और सिंचाई सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। संरक्षित खेती और मूल्य संवर्धन गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। योजनाओं में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए और पात्र किसानों तक इनका लाभ पहुंचाया जाए। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी राजश्री, जिला कृषि अधिकारी संजीव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही सहन नहीं

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जननी सुरक्षा योजना का लंबित भुगतान तत्काल किया जाए और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-कवच और आरसीएच पोर्टल पर डेटा फीडिंग शुद्धता के साथ हो। टीकाकरण की ड्यू-लिस्ट समय पर अपडेट की जाए। प्रभारी चिकित्साधिकारी लेबर रूम रजिस्टर अपडेट रखें और अस्पतालों में साफ-सफाई व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने खराब प्रगति वाले कार्यक्रमों पर नाराजगी जताते हुए बजट के शत-प्रतिशत सदुपयोग और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को सुचारू चलाने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## असलहे के साथ शातिर को दबोचा

**लहरपुर, सीतापुर।** लहरपुर पुलिस ने एक शातिर को अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया। क्षेत्राधिकारी लहरपुर आलोक प्रसाद ने बताया कि थाना लहरपुर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान शादाब पुत्र जमील अहमद निवासी मोहल्ला शेखटोला, लहरपुर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शादाब का आपराधिक इतिहास रहा है, उस पर जनपद खीरी में भी चोरी और धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

- मां शारदे विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर कस्बा स्थित मां शारदे विद्या मंदिर विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों एवं बच्चियों ने बड़ी ही मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

एबीवीपी के विभाग संयोजक अमन शांडिल्य, संस्थापक संजीव सिंह व प्रबंधक खुर्शीद आलम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधक खुर्शीद आलम ने कहा कि शिक्षा के साथ ही बच्चों को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन मुख्तार व सलमान सीतापुरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना भी की गयी।

विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मोहित शुक्ल, धीरज पांडेय, सलाउद्दीन अंसारी, रामनरेश शुक्ल, अशोक अवस्थी, इसरार अहमद बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


प्रस्तुतियां देतीं विद्यालय की छात्राएं। अमृत विचार


कार्यक्रम को संबोधित करतीं विधायक आशा मौर्या। अमृत विचार

## 3.40 करोड़ की लागत से बारात घर निर्माण शुरू

**महमूदाबाद, सीतापुर।** नगर के मोहल्ला संगत किला में बहुप्रतीक्षित बारात घर के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-पाठ के साथ मंगलवार को किया गया। यह निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था (सीएनडीएस) द्वारा कराया जा रहा है। लगभग 3 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह बारात घर करीब 30 हजार वर्ग फुट क्षेत्रफल में विकसित किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर विधायक आशा मौर्या, नगरपालिका परिषद के चेयरमैन आमिर अरफात, तहसीलदार महमूदाबाद अनिल कुमार राम, अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्या, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्र भूषण शुक्ला सहित सभासदगण और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बारात घर के निर्माण से क्षेत्रवासियों को विवाह, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## महंत का स्वागत, जयकारों से गूंजा आकाश

**लहरपुर, सीतापुर।** अयोध्या धाम से कलनापुर तंबौर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में जाते समय हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास महाराज का लहरपुर गेट पर स्वागत किया गया। विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने महंत के आगमन पर पुष्प वर्षा की और उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। पूरा वातावरण 'जय श्री राम' के उद्घोष से भक्तिमय हो गया। कार्यकर्ताओं ने महाराज को प्रभु श्रीराम का चित्र भेंट कर आशीर्वाद लिया। स्वागत से अभिभूत महंत राजू दास ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और उन्हें धर्म पताका फहराते हुए सदैव संगठित रहने का संदेश दिया। इस मौके पर प्रखंड मंत्री राज शुक्ला, नगर अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, दुर्गेश बजरंगी, जगदीश पुजारी, कृष रस्तोगी, क्षितिज रस्तोगी, हिमालय सैनी, अभय मिश्रा, कृष्णा पांडे और सुभाष सहित भारी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।

## नदी में पलटा ट्रक, बचे चालक और खलासी

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** डुमरियागंज बस्ती से धान लादकर हरदोई के लिए जा रहा ट्रक महमूदाबाद थाना क्षेत्र के बाबा कुटी के पास स्थित सुमली नदी पर बने पुल पर अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ता हुआ सुमली नदी में जा गिरा। गनीमत रहा कि हादसे में चालक-खलासी बाल-बाल बचे। चालक की पहचान हरदोई निवासी प्रदीप कुमार और खालसी अंकित कुमार बाल बाल बचे।

## नैमिषारण्य में बीएसएनएल सिग्नल की बाधा

**नैमिषारण्य, सीतापुर।** डिजिटल इंडिया के इस दौर में जहां दुनिया तेज नेटवर्क की रफ्तार से जुड़ रही है वहीं सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के उपभोक्ता आज भी सिग्नल के लिए छतों की खाक छान रहे हैं। जिले के नैमिषारण्य क्षेत्र में बीएसएनएल की सेवा लगभग ठप है। अभ्यर्थी राहुल, रमेश, सुरेश, कामता प्रसाद आदि का कहना है कि घंटों इंतजार के बाद भी एक पेज डाउनलोड नहीं होता। फागुन में होने वाली 84 कोसीय परिक्रमा में श्रद्धालु नैमिषारण्य पहुंचेंगे।

## छह को सजेगी दिव्यांगजन मोबाइल कोर्ट

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद के दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए छह फरवरी को तहसील सदर सभागार में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने बताया कि राज्य आयुक्त दिव्यांगजन द्वारा यह कोर्ट सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक संचालित होगी। विशेष अदालत के लिए जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। डीएम ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत आयोजित इस कोर्ट में दिव्यांगों से जुड़ी विभिन्न शिकायतों और समस्याओं की मौके पर ही सुनवाई कर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय स्पर्धा में तीन छात्राओं का चयन

**सीतापुर, अमृत विचार।** एचसीएल फाउंडेशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की तीन प्रतिभावान खिलाड़ियों सुगंधी, आदर्शनी और शगुन का चयन हुआ है। इससे पूर्व 27 जनवरी को आरएमपी इंटर कॉलेज में हुए प्रारंभिक ट्रायल में स्कूल की चार छात्राओं ने हिस्सा लिया था, जिनमें से इन तीनों ने फाइनल में अपनी जगह बनाई, ये तीनों खिलाड़ी पहले भी राज्य स्तर पर पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ा चुकी हैं। खिलाड़ी शारीरिक शिक्षक डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी की देख-रेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी मार्च माह में लखनऊ में आयोजित होगी।



शहर में मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन करते संगठित मजदूर संगठन के सदस्य। अमृत विचार

## मनरेगा की आत्मा को बचाना जरूरी : ऋचा

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार।** संगतिन किसान मजदूर संगठन के आह्वान पर मनरेगा के बीस वर्ष पूरे होने के अवसर पर मजदूरों ने सड़कों पर उतरकर नए कानून विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कामगारों ने माथे पर काली पट्टी और सिर पर तसला रखा हुआ था। कांशीराम कॉलोनी से शुरू हुई रैली लालबाग चौराहा, गांधी पार्क और आंबेडकर पार्क होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। मजदूरों ने गांधी जी और बाबा साहब को नमन कर अपने अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। जनसभा में नए कानून का विरोध किया गया। सरकार को इसे खत्म करने की अपील की। इस दौरान रामबेटी, बिटोली, जमुना, जगन्नाथ, रामकिशोर, प्रकाश सहित बड़ी संख्या में मजदूर साथी मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**सीतापुर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने 'मनरेगा बचाओ धरना' कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए और जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां एडीएम नीतीश सिंह के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए डॉ. ममता वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ कर रही है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का प्रस्ताव उनकी विचारधारा और गरीब-मजदूरों के प्रति सरकार की विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि वीबी-जीरामजी विधेयक को तत्काल वापस लिया जाए और मनरेगा श्रमिकों का मानदेय 252 रुपये से बढ़ाकर चार सौ रुपये किया जाए। मनरेगा प्रभारी शिवप्रकाश सिंह और उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान ने कहा कि नई प्रणाली के कारण श्रमिकों के भुगतान में देरी हो रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था संकट में है। किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राजेश सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि देश को रोजगार चाहिए, नाम बदलने की राजनीति नहीं। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि श्रमिकों की अनदेखी बंद नहीं हुई, तो पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, संजीव गुप्ता, अनिल दीवान, फारुख आलम, दीपा वैश्य, शबनम, हसीना अंसारी, मीना मिश्रा, अतुल भार्गव, ओमकार नाथ मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देतीं कांग्रेस पार्टी की जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा। अमृत विचार

## महोली में वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यालय के छात्र। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोली में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में छात्र-छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों और प्री-लिटिगेशन (मुकदमे से पूर्व) स्तर पर दाम्पत्य विवादों के समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया। सचिव विजय भान ने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा शिविर की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मध्यस्थ अधिवक्ता विमल मोहन मिश्रा और भूपेंद्र दीक्षित ने भी जनमानस के विधिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य स्वामी नाथ द्विवेदी, अध्यक्ष श्याम अग्निहोत्री और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# शब-ए-बारातः कब्रिस्तान और मस्जिद हुई रोशन

**अमृत विचार टीम, सीतापुर।** जिले में शब-ए-बारात परंपरागत रूप से संपन्न हुई। सांझ ढलने पर कब्रिस्तानों में पुरखों की याद में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, दुआएं की। रोशनी से सजी मस्जिदों और दरगाहों में देर रात तक नमाज पढ़ी गईं। मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली को लेकर दुआएं हुई। मुख्य मार्गों और प्रमुख स्थलों पर पुलिस मुस्तैद दिखी। शब-ए-बारात को लेकर सुबह से तैयारियां शुरू की गई। पुरखों की याद और गुनाहों की माफी के लिए सभी ने घर, मस्जिद, कब्रिस्तान और दरगाहों की साफ-सफाई कर रोशनी से रोशन किया। बाजार में फल, फूल, खोया और खाद्य पदार्थों की जमकर बिक्री हुई। बड़ी संख्या में अगरबत्ती और मोमबत्तियां भी खरीदी गईं। सांझ ढलने पर कब्रिस्तानों में लोग पहुंचे। शहर स्थित हुसैनगंज कब्रिस्तान, ईदगाह कब्रिस्तान सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कब्रिस्तानों में लोगों ने जाकर दुआएं की। बाद में दरगाह, मस्जिदों और घरों पर नमाज पढ़ी गई। खैराबाद स्थित बड़े मखदूम साहब मजार के सज्जादा नशीन शोएब मियां ने बताया कि मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गई। पुलिस प्रमुख स्थानों और स्थलों पर मुस्तैद दिखी।

## बाबा कुटी पुल के निकट 20 फीट नीचे नदी में गिरा ट्रक

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** महमूदाबाद मार्ग पर बाबा कुटी पुल के पास पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से एक बड़ा हादसा हो गया। डुमरियागंज से हरदोई जा रहा धान से लदा एक ट्रक कोहरे और सड़क पर बने गहरे गड्ढे के कारण अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा। गनीमत रही कि चालक और कंडक्टर ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुल से पहले बने गहरे गड्ढे में पहिया फंसते ही ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए करीब बीस फीट नीचे नदी में जा गिरा। गिरने से पहले ट्रक एक पेड़ से टकराया, जिससे उसकी गति कुछ कम हुई। हादसे में ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और धान की दर्जनों बोरियां नदी में बह गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह गड्ढा लंबे समय से हादसों को दावत दे रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गड्ढों को नहीं भरा गया और पुल की मरम्मत नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## जिले के स्कूलों में गूंजेंगी खबरों की सुर्खियां

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के सामान्य ज्ञान और भाषा कौशल को निखारने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब जिले के सभी स्कूलों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान पन्द्रह मिनट का समय समाचार पत्र पढ़ने के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। सभी नगर और ग्रामीण क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में प्रथम पाली में समाचार पत्र वाचन कराया जाएगा। विद्यालयों को हिंदी और अंग्रेजी के प्रतिष्ठित व स्तरीय समाचार पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करना और उन्हें देश-दुनिया की समसामयिक घटनाओं से अपडेट रखना। जिलाधिकारी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्कूलों में समाचार पत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि शासन के इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन हो सके।

## दुकानदार और रिक्शा चालक से हुई ठगी

**लहरपुर, सीतापुर।** नगर के मजा शाह चौराहा के पास एक शातिर ठग ने किराना व्यापारी और ई-रिक्शा चालक को अपना निशाना बनाया। ठग ने खुद को ग्राहक बताकर हजारों का चूना लगाया और फरार हो गया। मोहल्ला शाह कुली पुर निवासी मोहम्मद याकूब की दुकान पर एक अज्ञात व्यक्ति ई-रिक्शा लेकर पहुंचा। उसने शादी का झांसा देकर करीब बारह हजार का सामान रिक्शे पर लदवाया। जब दुकानदार ने भुगतान मांगा, तो आरोपी पैसे मंगवाने के बहाने दुकान से बाहर निकला और रफूचक्कर हो गया। काफी देर इंतजार के बाद जब दुकानदार ने छानबीन की तो पता चला कि सामान के बीच से साढ़े सत्रह सौ की सिगरेट गायब थी। ठग ई-रिक्शा चालक का मोबाइल भी मांगकर चंपत हो गया था। चौकी प्रभारी मनोज गुप्ता ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**तालगांव, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र लहरपुर के अंतर्गत अकबरपुर गांव में शारदा सहायक नहर के किनारे पेड़ से लटका शव मिला। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस आत्महत्या का दावा करते हुए जांच कराए जाने की बात कह रही है। तालगांव निवासी रामगुनी के मुताबिक, उनके पति रामचंद्र उर्फ रामू (40) पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था, जिसके कारण वह मायके चली गई थी। ग्रामीणों के मुताबिक, रामचंद्र ससुराल आया था, यहां दंपति के बीच फिर विवाद हुआ। घर लौटने के बाद अचानक लापता हो गया, बाद में उसका शव मफलर के सहारे लटका मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद का लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने और परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली नगर क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए एक विचाराधीन बंदी न्यायालय अभिरक्षा से चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपी की खोज में जुटी है। कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला मछली मण्डी वासी रोहित मारुति पॉक्सो एक्ट के तहत कारागार में निरुद्ध था। बताते हैं कि कारागार से आरोपी रोहित को कारागार लाया गया। जहां पॉक्सो कोर्ट में आरोपी हाजिर हुआ। कोर्ट से वापसी के दौरान मौका पाकर रोहित पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भाग निकला। बंदी के फरार होते ही कचहरी परिसर और पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले और प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। बाद में फरार बंदी की तलाश में शहर और नाकेबंदी की, सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। एएसपी का कहना है कि फरार रोहित मारुति पर चोरी के भी कई पुराने मामले दर्ज हैं। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से पूछताछ की जा रही है और स्वाट टीम सहित कई थानों को अलर्ट पर रखा गया है। जल्द ही आरोपी को दोबारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


जिलाधिकारी से मिलने आए पीठ के महंत। अमृत विचार

## नवनिर्मित भवन का होगा लोकार्पण

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार।** लोनियापुरवा स्थित तपोधाम आश्रम, बाबा गिरधारी नाथ महाराज के स्थापना दिवस पर दो दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आश्रम के पीठाधीश्वर महंत योगी तेज नाथ ने बताया कि आठ फरवरी को दोपहर एक बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा आश्रम से शुरू होकर हरदोई चुंगी, कैंची पुल और अटल चौक होते हुए वापस आश्रम पहुंचेगी। आगामी नौ फरवरी को योगी अवधूत महासभा के अध्यक्ष व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में हवन-पूजन, नवनिर्मित भवन का लोकार्पण एवं विशाल भंडारे का आयोजन प्रस्तावित है।

## दस वांछित व वारंटी किए गये गिरफ्तार

**सीतापुर/रामकोट।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल दस वांछितों व वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना रामकोट पुलिस ने वांछित सुनील पुत्र रामऔतार निवासी शाहरपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के साढ़े चार हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। सुनील पर पहले से भी चोरी और आबकारी अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं। मानपुर में चार वारंटी अनिल, सरयू, रामासरेय व सुनील को गिरफ्तार किया गया। थानगांव में अमेरिका और टेके उर्फ रामबरन पकड़े गए। साथ ही मछरेहटा, संदना व महोली में प्रत्येक थाने से एक एक वारंटी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई।

# किसानों ने जानी खेती की नई तकनीक

बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार।** किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, औषधीय एवं सगंध पौधों की खेती तथा मूल्य संवर्धन की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया में सीमैप (केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान) लखनऊ द्वारा आयोजित किसान मेले में 66 किसानों के दल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण का नेतृत्व प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य किसानों को औषधीय एवं सगंध फसलों की वैज्ञानिक खेती, उत्पादन तकनीक, प्रसंस्करण एवं विपणन से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान किसानों को सीमैप लखनऊ के वैज्ञानिकों द्वारा तुलसी, मेंथा, अश्वगंधा, स्टीविया, लेमनग्रास, पामारोजा, सिट्रोनेला एवं अन्य औषधीय पौधों की उन्नत प्रजातियों की जानकारी दी गई। साथ ही फसलों की नर्सरी उत्पादन तकनीक, रोपाई विधि, उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था तथा रोग-कीट नियंत्रण के आधुनिक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषक दल में बिसवां, कसमंडा, परसेंडी, सकरन विकास खंडो से अशोक गुप्ता, हादी खान, योगेश, विद्याधर वाजपेई, सीतादेवी, प्रमोद सिंह, खुशवंत सिंह सहित 66 कृषक शामिल रहे।



शैक्षणिक भ्रमण के लिए जाते किसान। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

## लेखपाल पर गलत पैमाइश कर शौचालय तोड़वाने का आरोप

**महराजगंज :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत जहां शौचालय के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं लेखपाल ने गलत पैमाइश करते हुए एक शौचालय को तोड़वा दिया। मामता क्षेत्र के कैलाश सिंह मजरे ज्योना गांव का है। सोनी पत्नी विनय कुमार ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके गांव के तालाब पर बने मकान व अवैध कब्जा करने की शिकायत की गई थी। जांच में पहुंचे हल्का लेखपाल ने गलत तरीके से शौचालय को ढहवा दिया।अब लेखपाल द्वारा उसे धमकाया जा रहा है। मामले में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जांच कर लेखपाल पर कार्यवाही का भरोसा दिया है।

## प्रेशर कुकर फटने से किशोरी झुलसी

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजामऊ गांव में मंगलवार की सुबह खाना बनाते समय प्रेशर कुकर फटने से एक किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। घायल किशोरी कोमल पुत्री राजकुमार घर में चूल्हे में खाना बना रही थी, तभी हादसे का शिकार हो गई। चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने बताया कि घायल किशोरी का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## विवाद में जमकर चले ईंट-पत्थर

**अमावा :** एरिया थाना क्षेत्र के देवानंदपुर में पुड़िया के रेट को लेकर हुए विवाद में जमकर ईंट-पत्थर चल गए। मिल एरिया थाना क्षेत्र के देवानंदपुर में सोनी सोनकर पत्नी कमलेश द्वारा देर शाम पुड़िया लेने गई थी, जहां दुकानदार द्वारा मूल्य अधिक होने की बात कही। उसके बाद किसी बात को लेकर के कहासुनी हो गई। इसी दौरान दोनों पक्ष उत्तेजित हो गए। आरोप है कि दुकानदार के पक्ष वालों ने ईंट और पत्थर चलाना शुरु कर दिया जिसमें बीच बचाव करने आए युवक श्रवण कुमार, कमलेश कुमार घायल हो गए। थाना प्रभारी विंनधय विनय ने बताया कि मौके पर जांच की गई है। कुछ युवकों को पकड़ा गया है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## नौकरी के नाम पर पैसे ऐंठने पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज :** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के साकेत नगर निवासी अनुराग चौहान पुत्र अनिल चौहान ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। उसका कहना है कि उत्तरा गौरी निवासी आनंद प्रताप सिंह पुत्र उपेंद्र सिंह ने रेलवे विभाग में फार्मासिस्ट की नौकरी दिलाने के नाम पर 25 अप्रैल 2025 को उससे दो लाख रुपए लिए थे। नौकरी न मिलने पर पैसा वापस मांगने पर आनंद प्रताप सिंह ने 90 हजार रुपए वापस कर दिया। शेष पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा ऐंठने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट तीन लोग घायल

**लालगंज :** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे ओरी मजरे महाखेड़ा गांव में रास्ते में मिट्टी डालने के विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है। एक पक्ष से सौरभ दीक्षित पुत्र पुत्र कृपा शंकर ने नितिन कुमार, गौरव कुमार, सुंदरलाल और रामादेवी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है वहीं दूसरे पक्ष से रामादेवी ने झल्लू, बउवा, शुभम और सरला के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मारपीट की घटना में सौरभ, रामादेवी और नितिन को चोट आई है। वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल करा कर मामला दर्ज किया गया है।

# डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** यमराज के रूप में सड़कों पर दौड़ रहे डंपर की टक्कर से मंगलवार को फिर एक घर का चिराग बुझ गया। तेज़ रफ्तार डंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

भदोखर थाना क्षेत्र के ग्राम बेला टेकई निवासी अनुज शुक्ला (35) पुत्र इंद्र कुमार शुक्ला मंगलवार को दोपहर के समय अपने साथी दिवाकर तिवारी के साथ स्कूटी पर सवार होकर मुराई बाग कस्बा किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कुटिया चौराहे भरसना मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें ज़ोरदार टक्कर मार दी । इसमें स्कूटी चला रहे अनुज शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा दिवाकर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के भाई मनोज ने बताया कि हम लोग अपने गांव बेला टेकई से मुराई बाग खाना बनाने के लिए जा रहे थे। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे दो बच्चों व पत्नी को छोड़ गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक डलमऊ राघवन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# दिव्यांगों की समस्याओं का तत्काल करें निराकरण: प्रो. हिमांशु

संवाददाता, रायबरेली

आयोजन

- राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन ने मोबाइल कोर्ट के दौरान दिए निर्देश

**अमृत विचार।** सामुदायिक केन्द्र रतापुर में राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश प्रो. हिमांशु शेखर झा ने दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया। इस मोबाइल कोर्ट में अपनी समस्याओं के साथ आए दिव्यांगजनों की समस्याओं पर राज्य आयुक्त ने सुनवाई करते हुए मौके पर ही निराकरण किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता प्रमाणन (मेडिकल बोर्ड), यूडीआईडी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, रेल कन्सेशन प्रमाण-पत्र आदि के स्टॉल लगाए गए। शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों की कुल 182 शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। मोबाइल कोर्ट में समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग, नगर निकाय, विद्युत




समस्याओं को सुनते मुख्य अतिथि राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा व साथ में जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी। अमृत विचार

विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग विभा सहित अन्य अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही संबंधित बैंकों के अधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा भी उपस्थित रहे। दिव्यांगता प्रमाणन हेतु चिकित्सकीय बोर्ड की उपस्थिति सुनिश्चित की गई और आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। मोबाइल कोर्ट के माध्यम से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की मूल भावना के अनुरूप विशेषकर ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग लखनऊ मंडल राजेश मिश्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबेर्दुरहमान आदि मौजूद रहे।

# तेज हवा और बारिश से किसानों की उड़ी नींद

## मौसम का बदला मिजाजः रिमझिम बरसात से मुस्कुराई रवि की फसल, सरसों को हुआ नुकसान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मौसम ने एक बार फिर से करवट बदली है। बीते कुछ दिनों से आसमान में बादल आ जा रहे थे। वहीं मंगलवार की सुबह तेज हवाओं के साथ बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी। इससे जहां एक ओर तापमान में गिरावट दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर खेतों में खड़ी रवि की फसल खिलखिला उठी। हालांकि सरसों के साथ दलहन की फसल को बारिश से नुकसान हुआ है।



ऊंचाहार क्षेत्र में खेतों में लहलहा रही गेहूं की फसल। अमृत विचार



खेत में गिरी पड़ी सरसों की फसल। अमृत विचार

पूरे क्षेत्र में मौसम के बदले मिजाज ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। यह बारिश गेहूं की फसल के लिए बेहद फायदेमंद मानी जा रही है। किसानों के अनुसार, गेहूं की फसल को दाने के भराव की प्रक्रिया तक कम तापमान की आवश्यकता होती है। वर्तमान में हो रही हल्की बारिश ने न केवल मिट्टी में आवश्यक नमी प्रदान की है, बल्कि यूरिया और अन्य पोषक तत्वों के अवशोषण में भी मदद मिलेगी। फुहार के रूप में पड़ रही यह बारिश पौधों के स्वास्थ्य के लिए उत्तम है।

**बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें :** बछरावां क्षेत्र के किसान प्रीतेंद्र मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, शैलेंद्र यादव, आशीष कुमार, संजय शुक्ला, अमित शर्मा, देवीशंकर शुक्ला, डॉ लक्ष्मीकांत मिश्रा, सत्यनारायण कुशवाहा, राजेश सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह आदि का यह कहना है कि मंगलवार सुबह से हो रही यह बारिश गेहूं की फसल के लिए तो कारगर साबित हो रही है परंतु तिलहन की फसल को नुकसान पहुंचा सकती है। वहीं किसानों का यह भी मानना है की बारिश के साथ चल रही तेज हवाएं दोनों फसलों के लिए नुकसानदायक है, क्योंकि तेज हवा के कारण रबी की यह फसलें जो अपने अंतिम चरण से पूर्व के चरण की स्थिति में है, उनके गिरने का खतरा बढ़ गया है। साथ ही साथ बारिश ने तो किसानों के चेहरे पर खुशी लाई है, परंतु बारिश के साथ चल रही तेज हवा ने उक्त किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें भी खींच दी है। जो कहीं न कहीं किसानों की कई महीने की कड़ी मेहनत पर पानी फेर सकती हैं।

## आकाशीय बिजली से नीम का पेड़ और बारातघर क्षतिग्रस्त

**खीरों (रायबरेली)।** मंगलवार को सुबह से खीरों क्षेत्र में हुई तेज बारिश के दौरान पहरौली मजरे रनापुर पहरौली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक नीम का पेड़ और बारातघर का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान बारातघर में मौजूद कुछ ग्रामीण बाल बाल बच गए। पहरौली निवासी आशीष चौधरी, विपिन कुमार, पप्पू खान, हैदर अली, मोबीन खान, अतीक खान आदि ने बताया कि घटना के समय कई लोग बारिश से बचने के लिए बारातघर में रुके हुए थे। गनीमत रही कि किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में वीणापाणि के बच्चों ने जीता दिल

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आयोजित सातवें राष्ट्रीय सम्मेलन में वीणापाणि इंटर कालेज के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सबका दिल जीत लिया। नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है।



सम्मेलन में विजेता कॉलेज के छात्र-छात्राएं।

कालेज के प्रधानाचार्य अजीत शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं ए की टीम ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम में रुचि चौरसिया, वंशिका मौर्या, नाज़रीन बानो, आराध्या सिंह एवं शिखा यादव शामिल रहीं। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। इसके साथ ही ड्राइंग प्रतियोगिता में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रियंशा गौतम (कक्षा नौ ए) और मौसमी पाल (कक्षा 10 ए) को उनके बेहतरीन चित्रकला प्रदर्शन के लिए विशेष उल्लेख से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी है।कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

## रामलीला में शानदार प्रस्तुति देकर मोहा मन

**बछरावां (रायबरेली)।** विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा में श्री द्वारकाधीश रामलीला समिति सरौरा की ओर से दो दिवसीय रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला में स्थानीय गांव निवासी मनोज कुमार ने महाराज दशरथ, शिवम ने महाराज जनक, अनुराग ने विश्वामित्र, हर्षित ने भगवान राम, शिवराम कृष्णन पांडे ने लक्ष्मण, प्रेमचंद ने बाणासुर एवं अरुण कुमार आदि प्रमुख पात्रों ने अपने अभिनय का मंचन कर कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को अपने अभिनय से मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम दो दिवसीय होता है और प्रथम दिन यह कार्यक्रम महाराज दशरथ एवं विश्वामित्र संवाद से शुरू होकर द्वितीय दिवस दिन में राम बारात निकालने के उपरांत रात में जनक सभा के पश्चात सीता स्वयंवर का मंचन कर समाप्त किया गया।



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

# फसल की रखवाली कर रहे किसान पर डंपर पलटा, मौत

ऊंचाहार (रायबरेली)

- पूरे करसेनी मजरे अरखा गांव के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** सोमवार की देर रात क्षेत्र के पूरे करसेनी मजरे अरखा गांव के पास राख से लदा एक अनियंत्रित डंपर पलट गया। इससे खेत में सो रहे किसान की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

घटना सोमवार की रात करीब 11 बजे की है। एनटीपीसी की अरखा ऐस डाइट से राख लादकर एक डंपर करसेनी गांव के रास्ते से गुजर रहा था। उसी दौरान गांव का निवासी अनिल कुमार पाल अपने खेतों की रखवाली के लिए वहां बने मचान पर सो रहा था। अचानक डंपर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे डंपर सीधे खेत में जाकर पलट गया। दुर्भाग्यवश, अनिल कुमार पाल इस भारी-भरकम वाहन की चपेट में आ गया और दबने से उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मृतक अनिल कुमार पाल की शादी तय हो चुकी थी और अप्रैल में उनके घर शहनाई गूंजने वाली थी। वह एनटीपीसी में एक दैनिक श्रमिक के रूप में काम करते थे और अपने परिवार का सहारा थे। जिस घर में कुछ ही दिनों बाद शादी की तैयारियां शुरू होनी थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है।



अनिल कुमार पाल की फाइल फोटो।

**विषाक्त पदार्थ खाने से युवक गंभीर, जगतपुरः** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के किशुनदासपुर निवासी वीरेन्द्र कुमार पुत्र राम बहादुर (22) घरेलू कलह के चलते विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां युवक का इलाज किया जा रहा है। वहीं सीएचसी अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि एक युवक विषाक्त पदार्थ खा करके गंभीर हालत में आया था। उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।


# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का लटकता मिला शव, मचा हड़कंप

बछरावां (रायबरेली)

- राजामऊ गांव का मामला फॉरेंसिक टीम ने की जांच

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजामऊ गांव में मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव गांव के बाहर खेतों के पास अजीबो-गरीब अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया। जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह गांव की कुछ महिलाएं अपने खेतों की तरफ जा रही थी, तभी उन्होंने खेत की मेड़ के किनारे ननकऊ पुत्र रामभरोसे निवासी राजामऊ का शव पेड़ की डाल से लटकते देखा। सूचना ग्रामीणों एवं मृतक युवक के परिजनों को दी गई। सूचना गांव में आग की तरह फैलते ही घटनास्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया और उक्त स्थान पर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। वहीं ग्रामीणों के द्वारा सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। स्थानीय पुलिस को मृतक युवक के पास से दो मोबाइल फोन, जिनमें एक स्मार्टफोन और एक कीपैड फोन के साथ-साथ उसकी प्लैटिना गाड़ी की चाबी भी उसकी कमर से लटकी हुई बरामद हुई है। फिलहाल गाड़ी का अभी पता नहीं चल पाया है। परिजनों का कहना है कि ननकऊ सोमवार की देर शाम घर से बिना बताए गायब हो गया था। वहीं थाना प्रभारी बछरावां श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। परिजनों के द्वारा जो भी तहरीर प्राप्त होगी, उसके आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।



ननकऊ की फाइल फोटो।

**संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला दिव्यांग का शव, सलोनः** कोतवाली क्षेत्र के गौवा बाजार में एक दिव्यांग युवक का शव टीनशेड के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता पाया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों पैरों से दिव्यांग युवक का शव फांसी के फंदे पर मिलने से चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूची चौकी क्षेत्र के गौवा बाजार मजरे इटारा निवासी दिव्यांग युवक राजू जायसवाल (45) पुत्र स्व. किशोरीलाल का शव घर के समीप स्थित टीनशेड के नीचे फांसी के फंदे से लटकती पाई गई है। वही मृतक की मां ने बताया कि जब उसने बेटे का शव देखा तो गमछे से टीनशेड के नीचे उसका शव लटका था। घटना की सूचना पर पहुंची मृतक की मां कलावती ने शव को फंदे से उतार कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर सूची चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि उनके पहुंचने से पहले ही शव को फंदे से उतार लिया गया था। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद युवक की मौत से पर्दा उठ सकेगा। कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर नही मिली है।

## पुलिया का निर्माण होने से आवागमन होगा सुगम


**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** विकास खंड के बसकटा के जमुरवां गांव में प्राइमरी स्कूल के पास सलेथू रजबहा से निकली माइनर पर बनी पुलिया की रेलिंग काफी समय से टूटी थी, जिसका निर्माण अब पीडब्लूडी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। इस पुलिया के निर्माण होने से राहगीरों की राह आसान हो जायेगी। पुलिया टूटी होने से राहगीर और छोटे वाहनों को कई किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा था। महराजगंज-हैदरगढ़ मार्ग स्थित कुसुढ़ी सागरपुर चौराहा महराजगंज-शिवगढ़ मार्ग स्थित हसनपुर चौराहे को जोड़ने वाले सड़क के मध्य जमुरवां गांव में माईनर पर टूटी पुलिया से होकर कुसुढ़ी सागरपुर, हलोर, बसकटा, कोटवा मदनिया, हसनपुर, पाराकलां, गढ़ी पोखरनी, कैलासपुर आदि गांवों के लोगों को दो साल से परेशानी उठानी पड़ रही थी। जमुरवां गांव के सुरेश कुमार, रामप्रसाद, राजेन्द्र कुमार, पंकज श्रीवास्तव, रामकिशोर वैश्य, नीरज श्रीवास्तव, रामअवध, आशुतोष, संदीप, राधेश्याम, रामपियारे, गयाप्रसाद, अशोक कुमार श्रीवास्तव आदि ने बताया कि पुलिया टूटी होने से राहगीरों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही थी। लोगों को अन्य मार्ग से आने जाने में लगभग दस किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता था। अब निर्माण शुरू होने से जल्द ही आवागमन शुरू हो जाने की खुशी है।



पुलिया निर्माण के लिए लगाई गई जेसीबी।

## सखी बन परिवार की आर्थिक मदद करेंगी महिलाएं

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीसी सखी का चयन किया जा रहा है। वर्तमान में जिले के कई ग्राम सभाओं में पद रिक्त है। एनआरएलएम की ओर से रिक्त पदों के लिए चयन परीक्षा जिला पंचायत सभागार में कराई गई। इसमें 14 विकास खंडों से 150 से अधिक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा में सफल होने के बाद उन्हे धरातल पर काम करने के लिए प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। डीसी एनआरएलएम सविता सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। समूह की महिलाओं में से ही बीसी सखी का चयन किया जाता है। इसमें महिलाएं बैंक से जुड़कर अपने गांव क्षेत्र में धन निकासी और जमा करने का कार्य करती है। इसमें उन्हें कमीशन का प्राविधान है। एलडीएम रुपेश दुबे ने कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक बेहतर अवसर है। इससे वह अपने परिवार की आर्थिक दशा को भी बेहतर बना सकती है। डायरेक्टर आरसीटी नरेश कुमार मीणा, सहायक विकास अधिकारी डीह धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मनोज कुमार, जिला मिशन प्रबंधक तीरथ, शैलेश तिवारी, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।



बीसी सखी की परीक्षा देतीं महिलाएं।

अभियान

जनपद में फार्मर रजिस्ट्री के लिए किया जाएगा प्रचार-प्रसार

# डीएम ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर से फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद रायबरेली में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के कुल लाभार्थियों की संख्या 543325 कृषको की फार्मर रजिस्ट्री की जानी थी, जिसमें 62534 कृषक विभिन्न कारणों से अपात्र पाए गए। इस प्रकार फार्मर रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य 480791 सापेक्ष अभी तक 313379 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनायी जा चुकी है जो लक्ष्य का 65.18 प्रतिशत है।



प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखातीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने बताया कि शेष बचे 167412 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु प्रचार-वाहनों को हरी झंडी दिखाकर समस्त विकास खंडों के लिए रवाना किया गया है, जो समस्त विकास खण्डों में 10 दिन तक प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा।

उप निदेशक कृषि विनोद कुमार ने बताया कि जनपद में यह प्रयास किया जा रहा है कि समस्त पात्र कृषक जिनकी फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है, वह सामने आये और उनकी फार्मर रजिस्ट्री बन जाये। सरकार की किसानों के लिये संचालित समस्त योजनाओं का संचालन फार्मर रजिस्ट्री के डाटा से ऑनलाइन होना है, सरकार की योजनाओं का लाभ केवल फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को ही मिल पायेगा। खरीफ 2026 से अनुदानित उर्वरक भी इस डाटा के अनुसार उपलब्ध होगा। किसान क्रेडिट कार्ड, आपदा की स्थितियों में क्षतिपूर्ति का आकलन , न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ख़रीद और फसल बीमा की क्षतिपूर्ति भी फ़ार्मर्स रजिस्ट्री के डाटा से बिना सत्यापन शीघ्रता से किया जायेगा। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय मौजूद रहे।

## बीडीओ ने प्रचान वाहन को किया रवाना

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** सरेनी विकास क्षेत्र में मंगलवार को फार्मर रजिस्ट्री प्रचान वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बीडीओ प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शासन द्वारा किसानों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि की किस्त, खाद एवं उर्वरक का क्रय, खाद्यान की खरीद आदि के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उन्हें उपरोक्त योजनाओं से वंचित होना पड़ेगा। इसलिए क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री प्रचान वाहन को लगाया गया है ताकि कोई भी किसान इससे वंचित न होने पाए। इस मौके एडीओ एजी विमलेश कुमार, एडीओ पंचायत सत्येंद्र मिश्रा, आदि लोग मौजूद रहे।

## चार गांवों का आदर्श ग्राम योजना में चयन

**जगतपुर (रायबरेली)।** विकास क्षेत्र के जमोड़ी, कोडिय़ा, बैरी हार, चंदौली गांव को आदर्श ग्राम योजना के तहत चयन किया गया है। आदर्श ग्राम योजना के तहत पंचायत में अनुसूचित जाति अधिक आबादी होने के आधार पर इन्हें इस योजना में शामिल किया गया है और गांव में विकास कार्य के लिए सरकार की ओर से 20 लाख रुपए से विकास कराया जाएगा। जिसमें गांव में स्वीकृत योजना के अनुसार नाली निर्माण सोलर लाइट तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए ग्रामीणों के लिए कार्य कराए जाएंगे। जिसमें ग्राम प्रधान और सहायक विकास अधिकारी के नाम संयुक्त खाता खोला जाएगा। इसी खाते से धनराशि खर्च होगी। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने दी है।

## कॉलेज में प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**लालगंज (रायबरेली)।** बैसवारा इण्टर कॉलेज में प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह एवं प्रबन्धक लाल देवेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में प्रबन्ध कार्यकारिणी की मीटिंग आहूत की गई। जिसमें शिक्षकों के प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति आदि आवश्यक मुद्दों पर परिचर्चा हुई। यहां पर अध्यक्ष एवं प्रबन्धक द्वारा सभी सदस्यों को स्मृति कोलाज भेंट किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह, उपप्रबन्धक कुंवर ब्रह्मप्रकाश सिंह, अवनेन्द्र सिंह, रवीन्द्र कुमार सिंह, पीके गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, बीएन विश्वकर्मा, महेश प्रताप सिंह, दुर्गा बक्स सिंह, संतोष कुमार सिंह, सुरेन्द्र बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।



सदस्यों को प्रतीक चिह्न भेट करते प्रोबंधक देवेंद्र बहादुर।

न्यूज ब्रीफ

### मौत के मामले में ससुरालीजनों पर केस दर्ज

**लालगंज (रायबरेली) :** उत्तरा गौरी गांव की विवाहित ज्योति की मौत के मामले में मृतका के पिता केसन निवासी ददरी ने पुलिस से शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के आधापर पर पति सत्येंद्र, ससुर प्रमोद सहित सासु, जेठ, जेठानी और देवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ज्योति ने रविवार को जहर खा लिया था जिसके चलते उसकी एम्स रायबरेली में मौत हो गई थी। पुलिस मृतका के पति सत्येंद्र से पूछताछ कर रही है।

### बच्चों में भाषा गणित की मापी दक्षता

**रायबरेली :** डायट के प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण आकलन सर्वे कराया जा रहा है। नोडल अभिवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सर्वे के सातवें दिन फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स द्वारा 172 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों का आकलन किया गया। विद्यालयों में सत्र भर में भाषा व गणित के पठन पाठन का आकलन राज्य सरकार की मंशा के अनुसार किया जा रहा है।

### दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**सिंहपुर (अमेठी ) :** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पूरे सूबेदार मजरे खरावां की रहने वाली सोनी ने गांव के ही रामकरन प्रजापति व अतुल प्रजापति पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता सोनी ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर आरोपियों ने एकजुट होकर लाठी डण्डो से मारने लगे ।जिससे उसे गंभीर चोटें आयी है ।थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### भ्रष्टाचार के आरोप में ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकास खंड लम्भुआ में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी फैयाज खान को अनियमितताओं के आरोप में जिला पंचायत राज अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। उन पर अपात्र लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, करीब 1.20 लाख रुपये के दुरुपयोग व पंचायत भवन निर्माण कार्य में लापरवाही के आरोप हैं। मामले की जांच एडीओ पंचायत जयसिंहपुर को सौंपी गई है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# रोडवेज बस को यात्रियों ने लगाया धक्का

## लापरवाही: रोडवेज की व्यवस्था पर खड़े हुए सवाल, सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा वीडियो



रोडवेज बस को बारिश के दौरान भीगते हुए धक्का लगाते यात्री। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक बस अमेठी बस स्टेशन पर खराब होने पर यात्रियों को उसे धक्का लगाना पड़ा। घटना के समय तेज बारिश हो रही थी, फिर भी यात्रियों ने भीगते हुए बस को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। यह दृश्य सोशल मीडिया पर वीडियो तेज़ी से वायरल हो रहा है और व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

बस के अचानक बंद हो जाने से यात्रियों को काफ़ी असुविधा का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक और परिचालक ने बस को ठीक करने के कई प्रयास किए, लेकिन वे सफल नहीं हुए। मजबूरी में, यात्रियों ने स्वयं ही बस को धक्का लगाने का निर्णय लिया ताकि सड़क पर आवागमन बाधित न हो। धक्का लगाने के दौरान वे बारिश में भीगते रहे।

यह घटना किसी राहगीर या यात्री द्वारा मोबाइल से रिकॉर्ड की गई और सोशल मीडिया पर साझा कर दी गई। वीडियो वायरल होने के बाद यह चर्चा का विषय बन गया है। कई लोग इसे परिवहन निगम की लचर व्यवस्था का परिणाम बता रहे हैं, जबकि कुछ यात्रियों की मजबूरी और उनकी एकजुटता की सराहना भी कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्रामीण और कस्बों में चलने वाली रोडवेज बसों की स्थिति अक्सर चिंताजनक रहती है। नियमित तकनीकी जांच और रखरखाव के अभाव के कारण यात्रियों को इस तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है। विशेष रूप से खराब मौसम में, ऐसी घटनाएं यात्रियों के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। वायरल वीडियो के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि परिवहन विभाग इस मामले को गंभीरता से लेगा।

### बदहाली: हल्की बरसात में हुआ जलभराव

**जगदीशपुर (अमेठी) अमृत विचार।** प्रदेश सरकार जहां औद्योगिक विकास और स्मार्ट सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र की बहुउद्देशीय कॉलोनियों की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। बहुउद्देशीय कॉलोनी सेक्टर-16 में जगह-जगह महीनों से पानी जमा है। जलनिकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे सड़कें तालाब में तब्दील हो चुकी हैं। वहीं आवासीय कॉलोनी सेक्टर-5 की मुख्य सड़क वर्षों से पूरी तरह जर्जर पड़ी है। सड़क के बीचों-बीच गंदा पानी बहता रहता है, नालियां पूरी तरह जाम हैं। हल्की बारिश में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग, महिलाएं और आम नागरिक रोज़ जान जोखिम में डालकर इसी सड़क से गुजरने को मजबूर हैं। इस इलाके में 1000 से अधिक मकान हैं और हजारों की आबादी निवास करती है। हैरानी की बात यह है कि यहां के निवासियों से नियमित रूप से रख-रखाव के नाम पर शुल्क भी वसूला जाता है, बावजूद इसके बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। न सड़क की मरम्मत होती है, न नालियों की सफाई और न ही जल निकासी की कोई ठोस योजना दिखाई देती है। वहीं स्थानीय निवासी मनीष त्रिपाठी, संदीप पाण्डेय आदि ने बताया कि जिम्मेदार विभाग और प्राधिकरण आंख मूंदे बैठे हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद सिर्फ आश्वासन मिलते हैं, कार्रवाई शून्य है। अब सवाल यह है कि जब पैसा लिया जा रहा है तो सुविधाएं कहां हैं।



औद्योगिक क्षेत्र में बारिश से हुआ जलभराव।

# आत्मनिर्भर बनने को 60 युवाओं का दल रवाना




प्रशिक्षण के लिए रवाना होने से पहले अधिकारियों के साथ मौजूद प्रशिक्षु। अमृत विचार

ऊंचाहार (रायबरेली)

कार्यक्रम

- कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक ने दिखाई हरी झंडी

**अमृत विचार।** एनटीपीसी ने नैगम सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए आसपास के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से नए बैच को लखनऊ स्थित सीपेट संस्थान भेजा है। दो दिवसीय दौरे पर आए क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) दिवाकर कौशिक ने हरी झंडी दिखा कर बस को रवाना किया।

क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने ऊंचाहार परियोजना के सीएसआर कार्यक्रमों की सराहना करते हुए प्रधानजनों से नए सुझाव देने की अपील की। कहा कि सीएसआर के माध्यम से एनटीपीसी अपना उत्कृष्ट योगदान आगे भी देता रहेगा। इसके पहले परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह ने सभी का स्वागत किया। एनटीपीसी द्वारा 127 युवाओं को कौशल परीक्षण देकर रोजगार से जोड़ चुकी है। बताया कि 60 में से 45 प्रतिशत बालिकाएं हैं, जो प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त करेंगी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित ग्राम प्रधान एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने विपक्ष पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप

संवाददाता, अमेठी

प्रेसवार्ता

- सतीश शर्मा बोले-सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार करेगा बजट

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में बजट की राष्ट्रहितैषी विशेषताओं को भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की उपस्थिति में विस्तार से समझाया।

राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की भावना से परिपूर्ण है। यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज न होकर आम नागरिक के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने और नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ठोस निर्णय और परिणाम देने की राजनीति कर रही है।

उन्होंने बताया कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार के अवसर देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और मध्यम वर्ग को आर्थिक राहत देने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। यह बजट "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के संकल्प को साकार करता है।

अमेठी जनपद के लिए बजट को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि ट्रामा सेंटर को मजबूती, छात्राओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जीवनरक्षक दवाओं को सस्ता करने जैसे प्रावधान आम जनमानस को बड़ी राहत देंगे। यह सिद्ध करता है कि सरकार का हर निर्णय आम आदमी के जीवन को आसान बनाने के लिए है। विपक्ष पर तीखा प्रहार राज्य मंत्री ने विपक्ष पर दशकों तक देश को घोटाले, गरीबी और निराशा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज वे आर्थिक प्रगति और बजट पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जागरूक जनता सच्चाई समझ चुकी है और विकास के इस मार्ग पर प्रधानमंत्री के साथ खड़ी है।




प्रेसवार्ता को संबोधित करते जिला प्रभारी व राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के लिए विकास का स्पष्ट रोडमैप है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर दिखाती है। अमेठी जैसे जनपदों को स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना में मिल रहे लाभ इसी मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम हैं। उधर भाजपा जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 आम जनमानस के हितों का सच्चा प्रतिनिधि है। भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस बजट की उपलब्धियों को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाएंगे।

### गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत 4 अभियुक्त जिला बदर

**अमेठी।** जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चार ऐसे व्यक्तियों को जिले की सीमा से छह माह के लिए निष्कासित कर दिया है, जिनका आसपास के क्षेत्रों में आतंक और भय व्याप्त था। इन अभियुक्तों के विरुद्ध कोई भी व्यक्ति बोलने या साक्ष्य देने का साहस नहीं करता था। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अफजल पुत्र मुंशीर, लालबाबू पुत्र फौजदार, अफसर पुत्र जब्बार और मुंशीर पुत्र भुल्लू, जो सभी ग्राम पूरे अमिया सराय महेशा, थाना जायस, जनपद अमेठी के निवासी हैं, को 27 जनवरी 2026 से अगले छह माह तक के लिए जिले से बाहर रहने का आदेश दिया गया है।

### श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से नष्ट होते हैं पाप: आचार्य नरेन्द्र पाण्डेय



कथा सुनाते आचार्य नरेंद्र।

**सिंहपुर (अमेठी )अमृत विचार।** बीते सोमवार से सेमरौता कस्बे के सुरेश अग्निहोत्री के आवास पर धार्मिक वातावरण में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ के प्रथम दिवस पर बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ शुरू हुआ विधिवत पूजन-अर्चन, कलश स्थापना एवं व्यास पूजन के साथ कथा का आरंभ हुआ। वातावरण "हरि बोल" और "राधे-राधे" के जयघोष से भक्तिमय बन गया। प्रथम दिवस की कथा में मध्य प्रदेश के सोनमुड़ा आश्रम अमर कंटक से पधारे प्रवाचक डॉ. नरेन्द्र पाण्डेय ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला अमृत है। इसके श्रवण से व्यक्ति के पाप नष्ट होते हैं और जीवन में भक्ति, ज्ञान व वैराग्य का संचार होता है। कहा कि कलियुग में भागवत कथा ही मोक्ष का सबसे सरल मार्ग है ।कथा प्रसंग में सृष्टि की उत्पत्ति, नारायण के विराट स्वरूप तथा भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला । भजनों और संगीतमय प्रस्तुति ने कथा को और भी सरस बना दिया, जिस पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए ।कथा के समापन पर आरती की गई और प्रसाद वितरण हुआ। इस दौरान यजमान सुरेश अग्निहोत्री व श्रीमती मनोज अग्निहोत्री, कमलेश अग्निहोत्री, रमेश, बैजू, सुशील पाण्डेय, चन्द्रमाणि, लालू, अभिषेक, मनीष, अम्बिका, लोले, करुणेश, रमेश, शालिनी, रंजू, संजू, रूबी, श्वेता, कौम्या, सौम्या लम्बरदार सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे।

### असाध्य रोगों में कारगर है एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति: डॉ. भगवान दीन

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** रिफॉर्म क्लब में चल रहे एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर बछरावां की रीतू को सायटिका सर्वाइकल में अचूक लाभ मिला है। वह कई साल से बीमार चल रही थी। काफी इलाज कराया लेकिन बीमारी गई नहीं। डा. भगवानदीन ने आपका आरोग्य आपके हाथ नामक पुस्तक देकर सम्मानित किया। कहा कि एक्यूप्रेशर से असाध्य रोगों का इलाज संभव है। रीतू ने कहा पूरी ठीक होने सीखकर मै लोगों की सेवा करूंगी। डॉ. भगवानदीन यादव ने बताया एक्यूप्रेशर एक प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जिसे सीखकर अपना इलाज स्वयं कर सकते हैं। इस चिकित्सा के द्वारा गठिया, सर्वाइकल, मोटापा, कमर दर्द, सर्वाइकल, माइग्रेन, बवासीर (लिकोरिया बीपी) आदि अनेक रोगों का इलाज किया है। इसमें विशेष योगदान अनुज कुमार, जितेंद्र कुमार, तसनीम, रूबी आदि का रहा है। अधिवक्ता मीना, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।



एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में शामिल लोग।

### श्रीकान्त हत्याकांड में 11 को बहस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के बहलोलपुर में सात साल पूर्व श्रीकांत मिश्र की गोली मारकर हत्या, बलवा और मारपीट के मुकदमे में मंगलवार को बहस पूरी नहीं हो सकी। एडीजीसी पवन दुबे ने बताया कि मृतक के भाई उमाशंकर ने अजय मिश्र, गिरजेश मिश्र, गिरिजेश के पुत्र रजनीश तथा गोलू उर्फ समरेंद्र मिश्र, और अर्चना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एडीजे संध्या चौधरी की कोर्ट में 11 फरवरी को फिर सुनवाई नियत हुई है।

### अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा की तिथि बदली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालय में सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु परीक्षा अब 22 फरवरी के बजाय 8 मार्च 2026 को निर्धारित केंद्रों पर होगी। सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी 15 फरवरी तक ऑनलाइन या संबंधित कार्यालयों में नि :शुल्क आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 6 व 9 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन होगा।

### हत्या के मामले में तीन भाइयों को उम्रकैद

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** फसल चराने को लेकर हुए विवाद में 23 वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट राकेश पांडेय की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए तीन सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सभी दोषियों पर प्रत्येक 14 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की आधी रकम बतौर क्षतिपूर्ति कोर्ट ने मृतक के परिजन को देने का आदेश भी दिया है। यह मामला अमेठी जनपद के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मड़वा गांव का है। वादी गोपीचंद्र पासी ने 6 अक्तूबर 2002 की शाम भाई हरिप्रसाद की गोली मारकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए अवधेश बहादुर सिंह, शेष प्रताप सिंह, बृजेश प्रताप सिंह, अशोक प्रताप सिंह और शिवफूल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। अभियोजन के मुताबिक आरोपियों की गाय ने बार-बार उनके भाई की मक्के की फसल को चरकर नुकसान पहुंचाया, जिस पर नाराज होकर हरिप्रसाद शिकायत करने गए थे। तभी आरोपियों ने मिलकर उनकी हत्या कर दी। विचारण के दौरान आरोपी अवधेश बहादुर सिंह और अशोक प्रताप सिंह की मृत्यु हो गई, जबकि तीन आरोपियों शेष प्रताप सिंह, बृजेश प्रताप सिंह और शिवफूल सिंह के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई जारी रही। विशेष लोक अभियोजक ने आरोपियों के खिलाफ कठोर पैरवी की। साक्ष्यों एवं बयान के आधार पर अदालत ने तीनों आरोपियों को हत्या व एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य आरोपो में मंगलवार को सजा के बिंदु पर फैसला सुनाते हुए आजीवन कारावास से दंडित कर दिया।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एएनएम का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा परिचर्चा की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज पटेल ने बताया कि टीबी उन्मूलन सरकार की प्राथमिकता है और इसमें एएनएम की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर टीबी के मरीजों की पहचान करना, और समय से जांच और समय से इलाज सुनिश्चित करना जरूरी है, तभी टीबी मुक्त पंचायत का लक्ष्य पूरा हो सकता है।

वरिष्ठ टीबी लैब पर्यवेक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह ने एएनएम को प्रशिक्षण देते हुए टीबी के लक्षण, जांच की प्रक्रिया, दवा वितरण, उपचार के दौरान सावधानियां क्या क्या बरतनी चाहिए और साथ में मरीजों की नियमित निगरानी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी के मरीजों को पूरा इलाज कराना बेहद जरूरी है, ताकि बीमारी दोबारा न फैले। प्रशिक्षण के दौरान एएनएम को यह भी बताया गया कि गांव में संदिग्ध मरीज मिलने पर तुरंत जांच कराना और स्वास्थ्य विभाग को सूचना देना उनकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मौजूद सभी एएनएम ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने में पूरी जिम्मेदारी निभाने का भरोसा जताया है।

# जनकल्याणकारी योजना के बारे में दी जानकारी



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं और युवतियां। अमृत विचार

खीरों (रायबरेली),

गोष्ठी

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के कस्बा खीरों में मंगलवार को प्रदेश सरकार की जन कल्याणी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया। श्री गणेश क्लिष्ट कर्मणा फाउंडेशन के प्रमुख रोहित शर्मा और जिला प्रमुख नेहा कुशवाहा ने महिलाओं को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याणी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 12 वर्ष से 50 वर्ष तक की किशोरियों, युवतियों और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उन्हें सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं एवं आर्थिक सहायता के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने बताया कि साथ ही ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य कार्ड जारी कर कार्डधारक महिलाओं को प्रसव के समय जच्चा बच्चा के पोषण के लिए योजना के अंतर्गत एक हजार रुपए अतिरिक्त लाभ दिलाना है। कार्डधारक महिलाओं और उनके परिवार के सात सदस्यों को किसी भी स्वास्थ्य परीक्षण, जांच, आपरेशन आदि में 30 प्रतिशत और दवाओं की खरीद पर 10 से 15 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। ब्लाक प्रभारी रजनी शुक्ला आदि ने विचार व्यक्त किए।

### निर्माण रोकने को एसडीएम से की शिकायत

**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** क्षेत्र के कक्केपुर-भतीजेपुर गांव निवासी कौशल किशोर ने अपनी पैतृक बाग की भूमि पर अवैध रूप से सरकारी निर्माण कराए जाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने भूमि की पैमाइश होने और रकबा स्पष्ट होने तक निर्माण कार्य रोकने की मांग की है। कक्केपुर निवासी कौशल किशोर श्रीवास्तव और एडवोकेट सचिन कुमार ने एसडीएम गौतम सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके पिता ने वर्ष 1951 में अतरेहटा निवासी रामेश्वर दयाल से एक बाग खरीदी थी। बैनामे के अनुसार उस समय बाग का कुल क्षेत्रफल एक बीघा छह बिस्वा से अधिक था। चकबंदी प्रक्रिया के दौरान उनकी बाग का रकबा घटकर मात्र 12 बिस्वा रह गया है, जो कि नियम विरुद्ध है। आमतौर पर चकबंदी प्रक्रिया में बाग और तालाब जैसी संपत्तियों को मूल स्वरूप में ही रखा जाता है। वर्तमान में ग्राम प्रधान द्वारा उनकी इसी भूमि पर बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के सरकारी निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि चकबंदी के दौरान कम हुए रकबे की जांच व भूमि का सही क्षेत्रफल निर्धारित होने तक चल रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए। एसडीएम गौतम सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। राजस्व टीम को जांच के निर्देश दिए गए हैं।

प्रतियोगिता

ए. गोल्डस्मिट स्पोर्ट एकेडमी मटिहा में ईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट

# रोमांचक मैच में ईटीएफ मास्टर टेनिस चैंपियन बने नितिन और सुनील

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ए. गोल्डस्मिथ स्पोर्ट एकेडमी मटिहा में चल रहे ईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में चौथे दिन जीत के लिए खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। रायबरेली के नितिन और सुनील ने बहुत ही रोमांचक मैच में लखनऊ के अंकुर कपूर और आदित्य कपूर को 4-6, 6-3 और 10-7 से हराकर चैंपियन बन गए।

प्रतियोगिता में हितेंद्र पंवार हिमाचल प्रदेश ने रायबरेली के राजेश सिंह को फाइनल में 6-3, 6-4 से हराया। डबल्स 35 वर्ष की आयु में भारतीय टीम के सदस्य रहे गोविंद मौर्य और अभिषेक ने रायबरेली के हशमत अली और मनीष कुल्हाड़ी राजस्थान को 6-4 ,6-4 से फाइनल मैच हराया। वहीं महिला डबल्स के मैच में अमिता मौर्या और विमुक्ति सिंह ने श्वेता वर्मा और मोनिका सिंह को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 45 वर्ष की आयु के सेमीफाइनल मैच में अमित तिलक और ऋषि शर्मा ने कुलदीप सिंह और डीसी सुयाल को 6-2, 6-1 से हराया। 50 वर्ष में डॉ राजीव अग्रवाल लखनऊ और हितेंद्र पंवार हिमाचल प्रदेश ने संजय वर्मा रायबरेली, आनंदजीत गोरखपुर को 6-1, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।




कप के साथ विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

### सभासद मैत्री मैच बना रोमांच का संगम, दर्शकों ने उठाया आनंद

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** आईटीआई परिसर में आयोजित सभासद मैत्री मैच दर्शकों के लिए यादगार अनुभव बन गया। खेल भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस मुकाबले में रोमांच, हास्य और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। मैदान में उतरते ही सभासदों का जोश देखते ही बनता था। कोई शानदार चौके-छक्के लगाकर तालियां बटोरता नजर आया, वहीं गेंदबाजी कर रही टीम के सभासद गेंदबाजों ने भी बल्लेबाज सभासदों को परेशान कर तालियां बटोरी। वारियर्स इलेवन टीम का नेतृत्व सभासद जय प्रकाश वर्मा ने किया। वहीं किंग्स इलेवन की टीम का कुशल नेतृत्व वरिष्ठ सभासद धर्मेंद्र द्विवेदी ने किया। दस ओवर के मैच में किंग्स इलेवन के कप्तान धर्मेंद्र द्विवेदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग्स इलेवन ने 96 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में वारियर्स इलेवन की टीम दस ओवर में 97 रन बनाकर विजय प्राप्त की। इस मैच की शुरुआत से ही दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। हर रन पर तालियों की गूंज और हर विकेट पर खुशी की लहर दौड़ रही थी। खास बात यह रही कि खिलाड़ियों ने खेल को केवल जीत-हार तक सीमित न रखकर मनोरंजन का रूप दे दिया। कभी मजेदार अंदाज में फील्डिंग तो कभी हल्के-फुल्के मजाक ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। मैच देखने उमड़ी दर्शकों की भीड़ ने पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। अंत में दोनों टीमों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाकर खेल भावना का परिचय दिया। मैच की समाप्ति पर सूफियान को मैन ऑफ द मैच सतीश मिश्रा को श्रेष्ठ गेंदबाज तथा अनुराग सिंह को अच्छे क्षेत्ररक्षक के रूप में नवाजा गया।



ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी जय प्रकाश वर्मा व अन्य।

मुख्य अतिथि न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के एमडी डॉ. शशिकांत शर्मा, राइजिंग चाइल्ड स्कूल के एमडी अरविंद श्रीवास्तव और राकेश चांदनानी ने विजेता और उपविजेता को पुरस्कृत किया। मो. अयाज ने बताया कि विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।



मैं उस समाज में रहता हूं, जहां बड़े घरों में छोटे लोग रहते हैं और छोटे घरों में बड़े लोग।

-सआदत हसन मंटो, उर्दू साहित्यकार

## व्यापार समझौता

भारत–अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उत्साह लाजिमी है तो सवाल भी। इस डील को कुछ हलकों में 'भारत की कूटनीतिक जीत' और 'अमेरिका के झुकने' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, परंतु अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में हर निर्णय ठोस सामरिक और आर्थिक गणनाओं का परिणाम होता है, न कि भावनात्मक। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ घटाने के पीछे कई कारक हैं। भारत–यूरोपीय संघ के हालिया समझौते और उससे पहले ब्रिटेन के साथ एफटीए ने यह संकेत दिया कि भारत वैश्विक व्यापारिक मानचित्र पर सक्रिय है। हमारी सक्रिय कूटनीति ने वाशिंगटन को संदेश दिया कि नई दिल्ली बहुध्रुवीय संतुलन साधने में सक्षम है, तो अमेरिका के लिए चीन के विकल्प के रूप में उभरते विनिर्माण केंद्र के संदर्भ में भारत को साथ रखना रणनीतिक आवश्यकता बनी।

18 फीसदी टैरिफ से बाजार में अल्पकालिक उत्साह संभव है, पर दीर्घकालिक लाभ इस पर निर्भर करेगा कि गैर-टैरिफ बाधाएं कितनी कम होती हैं और सप्लाई चेन कितनी स्थिर रहती है। टेक्सटाइल, लेदर और मरीन उत्पाद जैसे श्रमप्रधान क्षेत्रों को कुछ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है, जीडीपी वृद्धि दर में बढ़ोतरी संभावित है पर वह तभी साकार होगा, जब निवेश, निर्यात और विनिर्माण क्षमता समानांतर रूप से बढ़ें। रूस से तेल आयात भारत की ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न है। भारत ने अब तक 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति अपनाई है- न तो पूर्ण निर्भरता, न पूर्ण परहेज। इसे शून्य पर लाना न आर्थिक रूप से सरल है, न कूटनीतिक रूप से व्यावहारिक। इसी प्रकार अमेरिकी कृषि निर्यात के लिए भारतीय बाजार खोलना एक संवेदनशील विषय है। भारत का कृषि क्षेत्र आजीविका से जुड़ा प्रश्न है; अतः किसी भी रियायत का घरेलू राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव गंभीर होगा। 500 अरब डॉलर की अमेरिकी खरीद का दावा वर्तमान व्यापार आंकड़ों 2024 में मात्र 212 अरब डॉलर द्विपक्षीय व्यापार के संदर्भ में अतिशयोक्तिपूर्ण प्रतीत होता है। अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में अक्सर नेतृत्व घरेलू दर्शकों को ध्यान में रखकर बड़े आंकड़े प्रस्तुत करता है। इस समझौते के इर्द-गिर्द सबसे अधिक अस्पष्टता दोनों पक्षों यानी ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बयानों में अंतर को लेकर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा और अमेरिकी उत्पादों पर अपने टैरिफ शून्य करेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी कोई सार्वजनिक प्रतिबद्धता व्यक्त नहीं की। यह अंतर बताता है कि राजनीतिक बयान और औपचारिक समझौते में भेद होता है।

जब तक संयुक्त बयान और विस्तृत मसौदा सार्वजनिक न हो, तब तक इन दावों को अंतिम सत्य मानना जल्दबाजी होगी। हम अपने दीर्घकालिक हितों- रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू उद्योग संरक्षण को सुरक्षित रखना चाहते हैं, जबकि अमेरिका के लिए यह उस रणनीति का हिस्सा है, जिसमें वह चीन के प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत को सशक्त साझेदार बनाना चाहेगा। जब तक विस्तृत समझौता सार्वजनिक न हो, तब तक विवेकपूर्ण प्रतीक्षा ही सर्वोत्तम नीति है। राजनीतिक बयान सुर्खियां बना सकते हैं, पर राष्ट्रहित का मूल्यांकन तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर ही किया जाना चाहिए।

### प्रसंगवश

## भारत में बढ़ रहा है कैंसर का दायरा

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। लैंसेट की नवीनतम ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज रिपोर्ट के अनुसार, जहां वैश्विक स्तर पर कैंसर की घटनाओं और मृत्यु दर में कमी आ रही है, वहीं भारत में इन मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में भारत में अनुमानित 15 लाख नए कैंसर मामले और 12 लाख से अधिक मौतें दर्ज की गईं।

वैश्विक स्तर पर कैंसर की घटनाओं की दर 1990 में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 220.6 से घटकर वर्ष 2023 में 205.1 हो गई और वर्ष 2025 तक यह आंकड़ा 192.9 तक पहुंचने का अनुमान है, हालांकि जनसंख्या वृद्धि और उम्र बढ़ने के कारण वर्ष 2050 तक कैंसर के कुल मामलों और मृत्यु की संख्या में तीव्र वृद्धि की संभावना है। भारत में कैंसर की घटनाओं की दर वर्ष 1990 में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 84.8 से बढ़कर वर्ष 2023 में 107.2 हो गई, जबकि इसी अवधि में मृत्यु दर 71.7 से बढ़कर 86.9 प्रति एक लाख तक पहुंच गई।



निरंकार सिंह

वरिष्ठ पत्रकार

निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों पर असमान रोग भारः अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि भारत जैसे निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में कैंसर के नए मामलों में से आधे से अधिक और दो तिहाई मृत्यु होने का अनुमान है। वैश्विक स्तर पर लगभग 42% कैंसर मृत्यु तंबाकू, शराब, अस्वस्थ आहार और संक्रमण जैसे परिवर्तनीय जोखिम कारकों से जुड़ी हैं। भारत में इन कारकों से संबंधित मृत्यु की हिस्सेदारी लगभग 70% तक हो सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक विश्वभर में लगभग 3.05 करोड़ नए कैंसर मामले सामने आ सकते हैं, जबकि कैंसर से होने वाली मृत्यु में 75% की वृद्धि होकर यह संख्या 1.86 करोड़ तक पहुंच सकती है। भारत में कैंसर से मृत्यु के प्रमुख कारण स्तन, फेफड़े, ग्रासनली/अन्ननली है। आईएआरसी के आंकड़े बताते हैं कि 2022 में लगभग दो करोड़ कैंसर के नए मामले सामने आए और कैंसर की वजह से 97 लाख लोगों की मौत हुई। अकेले भारत में 1,413,316 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें महिला रोगियों का अनुपात अधिक है।

एक अनुमान के अनुसार साल 2025 तक दुनिया भर में किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित लोगों की संख्या दो करोड़ तक पहुंच सकती है। भारत में कैंसर के मामले चिंताजनक रूप से बढ़ रहे हैं तथा आनुवंशिक, जीवनशैली, आहार, पर्यावरण और स्वास्थ्य देखभाल कारकों के जटिल अंतर्संबंध के कारण कुछ प्रकार के कैंसर अधिक प्रचलित हो रहे हैं। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि युवा भारतीय भी उन कैंसरों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं, जो पारंपरिक रूप से वृद्ध आबादी को प्रभावित करते रहे हैं।

जागरूकता की कमी, देर से निदान और सामाजिक कलंक के कारण परिणाम और भी बदतर होते जा रहे हैं। जैसे-जैसे औषधि विज्ञान ने वैक्सीन के जरिए कई बीमारियों को रोकने में सफलता पाई है, वैसे ही यह आशा भी जगी है कि इनके जरिए कैंसर का इलाज भी संभव हो पाएगा। इस दिशा में तरक्की की खबरें भी आ रही हैं। अप्रैल 2024 में ब्रिटेन में पहली बार ट्रायल के तौर पर मेलानोमा कैंसर वैक्सीन मरीजों को दी गई। फेफड़ों के कैंसर से लड़ने के लिए बनाई गई एक वैक्सीन का सात देशों में प्रयोग या ट्रायल के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी वैक्सीन बनाई है, जिससे सबसे सामान्य किस्म के ब्रेन कैंसर की रोकथाम हो सकती है।

# भारत-अमेरिका टैरिफ डील और कुछ जरूरी सवाल





राजेश जैन

वरिष्ठ पत्रकार

भारत–अमेरिका टैरिफ डील के विवरण जैसे-जैसे सामने आए, साफ होने लगा कि तस्वीर उतनी सरल नहीं है। भारत के लिए उत्सव से ज्यादा सतर्कता की जरूरत है।

सोमवार रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने भारत–अमेरिका रिश्तों में नई हलचल पैदा कर दी। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने भारत पर लगाया टैरिफ घटाकर 18% कर दिया है और बदले में भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा, अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने और 500 अरब डॉलर तक की 'बाय अमेरिकन' खरीद के लिए राजी हो गया है। कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर धन्यवाद संदेश लिखा।

पहली नजर में यह बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत जैसी लगी। शेयर बाजारों ने राहत की सांस ली, रुपया संभला और उद्योग जगत में उम्मीद जगी, लेकिन जैसे-जैसे विवरण सामने आए, साफ होने लगा कि तस्वीर उतनी सरल नहीं है। यह समझौता कम, राजनीतिक संकेत ज्यादा लगता है और शायद यही वजह है कि इस वक्त भारत को उत्सव से ज्यादा सतर्कता की जरूरत है।

अप्रैल में ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 25% रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था। अगस्त में रूस से तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25% 'पेनल्टी टैरिफ' जोड़ दिया गया- यानी कुल 50%। अब रूस वाला 25% हटाया जाएगा और कुल टैरिफ 18% रह जाएगा। सुनने में यह बड़ी राहत है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। कपड़ा, चमड़ा, जूते और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान सेक्टर इस टैरिफ से बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे। अक्टूबर में निर्यात करीब 12% गिर चुका था और व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस लिहाज से 18% टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए ऑक्सीजन जैसा है। कुछ अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इससे 2026 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2–0.3 प्रतिशत अंक बढ़ सकती है।

सवाल यह भी है कि इसके बदले भारत ने वास्तव में क्या-क्या मान लिया? ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर तीन बड़े दावे किए- भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा, भारत अमेरिकी उत्पादों पर अपने टैरिफ शून्य तक ले जाएगा और भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर से ज्यादा का सामान खरीदेगा, जिसमें ऊर्जा, टेक, कृषि और कोयला शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के संदेश में इन तीनों में से किसी बात की पुष्टि नहीं है। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि 'मेड इन इंडिया' उत्पादों पर टैरिफ घटा है और साझेदारी नई ऊंचाइयों तक जाएगी। भारत द्वारा रूसी तेल पूरी तरह बंद करने के दावे पर संदेह है। दरअसल 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत सस्ते रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया था। हाल के महीनों में आयात कुछ घटा जरूर है, लेकिन भारत–रूस रणनीतिक रिश्तों को देखते हुए इसे पूरी तरह खत्म करना बेहद मुश्किल है।

ट्रंप का दूसरा बड़ा दावा है- 500 अरब डॉलर की अमेरिकी खरीद। ज़रा आंकड़े देखिए। 2024 में भारत–अमेरिका कुल द्विपक्षीय व्यापार लगभग 212 अरब डॉलर था। उसी साल भारत ने अमेरिका से सिर्फ 41.5 अरब डॉलर का सामान खरीदा और सेवाओं का आयात करीब 41.8 अरब डॉलर रहा- यानी कुल मिलाकर लगभग 83 अरब डॉलर। अब सोचिए- 83 अरब से सीधे 500 अरब डॉलर। लगभग 500% की छलांग।

जानकारों का कहना है कि भारत द्वारा सभी टैरिफ शून्य करना असंभव सा लगता है, खासकर कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में। भारत का इतिहास बताता है कि वह दोहा दौर से लेकर अब तक कृषि बाजार खोलने में हमेशा बेहद सतर्क रहा है। संभावना यही है कि भारत कुछ चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ घटाएगा, जिसे ट्रंप घरेलू राजनीति में 'जीरो टैरिफ' की बड़ी जीत की तरह पेश करेंगे।

यह समझौता सिर्फ व्यापार नहीं, भू-राजनीति से भी जुड़ा है। अगर भारत सचमुच रूसी तेल से दूरी बनाता है और अमेरिकी ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाता है, तो इसका सीधा असर उसकी रणनीतिक स्वायत्तता- वह नीति, जिसके तहत भारत किसी एक गुट में पूरी तरह नहीं बंधता, पर पड़ेगा। कांग्रेस ने भी इसी बिंदु पर सवाल उठाया है- क्या भारत धीरे-धीरे अमेरिकी खेमे की ओर झुक रहा है? यह भी याद रखना चाहिए कि हाल ही में भारत ने यूरोपीय संघ से ट्रेड डील की और उससे पहले ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया। माना जा रहा है कि इन्हीं समझौतों ने ट्रंप पर भारत के साथ जल्दी सौदा करने का दबाव बनाया।

इस घोषणा से रुपये, शेयर बाज़ार और बॉन्ड मार्केट पर लटकी अनिश्चितता की तलवार जरूर हटी है। निवेशकों को संकेत मिला है कि अमेरिका–भारत रिश्तों में ठंडापन कम होगा, लेकिन जमीनी स्तर पर सवाल बने हुए हैं। अगर भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए दरवाज़े खोलता है, तो इसका असर घरेलू किसानों पर पड़ेगा। सस्ती अमेरिकी दालें, मक्का या डेयरी उत्पाद भारतीय कृषि बाज़ार को झटका दे सकते हैं। अगर 'बाय अमेरिकन' नीति के तहत बड़े पैमाने पर आयात बढ़ता है, तो भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सेक्टर पर दबाव आ सकता है।

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि यह डील ट्रंप और मोदी की 'मजबूत दोस्ती' का नतीजा है और कुछ तकनीकी दस्तावेजों पर जल्द दस्तखत होंगे। यही सबसे अहम बात है। अभी तक कोई संयुक्त लिखित समझौता सार्वजनिक नहीं हुआ है, इसलिए जब तक यह साफ न हो जाए कि किन उत्पादों पर टैरिफ घटेगा, समय-सीमा क्या होगी, कृषि जैसे संवेदनशील सेक्टर शामिल होंगे या नहीं और रूस से तेल पर भारत की वास्तविक प्रतिबद्धता क्या है, तब तक इसे अंतिम समझौता नहीं, बल्कि एक राजनीतिक घोषणा ही माना जाना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम को अगर एक वाक्य में समेटें, तो यही कहा जा सकता है- भारत को जश्न मनाने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। 18% टैरिफ निश्चित रूप से राहत है। इससे निर्यात को सहारा मिलेगा और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, लेकिन 500 अरब डॉलर की खरीद, शून्य टैरिफ और रूसी तेल पर कथित प्रतिबद्धता- ये सब अभी दावों के स्तर पर हैं। असली पेंच डिटेल में छिपा है।

## आमने सामने



माता-पिता अक्सर वही कफ सिरप बच्चों को दे देते हैं, जो वे खुद के लिए लाते हैं। इनमें कोडीन जैसे केमिकल होते हैं, जिनका ओवरडोज जानलेवा साबित हुआ। दवाई खराब होने से कोई डेथ नहीं हुई है। इस मामले में कोई बड़ी लापरवाही में मौतें नहीं हुई हैं।

- गजेंद्र सिंह खिमसर


स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान सरकार

जब मंत्री खुद मान रहे हैं कि मौतें हुई हैं, तो इसकी गंभीरता को समझना चाहिए। जिस कंपनी की दवा पर सवाल उठ रहे हैं, वह कई जगह ब्लैकलिस्ट भी हुई है। मुमकिन है कि दवा पहले ठीक हो और बाद में उसकी गुणवत्ता खराब हो गई हो।

-टीकाराम जूली

नेता प्रतिपक्ष

राजस्थान सरकार



# टूरिज्म कंट्री का सरताज बनने की तरफ भारत



अजय दयाल

हल्द्वानी

देश के 50 शहरों का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास लेवल की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट के लिए तैयार किया जाना है।

जब हम टूरिस्ट की बात करते हैं, तो जेहन में उनका घूमना-फिरना और मौज-मस्ती ही आती है, जबकि पर्यटन या पर्यटक का अर्थ व्यापक है। इनमें देशी-विदेशी ऐसे लोग भी आ जाते हैं, जो अपने व्यवसाय को किसी अन्य देश या राज्य में स्थापित करने अथवा विकसित करने की मंशा से यात्रा करते हैं। स्वाभाविक है, यात्रा करेंगे तो होटल, खानपान, घूमना-फिरना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बनेंगे। जहां हम पर्यटन को चिकित्सा और धार्मिक पर्यटन की भी संज्ञा देने लगे हैं, वहीं बिजनेस टूरिज्म भी इसमें जोड़ लेना चाहिए। संभवतः टूरिस्ट शब्द की इसी व्यापकता को ध्यान में रखते हुए ही केंद्रीय बजट में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की गईं।

ताजा घोषणाओं के अनुसार, देश के 50 शहरों का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास लेवल की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट के लिए तैयार किया जाना है। साफ है कि इसके पीछे सरकार की मंशा इंडिया को ऑल-सीजन डेस्टिनेशन और ग्लोबल टूरिस्ट-हब बनाना है। बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बजट में 2,438.40 करोड़ रुपये दिए गए हैं। लक्ष्य है कि 2047 तक 10 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आएं। 2034 तक भारत की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 43.25 लाख करोड़ रुपये तक हो सकता है। ऐसा हुआ तो हमारा देश 6.3 करोड़ लोगों को रोजगार देने में सक्षम बनेगा। पर्यटन मंत्रालय की इंडिया टूरिज्म स्टेटिक्स रिपोर्ट देखें, तो पाएंगे कि इंडिया में हर साल करीब एक करोड़ विदेशी पर्यटक आते हैं, जिनमें से 6–7 फीसद बौद्ध पर्यटक होते हैं, इसीलिए बजट का फोकस अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बौद्ध सर्किट के विकास पर है।

वहीं धार्मिक पर्यटन को और गति देने के मद्देनजर टेंपल सिटी के तौर पर पहचाने जाने वाले शहरों में बुनियादी सुविधाएं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित की जानी है। इसमें उत्तर प्रदेश के वाराणसी और मथुरा, जम्मू-कश्मीर का जम्मू, उत्तराखंड के ऋषिकेश और हरिद्वार जैसे शहरों पर फोकस होगा। वहीं दक्षिण में तमिलनाडु के मदुरै और कांचीपुरम, कर्नाटक का हम्पी, आंध्र प्रदेश का तिरुपति, ओडिशा का भुवनेश्वर और पुरी को विकसित किया जाना है। इसी तरह पश्चिम बंगाल का बिश्नुपुर, मध्य प्रदेश का उज्जैन और खजुराहो, गुजरात का द्वारका और महाराष्ट्र का पंढरपुर शामिल रहेगा।

दिलचस्प तो यह है कि सरकार के थिंक टैंक ने पर्यटन उद्योग को इस बार गति देने को फुलप्रूफ योजना तैयार की है। बकायदा भारतीय पर्यटन स्थलों का डिजिटल डेटा तैयार होगा। इससे ऑनलाइन रिसर्च करने वाले विदेशी पर्यटक आकर्षित होंगे। उन पर्यटकों का भी योजना में ध्यान रखा जाएगा, जिनकी दिलचस्पी इतिहास जानने-समझने में होती है। ऐसे में पुरातात्विक स्थलों को भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। इनमें लोथल, धोलावीरा, राखीगढ़ी, सारनाथ, लेह पैलेस, आदिचनल्लूर, हस्तिनापुर जैसे देश के 15 पुरातात्विक स्थल एक्सीपीरियंशियल कल्चरल डेस्टिनेशन्स के रूप में विकसित होंगे।

स्पष्ट है कि टूरिज्म को लेकर ऐसी योजनाओं, व्यवस्थाओं से स्थानीय स्तर पर भी शोधार्थियों, इतिहासकारों, कंटेंट क्रिएटर्स, होटल, गाइड, ट्रांसपोर्ट, स्थानीय हस्तशिल्प, होम-स्टे और तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के मौके बढ़ेंगे। टूरिज्म का एक और भाग महत्वपूर्ण है। वह है एडवेंचर टूरिज्म। केवल एडवेंचर के लिए ही दुनिया भर में अपना पसंदीदा स्थान तलाशने वाले भी कम नहीं। सरकार की सोच इसी को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर में माउंटेन ट्रेल्स (ट्रैकिंग के रास्ते) विकसित किए जाने की है। स्वाभाविक है इसे एडवेंचर टूरिज्म के तौर पर प्रचारित किया जाएगा। पूर्वी घाट के अरकू वैली और पश्चिमी घाट के पोधीगई मलई जैसे दुर्गम क्षेत्र भी माउंटेन ट्रेल्स बनेंगे। वहीं, ओडिशा, कर्नाटक और केरल में टर्टल ट्रेल्स बनेंगे। इन दूरगामी विकास योजनाओं से पर्यावरण संरक्षण भी होता रहेगा।

बजट में विदेशी सैलानियों के लिए भी जिस तरह उनके टूर पैकेज टैक्सेज में सुविधा दी गई है, उससे भी सरकार की दूरगामी टूरिज्म मॉडल की गंभीरता समझ में आती है। ट्रैकिंग पर्यटन की अपार संभावनाओं को विकसित कर विदेशी सैलानियों को आकर्षित किया जाना है। खासकर जो पर्यटकों की पहुंच से बहुत दूर हैं, उन्हें विकसित करने की योजना बजट में है। इस तरह दूरस्थ ग्रामीण स्थान जो लोकल लोगों के लिए महज एक पिछड़ा गांव हैं, पर्यटक स्थल बन जाएंगे।

अगर यह योजना पूरी तरह से मूर्त रूप ले लेगी, तो इससे एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार होगा, जिससे तमाम शहरों और गांवों की भी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। फिर ग्रामीणों को भी घर बैठे रोजगार मिलेगा। अब सरकार की मंशा और बजट के उद्देश्यों को कितना जमीन पर उतारा जाएगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### सोशल फोरम

## नन्हें मेहमान के लिए थम गया ट्रैफिक

थाईलैंड में सामने आया एक दृश्य केवल एक खबर नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया के दिलों को जोड़ देने वाला ऐसा पल बन गया, जिसने यह याद दिला दिया कि इंसानियत आज भी जिंदा है। हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही, तेज़ ट्रैफिक के बीच एक चलती गाड़ी में जीवन ने जन्म ले लिया और कुछ ही सेकंड में वह सड़क एक साधारण रास्ता नहीं, बल्कि उम्मीद और संवेदना का मंच बन गई।



अंकित भारद्वाज

ब्लॉगर

जैसे ही गाड़ी में डिलीवरी होने की खबर फैली, ट्रैफिक थम सा गया, हॉर्न की आवाजें ख़ामोश हो गईं और हर दिशा से लोग मदद के लिए दौड़ पड़े, मानो सभी एक ही परिवार का हिस्सा हों। मां पहले घबराई हुई थीं, दर्द, डर और अनिश्चितता उनके चेहरे पर साफ़ झलक रही थी, लेकिन उसी पल जब उन्होंने अपने बच्चे की पहली आवाज़ सुनी, तो वही चेहरा खुशी के आंसुओं से भर उठा।

वह पल ऐसा था, जहां डर ने हार मान ली और ममता ने जीत हासिल कर ली, जहां आंसू तकलीफ के नहीं बल्कि जीवन की जीत के थे। सड़क पर खड़े अजनबी लोग अचानक अपने नहीं रहे, वे सब उस नवजीवन के स्वागत में शामिल हो गए, किसी ने पानी दिया, किसी ने कपड़ा, तो किसी ने बस दुआएं। ट्रैफिक जाम उस दिन बाधा नहीं बना, बल्कि वह एक ऐसी व्यवस्था बन गया, जिसने एक मां और बच्चे को सुरक्षा की चादर में लपेट लिया।

जब बच्चे की रोने की आवाज गूंजी, तो वह केवल एक शिशु की पुकार नहीं थी, वह इंसानियत की जीत की घोषणा थी। उस मां की घबराहट पल भर में गर्व और खुशी में बदल गई और उसकी मुस्कान ने वहां मौजूद हर आंख को नम कर दिया। आगे जो हुआ, वह दृश्य कैमरे में कैद जरूर हुआ, लेकिन उसका असर सीधे दिलों में उतरा, क्योंकि कुछ पल ऐसे होते हैं जिन्हें शब्द नहीं, सिर्फ महसूस किया जा सकता है।

यह घटना हमें सिखाती है कि जीवन कभी भी, कहीं भी, किसी भी हालात में जन्म ले सकता है और इंसानियत अगर साथ हो तो हर रास्ता अस्पताल बन सकता है। दुनिया चाहे कितनी भी तेज़ क्यों न भाग रही हो, कुछ पल ऐसे होते हैं, जहां समय खुद रुककर जीवन को सलाम करता है।

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## समानता व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी महिलाएं

किसी भी देश के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। महिलाएं न केवल परिवार की आधारशिला होती हैं, बल्कि वे समाज, अर्थव्यवस्था और राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय योगदान देती हैं। इसके बावजूद लंबे समय तक महिलाओं को आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक अवसरों में समानता नहीं मिल पाई। इसी असमानता को दूर करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बनाए जाने वाले बजट में महिलाओं की विशेष आवश्यकताओं और सशक्तिकरण पर ध्यान देना आवश्यक हो गया है। वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2026-27 का यूनियन बजट इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

भारतीय समाज में आज भी महिलाओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शिक्षा में असमानता, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, रोजगार के सीमित अवसर, वेतन में भेदभाव, घरेलू हिंसा और सुरक्षा की समस्याएं आज भी गंभीर मुद्दे हैं। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति और भी दयनीय है। ऐसे में महिला-अनुकूल बजट की आवश्यकता इसलिए महसूस होती है, ताकि महिलाओं को समान अवसर प्रदान किए जा सकें, उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार हो, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा मिले, आर्थिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिले तथा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। भारत सरकार ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'उज्ज्वला योजना', 'मुद्रा योजना', 'मिशन शक्ति' जैसी अनेक योजनाएं शुरू कीं, जिनका सीधा लाभ महिलाओं को मिलता है। ये योजनाएं महिला-अनुकूल बजट की भावना को मजबूत करती हैं।



प्रो. नीलिमा गुप्ता

पूर्व कुलपति

महिलाओं को स्थाई उद्यम, बेहतर फाइनेंसिंग और सीधे बाजार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शी (सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर) मार्ट स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिससे महिलाएं टिकाऊ उद्यमिता की ओर अग्रसर हो सकेंगी और नारी सशक्तिकरण को बल मिलेगा। 'लखपति दीदी योजना' का विस्तार, महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहन एक सार्थक पहल है। यह घोषणाएं समाज में अवश्य ही बदलाव लाएंगी। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों वर्गों की महिलाओं को समान अवसर मिलेगा।

दूर-दराज से पढ़ने की लिए आने वाली छात्राओं और कामकाजी महिलाओं की लिए हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल खुलने से बहुत राहत मिलेगी। छात्राओं को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए नए शहर में रुकने की बहुत बड़ी समस्या होती है, इस समस्या के निदान के लिए यूनियन बजट द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में उच्च शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए हर जिले में (800) गर्ल्स हॉस्टल खुलने से छात्रों के सपनों को पंख लगेंगे।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को बढ़ावा दिया गया है, जिसमें महिला-अनुकूल बजट की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वयं सहायता समूहों, मुद्रा ऋण, स्टार्ट-अप योजनाओं और महिला उद्यमिता कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाएं घरेलू उद्योग, हस्तशिल्प, कृषि-आधारित व्यवसाय और सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रही हैं। इससे स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और 'लोकल से ग्लोबल' की अवधारणा साकार होगी।

यह स्पष्ट है कि महिला-अनुकूल बजट आत्मनिर्भर भारत का सहायक नहीं, बल्कि उसका मूल स्तंभ है। महिलाओं के बिना आत्मनिर्भर भारत की कल्पना अधूरी है। सशक्त महिला ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखती है। महिला-अनुकूल बजट केवल एक आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)



# आदिवासी लोक चित्रकला को देखने का बदलना होगा नजरिया

यह भी एक रोचक तथ्य है कि जिस प्रकार नगर कला पिछली सदियों में अनेक कला आंदोलनों एवं वैचारिक द्वंद्वों से गुजरती हुई अपने समकालीन रूप तक पहुंची है, इसी प्रकार लोक-आदिवासी कला भी अनेक धार्मिक-सामाजिक परिस्थितियों से गुजरती हुई अपने वर्तमान रूप तक पहुंची है। डब्ल्यूजी आर्चर, वेरीयर एल्विन एवं अन्य विद्वानों द्वारा प्रस्तुत किए गए पश्चिम बंगाल के पटुआ पटचित्र, ओडिशा के जात्री पटचित्र, महाराष्ट्र के चित्रकथी पोथी चित्र, सौंरा आदिवासियों के इडीतल भित्ति चित्र एवं बिहार के मधुबनी के भित्तिचित्र आदि के जो पुराने नमूने हैं, वे उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध अथवा बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों के हैं। इनका स्वरूप वर्तमान में इन्हीं शैलियों के प्रचलित लोक चित्रों से बहुत भिन्न है।



मुश्ताक खान
लेखक, नई दिल्ली

**आदिवासी लोक चित्रकला का व्यवसायीकरण-** आदिवासी लोक चित्रों का एक रूप सन् 1960 के दशक में तब सामने आया, जब पारंपरिक लोक-आदिवासी चित्रकला के व्यवसायीकरण के प्रयास आरंभ हुए। उस समय पहली बार आदिवासी लोक चित्रकला में बाहरी विद्वानों द्वारा वैचारिक हस्तक्षेप आरंभ हुआ। पारंपरिक लोक चित्रकारों को यह समझाया गया कि उन्हें दीवार के बजाय कागज पर चित्रकारी करनी है तथा नए विषयों को सीमित आकार में चित्रित करने का प्रयास करना है। कुछ ही समय में सामग्री और तकनीक भी बदलवाई गई। इन प्रयासों के साथ ही पारंपरिक आदिवासी लोक चित्रकला के स्वरूप में बड़ी तेजी से परिवर्तन हुए। इससे पहले तक इसमें सामूहिकता एवं परंपरा के निर्वाह और उसकी पवित्रता तथा परिशुद्धता का महत्व सर्वोपरि था। लोक चित्रकार की व्यक्तिगत प्रतिभा और कल्पनाशीलता का स्थान गौण था। लोक चित्रकार की हेसियत पिंजरे में बंद पक्षी जैसी थी, परंतु अब उसे अपने पर खोलने के लिए प्रेरित किया जा रहा था।

सन 1960 के दशक तक की आदिवासी लोक चित्रकला को मैंने कुछ इस तरह समझा-अपने परंपरागत स्वरूप में आदिवासी लोक चित्रकला क्षेत्र विशेष या समुदाय विशेष के जन-सामान्य द्वारा किया गया वह कलाकर्म है, जिसके मूल में शुभ का विचार होता है और जो अवसर विशेष से जुड़े अनुष्ठान एवं मान्यताओं को संपन्न करने हेतु किया जाता है। मूलतः यह कलाकर्म आजीविका कमाने हेतु नहीं, बल्कि अपने जीवन को प्रचलित विश्वासों और मान्यताओं के अनुरूप सुख एवं शांतिमय बनाने हेतु पारलौकिक शक्तियों से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए किया जाता है। यह चित्र मानव का देवी-देवताओं को संबोधन है। यह चित्रित प्रार्थनाएं हैं, जिनके माध्यम से वे इस लोक एवं परलोक के मध्य संवाद स्थापित करते हैं। अपने इष्ट देवी-देवताओं का आह्वान करते हैं, उन्हें जाग्रत करते हैं, उन्हें शांत करते हैं, उनका धन्यवाद ज्ञापन करते हैं और उनकी आराधना करते हैं। यह चित्र मात्र प्रदर्शन की वस्तु नहीं, बल्कि आदिवासी-लोक जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं।

## पारंपरिक परिभाषा पर उठते प्रश्न

वर्तमान में, इक्कीसवीं सदी के परिवेश में प्रचलित आदिवासी लोक चित्रकला को क्या उसकी इस परिभाषा अथवा उसके प्रति इस पारंपरिक सोच से व्याख्यायित किया जा सकता है? मेरे लिए यह एक विचारणीय प्रश्न है। क्या हमें अब प्रचलित आदिवासी लोक चित्रकला के समकालीन रूप को नए सिरे से समझने और परिभाषित करने की आवश्यकता नहीं है? आदिवासी लोक चित्रकला का एक बड़ा भाग जो वर्तमान में शहरी कला बाजारों अथवा प्रदर्शनियों तथा इंटरनेट पर दिखाई देता है, वह उपरोक्त पारंपरिक परिभाषा से बहुत आगे जा चुका है। अब इन्हें बनाने के लिए न तो किसी विशेष अवसर की आवश्यकता है, न अनुष्ठान, त्योहार की और न ही इनके द्वारा किसी देव का आह्वान किया जाता है और न ही शमन। यह चित्र अपने पारंपरिक सामाजिक संदर्भ अथवा उत्तरदायित्व से मुक्त होकर केवल सौंदर्य सृजन एवं अर्थोपार्जन का माध्यम बन चुके हैं। ऐसा भी नहीं है कि समूचा परिदृश्य बदल गया हो, आज भी आंतरिक ग्रामीण अंचलों में कहीं-न-कहीं यह चित्र अपनी पारंपरिक पहचान और कलेवर बनाए हुए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि लोककला की स्थिति अब बदल चुकी है।

## शहरी कला बाजार और चित्रों का नया स्वरूप

आदिवासी लोक चित्रों के इस समकालीन समूह में वे सभी चित्र सम्मिलित हैं, जिनका प्रचलन पारंपरिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु नहीं, बल्कि शहरी बाजारों में विक्रय हेतु बनाए जाने के साथ विकसित हुआ है। यह चित्र आदिवासी-लोक कलाकारों के परंपरा-सिंचित सौंदर्यबोध एवं उनकी व्यक्तिगत कला प्रतिभा की अभिव्यक्तियां हैं। इन चित्रों ने आदिवासी-लोक कलाकारों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं एवं आदिवासी-लोक कला को एक भिन्न धरातल पर प्रतिष्ठित कर दिया है। सामान्यत: आदिवासी-लोक चित्रकला को हम इनकी परंपरा के परिप्रेक्ष्य में ही देखते रहे हैं। रूपंकर कलाओं के संदर्भ में परंपरा का आशय केवल प्रचलित चित्रभाषा, अभिप्राय, प्रतीक, छवियां, रूपाकार, शैली आदि की पुनरावृत्ति तक सीमित नहीं रहता बल्कि इनमें सतत प्रवाहित जनचेतना का भी अपना महत्व है, जो इन्हें बदलते परिवेश में भी अपने मूल से जोड़े रखती है। इस समूचे परिदृश्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि आदिवासी-लोक समाजों में कलाकारों का योगदान यही है कि वे इन परंपरागत कलाकृतियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा से समकालीन रूप तथा महत्व प्रदान करते हैं।

## मौलिक कला प्रतिभा और शिल्प कौशल


आदिवासी लोक कला के व्यवसायीकरण की प्रक्रिया का एक परिणाम यह हुआ कि अब तक सामुदायिक अथवा सामूहिक समझी जाने वाली आदिवासी लोक कलाओं में कलाकारों के काम को व्यक्तिगत पहचान मिलना आरंभ हुआ। कलाकारों को अपनी सामुदायिक कला परंपरा के प्रतिनिधि के साथ-साथ एक निजी पहचान भी मिली। सामूहिक कलाकर्म में व्यक्ति का उदय हुआ। पारंपरिक ढर्रे पर कलाकर्म करते हुए कलाकार की व्यक्तिगत कला प्रतिभा को पहचान मिली, लेकिन आदिवासी लोक कलाकारों की यह यात्रा इतनी आसान नहीं रही। बदलते परिवेश में उनके कलाकर्म का उद्देश्य ही बदल रहा था। अब उन्हें अपने पारंपरिक चित्रों में धार्मिक-सामाजिक विश्वासों के अनुरूप पवित्रता नहीं बनाए रखनी थी, बल्कि उन्हें अपनी पारंपरिक शैलीगत पहचान बनाए रखते हुए निजी मौलिक कला प्रतिभा और शिल्प कौशल को व्यक्त करना था। अब वे समुदाय से निकलकर कला के बाज़ार में प्रवेश कर गए थे। उन्हें अब अपनी कल्पना को विस्तार देना था और नए-नए विषयों पर चित्रों का सृजन करना था। आदिवासी लोक कला को देखने का एक अलग नजरिया मिला सन् 1980 में, जब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भारत भवन की स्थापना के साथ एक नए कला आंदोलन ने जन्म लिया। प्रसिद्ध चित्रकार एवं कलाचिंतक जगदीश स्वामीनाथन के मार्गदर्शन में यह एक ऐसा कला आंदोलन था, जो शहरी समकालीन और ग्रामीण आदिवासी लोक कला को एक साथ भारतीय समकालीन कला के दो अभिन्न अंग मानता था। यहां आदिवासी लोककला भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी, जितनी शहरी आधुनिक कला। यहां परंपरा का अर्थ केवल पुनरावृत्ति नहीं, बल्कि उसमें निजता और नवीनता का सहज स्वीकार था।

## असीम संभावनाएं

परिणामस्वरूप पारंपरिक आदिवासी लोक कला पर पारंपरिक पवित्रता के आग्रह की जकड़ कम होने से आदिवासी लोक कलाकारों को चित्र सृजन में उसका कथ्य और रूप कल्पित करने में अपेक्षाकृत स्वतंत्रता मिलने लगी। परंतु उन पर यह जिम्मेदारी भी आ पड़ी कि वे अभिव्यक्ति की इस स्वतंत्रता को उसी सीमा तक ले जाएं, जहां तक उनकी पारंपरिक शैलीगत पहचान विलुप्त न होने पाए। भले ही आदिवासी लोक कलाकारों को अपनी-अपनी समुदायगत विरासत में मिली परंपरा ने उन्हें कृति सृजन के लिए समान विषयवस्तु प्रदान की है या उनका सौंदर्यबोध एक ही परंपरा द्वारा सिंचित है। परंतु उनकी व्यक्तिगत कल्पनाशीलता, रंग और रूप के प्रति सहज प्रतिक्रिया, कलाकार की निजी संवेदना आदि अनेक तत्व हैं, जो उनके कलाकर्म को न केवल प्रभावित करते हैं, बल्कि उसे विशिष्टता भी प्रदान करते हैं। तब एक पारंपरिक निश्चित दायरे में काम करते हुए भी असीम संभावनाएं उभरकर सामने आती हैं, जो इन कलाकृतियों में आदिवासी लोक कलाकारों की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को रेखांकित करती हैं। आज अनेक आदिवासी लोक चित्रकारों ने अपनी चित्रकला की परंपरागत पहचान बनाए रखते हुए भी, अपनी व्यक्तिगत सृजनशीलता से इस पारंपरिक कला में नए आयाम जोड़े हैं, अपनी पहचान बनाई है। अत: हमें भी समकालीन आदिवासी लोक कला को देखने और समझने के नजरिये में वांछित बदलाव की जरूरत है।

अनोखी परंपरा

## नमक मांगना भी बन सकता है मुसीबत



दुनिया के हर देश की अपनी अलग सांस्कृतिक पहचान होती है, जो वहां के रीति-रिवाजों और सामाजिक व्यवहार में साफ झलकती है। ये परंपराएं पीढ़ी दर पीढ़ी चली आती हैं और स्थानीय लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाती हैं। कई बार बाहरी लोग अनजाने में इन परंपराओं का उल्लंघन कर बैठते हैं, जिससे वे असहज या मुश्किल स्थिति में फंस सकते हैं। ऐसा ही एक अनोखा सामाजिक नियम मिस्र में देखने को मिलता है, जहां भोजन करते समय अलग से नमक मांगना अपमान माना जाता है।

मिस्र की संस्कृति में भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, आतिथ्य और आपसी संबंधों का प्रतीक है। जब कोई मेजबान अपने अतिथि के लिए भोजन तैयार करता है, तो वह उसे पूरे मन और मेहनत से बनाता है। ऐसे में अगर अतिथि खाने के दौरान नमक मांग ले या पकवान में अतिरिक्त नमक डाल दे, तो इसे यह संकेत माना जाता है कि भोजन स्वादहीन है या मेजबान ने उसे ठीक से नहीं बनाया। यही कारण है कि नमक मांगना वहां मेजबान और भोजन—दोनों का अपमान समझा जाता है। अगर आप मिस्र में किसी के घर दावत पर जाते हैं, तो बेहतर यही होता है कि जो भोजन परोसा गया है, उसे उसी रूप में स्वीकार करें। चाहे स्वाद आपकी आदतों के अनुरूप न भी हो, फिर भी उसमें किसी तरह का बदलाव करना सामाजिक शिष्टाचार के विरुद्ध माना जाता है। वहां यह माना जाता है कि अतिथि का सम्मान इसी में है कि वह मेजबान के प्रयासों को बिना किसी टिप्पणी के स्वीकार करे।

यह परंपरा केवल घरों तक सीमित नहीं है। मिस्र के होटल और रेस्तरां में भी नमक मांगना लोगों को अटपटा लग सकता है। हालांकि कुछ जगहों पर टेबल पर सॉल्ट-स्प्रिंकलर रखा मिल जाता है, लेकिन स्थानीय लोग इसे शायद ही इस्तेमाल करते हैं। कई बार अगर कोई पर्यटक इसका उपयोग करता है, तो आसपास बैठे लोग हैरानी से उसे देखने लगते हैं। इसलिए मिस्र की यात्रा पर जाते समय वहां की इस सांस्कृतिक बारीकी को समझना बेहद ज़रूरी है। वहां भोजन के स्वाद से अधिक सम्मान, परंपरा और भावनाओं को महत्व दिया जाता है।

आर्ट गैलरी



## रेम्ब्रांट वैन रिजन की 'द नाइट वाच'

द नाइट वॉच रेम्ब्रांट वैन रिजन की सबसे मशहूर पेंटिंग्स में से एक है। इसे 1642 में डच गोल्डन एज के दौरान बनाया गया था। यह पेंटिंग कैप्टन फ्रांज बैनिंग कोक के नेतृत्व वाली एक कंपनी का ग्रुप पोर्ट्रेट है। यह पेंटिंग रोशनी और परछाई (टेनेब्रिज़्म) के नाटकीय इस्तेमाल और एक स्थिर सैन्य ग्रुप पोर्ट्रेट में गति के भ्रम के लिए जाना जाता है। 1808 में इस पेंटिंग को रिज्क्सम्यूजियम में ट्रांसफर कर दिया गया। वहां यह आज भी मौजूद है। इस पेंटिंग में 34 आकृतियां हैं, जिनमें वॉलंटियर गार्ड के सदस्य, एक झंडाबरदार, एक ड्रमर और एक छोटी लड़की शामिल हैं। चित्रित लोगों का मुख्य काम अपने शहरों में रक्षक के रूप में सेवा करना था। यह सत्रहवीं सदी की डच पेंटिंग का एक प्रतीक और खास उदाहरण बनी हुई है।



### रिजन के बारे में

रेम्ब्रांट वैन रिजन एक डच चित्रकार थे। वह बारोक शैली में अपनी असाधारण कला के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने पूरे करियर में धार्मिक और पौराणिक विषयों पर ध्यान केंद्रित किया और ऐसी उत्कृष्ट कृतियां बनाईं जिन्हें आज भी सराहा जाता है। उनका जन्म 1606 में हुआ और निधन 1669 में। रेम्ब्रांट की सबसे प्रसिद्ध कलाकृतियों में से एक 'द नाइट वॉच' है, जो प्रकाश और छाया पर उनकी महारत को दिखाती है। बारोक काल के चित्रकार रेम्ब्रांट ने कैरावैगियो जैसे इतालवी मास्टर्स से प्रेरणा ली। चियारोस्क्यूरो का उपयोग नाटकीय दृश्य बनाने के लिए प्रकाश और अंधेरे का कंट्रास्ट उनके काम की एक खास विशेषता बन गई। यह तकनीक न केवल 'द नाइट वॉच' में, बल्कि 'द एनाटॉमी लेसन ऑफ डॉ. निकोलेस टल्प' जैसी अन्य उल्लेखनीय पेंटिंग्स में भी देखी जा सकती है। अपनी कलात्मक प्रतिभा के लिए सराहे जाने के अलावा, रेम्ब्रांट का डच सांस्कृतिक विरासत में भी एक महत्वपूर्ण स्थान है।

लोकायन

## तमाशा : जीवंत लोक-नाट्य परंपरा

तमाशा लोक नृत्य और नाट्य प्रस्तुति का एक विशिष्ट रूप है, जिसकी उत्पत्ति 16वीं शताब्दी के आरंभ में महाराष्ट्र में मानी जाती है। अपने आरंभिक दौर से लेकर आज तक तमाशा न केवल महाराष्ट्र, बल्कि भारत के सबसे लोकप्रिय और जीवंत लोक कला रूपों में गिना जाता है। यह लोकनाट्य संगीत, नृत्य, अभिनय और कविता का ऐसा संगम है, जो जनसाधारण की भावनाओं को सीधे अभिव्यक्त करता है।

तमाशा की प्रस्तुति में गायन और नृत्य के साथ कई पारंपरिक वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया जाता है। इनमें ढोलकी, तुनतुनी (एक तार वाला वाद्ययंत्र), मंजीरा, डफ, हल्गी, कड़े नामक धातु का त्रिकोण, लेजिम, हारमोनियम और गुंघरू प्रमुख हैं। ढोलकी और हल्गी की सशक्त ताल तमाशा की पहचान मानी जाती है, जो पूरी प्रस्तुति को ऊर्जा और लय प्रदान करती है।

तमाशा का गहरा संबंध महाराष्ट्र के कोल्हाटी और महार समुदायों से रहा है। इन समुदायों द्वारा पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस कला को जीवित रखा गया। तमाशा का इतिहास अन्य मराठी लोक कलाओं से भिन्न है, क्योंकि इसमें लोककथाओं, कविता और नाट्य का अनूठा मिश्रण देखने को मिलता है। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों में नृत्य और संगीत की परंपरा का प्रभाव तमाशा में स्पष्ट रूप से झलकता है।



मराठी लोक साहित्य पर संस्कृत साहित्य का गहरा प्रभाव भी इसकी रचनात्मकता को समृद्ध करता है।

राम जोशी (1762-1812) को तमाशा का जनक माना जाता है। वे संस्कृत पुराणों, कीर्तन और नाट्य गायन के लिए प्रसिद्ध थे। बाद में मराठी साहित्यकार मोरोपंत के साथ उनके जुड़ाव ने तमाशा को नई दिशा दी। 'शाहिर' कहलाने वाले कवि-गायक रवानी ने तमाशा के लिए अनेक प्रेम और लोकगीतों की रचना की, जिससे यह कला और अधिक लोकप्रिय हुई। तमाशा के दो अन्य रूपों-पारंपरिक पड़ा गायन और दशावतार नाट्य रूप का भी उल्लेख मिलता है। यह कला महाराष्ट्र के साथ-साथ कर्नाटक, गोवा और कोंकण क्षेत्रों में भी प्रचलित है। तमाशा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके लिए किसी विशेष मंच की आवश्यकता नहीं होती। गांव का चौक, घर का आंगन या खुला मैदान-हर स्थान इसका रंगमंच बन सकता है। संगीतकारों के प्रवेश से आरंभ होने वाला तमाशा आज भी लोक-संस्कृति की जीवंत धड़कन बना हुआ है।

## भारतीय कला शिक्षा, लोक परंपरा और समकालीन कला

यह लगभग निर्विवाद तथ्य है कि भारत में आज भी जिस औपचारिक कला शिक्षा पद्धति का अनुसरण किया जा रहा है, उसकी जड़ें औपनिवेशिक काल में स्थापित ब्रिटिश मॉडल में निहित हैं। जबकि आज यह स्पष्ट हो चला है कि मद्रास, कलकत्ता, बॉम्बे और लाहौर जैसे कला विद्यालयों की स्थापना का मूल उद्देश्य भारतीय कलाकार तैयार करना नहीं, बल्कि यूरोपीय बाजारों के लिए डिजाइन, कारीगरी और दृश्य सामग्री का उत्पादन था। परिणामत: इस शिक्षा प्रणाली में भारतीय कला परंपराओं को या तो 'क्राफ्ट' कहकर हाशिये पर रखा गया या फिर उन्हें आधुनिकता-विरोधी मानते हुए पाठ्यक्रम से बाहर कर दिया गया।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक



आश्चर्य की बात यह है कि स्वतंत्रता के सात दशक बाद भी कला शिक्षा के इस ढांचे में कोई बुनियादी वैचारिक पुनर्गठन नहीं हुआ। भारतीय कला इतिहास, जो सिंधु घाटी, मौर्य, गुप्त, मध्यकालीन, लोक, जनजातीय और शिल्प परंपराओं के माध्यम से हजारों वर्षों में विकसित हुआ। आज भी कला महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में केंद्रीय ज्ञान-स्रोत के रूप में स्थापित नहीं हो पाया है। लोक और पारंपरिक कलाएं अधिकतर वैकल्पिक, गौण या "फोक स्टडी" तक सीमित हैं, न कि समकालीन अभ्यास के सक्रिय स्रोत के रूप में।

इसी पृष्ठभूमि में समकालीन भारतीय कला जगत में एक विरोधाभासी स्थिति उभरती है। हाल के वर्षों में अनेक ख्यात और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय कलाकार अपनी कृतियों में भारतीय शिल्प, लोक कला, आदिवासी प्रतीकों और पारंपरिक तकनीकों का खुलकर उपयोग कर रहे हैं। विशेष रूप से विदेशी प्रदर्शनियों और बिएनाले संदर्भों में यह रुझान अधिक दिखाई देता है, जहां तथाकथित "इंडियननेस" (भारतीयता) एक सांस्कृतिक पूंजी के रूप में काम करती है। यहां भारतीय शैली के वस्त्र, कढ़ाई, गोंड, मिथिला, वारली या टेराकोटा जैसे दृश्य संकेत वैश्विक कला बाज़ार में विशेष पहचान और विशिष्टता प्रदान करते हैं।

ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि क्या इसे चोरी कहा जा सकता है? स्पष्ट है कि यदि चोरी से आशय शैली, प्रतीक और रूपों के उपयोग मात्र से है, तो कला इतिहास बताता है कि कोई भी कला परंपरा कभी भी पूर्णतः स्वायत्त नहीं होती। ऐसे में आधुनिक कला भी उधार, रूपांतरण और पुनर्संयोजन की प्रक्रिया से उत्पन्न अवधारणा या व्याख्या है। इस अर्थ में, केवल लोक रूपों के उपयोग को चोरी नहीं कहा जा सकता, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब यह उपयोग समान शक्ति-संबंधों के भीतर नहीं होता, बल्कि एक अभिजात्य, शहरी और संस्थागत कलाकार लोक या आदिवासी कला के दृश्य संसार को अपनाता है, लेकिन उन समुदायों को श्रेय नहीं देता, उनकी ऐतिहासिक, सामाजिक या आर्थिक स्थितियों से कोई संवाद नहीं करता और न ही उनके ज्ञान को समकालीन कला शिक्षा में स्थान दिलाने की कोशिश करता है, तो ऐसे में यह प्रक्रिया सांस्कृतिक उपभोग का रूप ले लेती है। इस हालात में लोक कला या प्रतीक प्रेरणा नहीं, बल्कि कच्चा माल बन जाती है।

इस संदर्भ में इस धारणा को आंशिक रूप से सही कहा जा सकता है, कि अभिजात्य कला समाज लोक कलाओं से चोरी कर रहा है, क्योंकि समस्या "उधार लेने" या प्रभावित होने में नहीं, बल्कि उस संस्थागत पाखंड में है। जहां एक ओर कला महाविद्यालयों और कला संकायों में लोक कलाओं को अकादमिक ज्ञान नहीं माना जाता, वहीं दूसरी ओर समाज में सदियों से प्रचलित लोक दृश्यता समकालीन कला की प्रतिष्ठा और कला बाजार का आधार बन जाती है। जाहिर है, ऐसे में यह असंतुलन लोक परंपराओं के प्रति एक संरचनात्मक अन्याय को उजागर करता है, जिसकी जड़ों में रचा बसा होता है अभिजात्य समाज का पाखंड।

वैसे यह कहना कि सभी अभिजात्य कलाकार "चोरी" कर रहे हैं या करते हैं, महज सरलीकरण होगा, किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि जब तक भारतीय कला शिक्षा अपने केंद्र में भारतीय कला परंपरा को पुनः स्थापित नहीं करती, तब तक लोक और शिल्प कलाओं का यह उपयोग नैतिक और वैचारिक सवालों से घिरा रहेगा। आवश्यकता है संरचनात्मक सुधार, न कि केवल शैलीगत समावेशन की। इस पूरे विमर्श का निष्पक्ष आकलन करते हुए यह स्वीकार करना आवश्यक है कि समकालीन भारतीय कला में लोक और पारंपरिक कलाओं का उपयोग न तो स्वभावतः गलत है और न ही स्वतः शोषणकारी। कला का इतिहास परस्पर ग्रहण, रूपांतरण और संवाद से ही निर्मित हुआ है। समस्या वहां उत्पन्न होती है, जहां यह ग्रहण असमान शक्ति-संरचना के भीतर होता है और संस्थागत स्तर पर लोक कलाओं को समान वैचारिक दर्जा नहीं मिलता। यदि कोई समकालीन कलाकार लोक या शिल्प परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए उनके ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों के साथ ईमानदार संवाद करता है, श्रेय और सहभागिता सुनिश्चित करता है, तो यह प्रक्रिया रचनात्मक और नैतिक कही जा सकती है। किंतु जब वही तत्व केवल वैश्विक दृश्यता या बाजार की मांग के लिए अपनाए जाते हैं, तब यह सांस्कृतिक उपभोग का रूप ले लेती है। ऐसे में आज सबसे आवश्यक कदम कला शिक्षा के पाठ्यक्रम मं संरचनात्मक सुधार होना चाहिए। साथ ही भारतीय लोक, जनजातीय और शिल्प परंपराओं को केवल सैद्धांतिक अध्ययन का विषय भर नहीं, बल्कि समकालीन अभ्यास के सक्रिय स्रोत के रूप में अपनाया जाना चाहिए। साथ ही कलाकारों और कला संस्थानों को भी लोक समुदायों के साथ दीर्घकालिक, समानतापूर्ण सहयोग की दिशा में बढ़ना होगा। तभी सदियों से जारी यह अंतर्विरोध रचनात्मक संवाद में बदल पाएगा।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,739.13 | 25,727.55 |
| बढ़त | 2,072.67 | 639.15 |
| प्रतिशत में | 2.54 | 2.55 |

सोना 1,57,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,84,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 4 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### केईसी इंटरनेशनल को भारत, विदेश में 1,020 करोड़ के ऑर्डर मिले

**नई दिल्ली।** केईसी इंटरनेशनल ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के नए कार्य ऑर्डर हासिल किए हैं। कंपनी ने बताया कि इन सफलताओं के साथ चालू वित्त वर्ष में कंपनी का कुल ऑर्डर प्रवाह 20,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है। आरपीजी ग्रुप की कंपनी केईसी इंटरनेशनल ने एक बयान में कहा कि ये ऑर्डर निर्माण, परिवहन, पारेषण और वितरण तथा केबल और कंडक्टर जैसे विभिन्न व्यवसायों में मिले हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ विमल केजरीवाल ने परियोजनाओं का विवरण साझा किया।

### टेस्ला ने भारत में ईएमआई, प्रोत्साहन योजना शुरू की

**नई दिल्ली।** दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी टेस्ला ने भारत में बिक्री को तेज करने के लिए मासिक किस्त योजना (ईएमआई) समेत कई पहल शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। टेस्ला इंडिया ने बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन की तरफ जाने वाले ग्राहकों को पेट्रोल और डीजल वाहनों की अदला-बदली पर तीन लाख रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कंपनी के मुताबिक, ग्राहक अब टेस्ला के मॉडल वाई को 49,000 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाली किस्त (ईएमआई) पर खरीद सकते हैं। इसके लिए केवल छह लाख रुपये का शुरुआती भुगतान करना होगा। टेस्ला इंडिया ने सितंबर, 2025 में इस मॉडल की आपूर्ति शुरू की थी।

### आईएनएस ने अखबारी कागज की लगातार कमी पर चिंता जताई

**नई दिल्ली।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने देश में अखबारी कागज की कमी पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि इस वजह से प्रकाशकों को आयात पर निर्भर रहना पड़ रहा है। आईएनएस ने एक बयान में कहा, भारत में अखबारी कागज की सालाना खपत लगभग 12 लाख टन है, जबकि इसका घरेलू उत्पादन पांच लाख टन से अधिक नहीं हो पाया है। नतीजतन, भारतीय मिलें कुल मांग का सिर्फ 40 प्रतिशत ही पूरा कर पा रही हैं।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से उद्योगों को तेज वृद्धि की उम्मीद

## उद्योग जगत ने कहा- समझौता दोनों देशों के लिए बहुप्रतीक्षित महत्वपूर्ण उपलब्धि

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान देगा। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे देश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण एवं नवाचार केंद्र बनाने में मदद मिलेगी।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील मित्तल से लेकर आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला और महिंद्रा समूह के अनीश शाह तक भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश परिदृश्य को बदलने की इसकी क्षमता को रेखांकित करते हुए इस ऐतिहासिक समझौते पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। महिंद्रा ग्रुप के सीईओ और प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने इसे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत वृद्धि पथ पर होने के साथ, यह सौदा भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को सार्थक गति प्रदान करता है।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए बहुप्रतीक्षित और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो निवेश और वृद्धि के लिए अपार अवसर खोलता है। मित्तल ने कहा, मुक्त व्यापार समझौतों की श्रृंखला यह प्रमाण है कि भारत वैश्विक ढांचों के केंद्र में अपनी भूमिका निभा रहा है, जिसका उद्देश्य मजबूत अंतरराष्ट्रीय व्यापार रूपरेखा तैयार करना है। आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि कम शुल्क से इन दो महान देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी और निवेश तथा सहयोग के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे।

टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन सुदर्शन वेणु ने भी कहा कि टैरिफ में कमी एक सकारात्मक कदम है, जो निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करता है और दीर्घकालिक द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में विश्वास पैदा करता है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में, व्यापार में खुलापन भारतीय उद्योग को विस्तार करने, नवाचार करने और नौकरियां पैदा करने में मदद करेगा। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने 'एक्स' पोस्ट किया, इससे संभलकर आगे बढ़ने के लाभों का पता चलता है। जब शोर थम जाएगा, तो दो स्वाभाविक साझेदार साथ आएंगे।

### बेहतर शर्तें अमेरिका में प्रतिस्पर्धा बढ़ाएंगीं : निर्यातक

**नई दिल्ली।** निर्यातकों ने उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका के बीच घोषित व्यापार समझौते से श्रमप्रधान और एमएसएमई क्षेत्रों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में यह सफलता ऐसे वक्त में मिली है, जब भारतीय उद्योग उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण तनाव में थे। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारा सबसे बड़ा एकल निर्यात बाजार है और बेहतर व्यापारिक शर्तें अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधान उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगी। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर रुद्र कुमार पांडेय ने कहा कि यह कदम भारत के निर्यात-प्रतिस्पर्धी रुख को पुख्ता करता है और ऐसे समय में आया है जब अमेरिका अपनी आपूर्ति श्रृंखला को चीन से दूर ले जा रहा है।

## अपने-अपने दावे

### भारत निर्यात होंगे अमेरिका के कृषि उत्पादः अमेरिकी सांसद



**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के साथ घोषित व्यापार समझौते से अमेरिका के कृषि उत्पादों का विशाल भारतीय बाजार में निर्यात होगा और यह समझौता रूसी आक्रामकता का मुकाबला करने में भी मदद करेगा। अमेरिकी सांसदों ने यह बात कही।

सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष सीनेटर जिम रिश ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, भारत के साथ व्यापार समझौते की शानदार उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को बधाई। उन्होंने भारत को अमेरिका का एक करीबी साझेदार बताते हुए कहा, इस नए समझौते के तहत भारत ने अमेरिकी सामान खरीदने का संकल्प लिया है। यह अमेरिका को रूसी आक्रामकता का मुकाबला करने और रूसी ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत के समर्थन को कम करके यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को खत्म करने में मदद करेगा। अमेरिका की कृषि सचिव ब्रुक रॉलिन्स ने अमेरिकी किसानों के लिए एक बार फिर काम करने के लिए ट्रंप को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, नया अमेरिका-भारत समझौता भारत के विशाल बाजार में अधिक अमेरिकी कृषि उत्पादों का निर्यात करेगा, जिससे कीमतें बढ़ेंगी और ग्रामीण अमेरिका में नकदी का प्रवाह होगा।

### कृषि और डेयरी क्षेत्रों के हितों से कोई समझौता नहींः गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को अमेरिका के साथ हुए समझौते का विवरण दिए बिना कहा कि भारत की अमेरिका के साथ एक अच्छे करार पर सहमति बनी है और इसमें कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।

गोयल ने कहा कि व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और समझौते की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए जल्द ही भारत-अमेरिका का एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों पर समझौते को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन पर निशाना साधा। उन्होंने विशेष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए हुए कहा कि उनकी सोच नकारात्मक है और वह भारत की प्रगति के विरोधी हैं। गोयल ने कहा कि वह संसद में इस समझौते के बारे में बोलना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दलों के हंगामे के कारण ऐसा नहीं कर सके। कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के साथ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता पूरा कर लिया है और देश उन्हें बधाई दे रहा है। प्रधानमंत्री और ट्रंप के व्यक्तिगत संबंधों के कारण भारत को अमेरिका के साथ अच्छा समझौता हासिल हुआ है।

### अदाणी समूह और लियोनार्डो भारत में स्थापित करेंगे हेलीकॉप्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह और इटली की प्रमुख कंपनी लियोनार्डो ने मंगलवार को भारत में एक एकीकृत हेलीकॉप्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह कदम मेक इन इंडिया के प्रयासों को बढ़ावा देने दिशा में अहम बताया जा रहा है।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और लियोनार्डो ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में इस साझेदारी के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी भारतीय सशस्त्र बलों की जरूरतों को लक्षित करेगी, विशेष रूप से लियोनार्डो के उन्नत एडब्ल्यू169एम

**मेक इन इंडिया की ओर कदम**

और एडब्ल्यू109 ट्रेकर हेलीकॉप्टरों के लिए ऐसा किया जाएगा। एक बयान में कहा गया कि यह सहयोग चरणबद्ध स्वदेशीकरण, मजबूत रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षमताओं तथा व्यापक पायलट प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगा। भारत में हेलीकॉप्टर की उपलब्धता काफी कम है, जहां देश की जनसंख्या के हिसाब से 250 से भी कम हेलीकॉप्टर हैं। अनुमान है कि देश को अगले 10 वर्षों तक सालाना लगभग 100 हेलीकॉप्टरों की आवश्यकता होगी।

### एयर इंडिया के बोइंग 787 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने बोइंग 787 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच शुरू कर दी है। यह कदम रविवार को लंदन हीथ्रो से बेंगलुरु के बीच एक विमान में स्विच के खराब होने के बाद उठाया गया है। इस समय एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787 या ड्रीमलाइनर विमान हैं।

कंपनी के उड़ान संचालन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष उप्पल ने बोइंग 787 पायलटों को बताया कि विमान के ईंधन नियंत्रण स्विच की बेड़े-वार फिर से जांच शुरू कर दी गई है। एयरलाइन की इंजीनियरिंग टीम ने प्राथमिकता के आधार पर मूल्यांकन के लिए मामले को बोइंग के पास भेजा है। उन्होंने एक ईमेल में कहा कि जब तक हम बोइंग की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, हमारे इंजीनियरों ने सामान्य संचालन को सत्यापित करने के लिए ईंधन नियंत्रण स्विच की एहतियाती बेड़े-वार फिर से जांच शुरू कर दी है।

### मौद्रिक नीति पर आज से होगी बैठक, स्थिर रह सकती है रेपो दर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार से शुरू हो रही है। बैठक में रेपो दर को यथावत रखने की उम्मीद है।

रेपो वह दर होती है जिस पर केंद्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। इसमें कटौती बैंक ऋण सस्ता होता है, साथ ही बैंक जमा पर मिलने वाले ब्याज में भी कमी करते हैं। तीन दिन चलने वाली बैठक के बाद 6 फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा की जाएगी। दिसंबर में हुई पिछली बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल चार बार में रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कटौती की थी। फरवरी 2025 में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत, अप्रैल में 0.25 प्रतिशत और जून में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी।

### अमेरिकी शुल्क कटौती श्रमप्रधान क्षेत्रों के लिए सकारात्मकः मूडीज

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- भारत के वस्तु निर्यात में जान फूंकेगा यह समझौता

मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि अधिकांश भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में कटौती से रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों की ऋण चुकाने की क्षमता बेहतर होगी। इन क्षेत्रों का देश के निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान है।

मूडीज ने कहा कि यह व्यापार समझौता अमेरिका को भारत के वस्तु निर्यात में नई जान फूंकेगा। अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा वस्तु निर्यात बाजार बना हुआ है, जो 2025 के पहले 11 महीनों में भारत के कुल वस्तु निर्यात का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा रहा। मूडीज ने कहा, कम शुल्क दर रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए भी ऋण चुकाने की क्षमता के लिहाज से सकारात्मक होगी, जो शीर्ष निर्यात क्षेत्रों में शामिल हैं।

#### रूस से तेल खरीद बंद की तो बढ़ेगी महंगाई

मूडीज ने कहा कि हाल के महीनों में भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद कम की है, लेकिन इसके पूरी तरह तुरंत बंद होने की संभावना नहीं है, क्योंकि ऐसा करना भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बाधक हो सकता है। मूडीज ने कहा, रूसी तेल से पूरी तरह हटकर अन्य स्रोतों पर निर्भरता आपूर्ति को और कड़ा कर सकती है, कीमतें बढ़ा सकती है और इसके कारण महंगाई भी बढ़ सकती है, क्योंकि भारत दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातकों में से एक है।



# विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन

**अमेरिका से व्यापार समझौते पर चर्चा की मांग को लेकर भारी हंगामा और नारेबाजी**

## कहा- वाशिंगटन से क्यों मिल रही जानकारी, सत्ता पक्ष ने लगाया हताशा का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों के सदस्यों ने मंगलवार को जोरदार ढंग से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मुद्दा उठाया और संसद को विश्वास में लेने, सदन के पटल पर इनके पूरे मसौदे रखे जाने के साथ इन पर व्यापक चर्चा की मांग करते हुए राज्यसभा से वाकआउट किया। इससे पहले विपक्ष ने सदन में हंगामा व नारेबाजी करते हुए सरकार पर देश के हितों से समझौता करने का भी आरोप लगाया। सत्ता पक्ष ने यह कहकर पलटवार किया कि विपक्ष की हताशा सामने आ रही है।

उच्च सदन में शून्यकाल समाप्त होने के तुरंत बाद जब सभापति सीपी राधाकृष्णन ने प्रश्नकाल शुरू करने को कहा, उसी समय कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि इस समझौते से जुड़ी जानकारी संसद के बजाय वाशिंगटन से मिल रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर संसद को विश्वास में लेने, सदन में पूरे मसौदे रखे जाने और उन पर व्यापक चर्चा की मांग की। विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने उनका समर्थन किया। सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार देर रात को भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कटौती की जानकारी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दी और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सच्चा दोस्त बताया।

विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष की हताशा सामने आ रही है और वह अच्छी बातों में भी बुराई देखने लगा है। उन्होंने कहा, मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए तैयार है और समझौते का हर छोटा-बड़ा विवरण देने को भी तैयार है। सरकार इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए वक्तव्य देगी। लेकिन यह तरीका लोकतंत्र के लिए घातक है और यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है। विपक्षी सदस्यों के हंगामा और नारेबाजी के बीच सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जब सरकार वक्तव्य दे रही है तो सदस्यों को उसे सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष हंगामा कर रहा है। इसी बीच, विपक्षी सदस्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए अपनी सीटों से उठकर आगे की ओर बढ़ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का उद्देश्य हर मुद्दे पर राजनीति करना है और सदन में इसका उदाहरण देखा गया।



राज्यसभा में अमेरिका के साथ हुए समझौते पर बात रखते राजद सांसद मनोज झा।

### तृणमूल सांसदों ने अलग से किया बहिर्गमन

हंगामे-नारेबाजी के बीच तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर सभी विपक्षी दलों के सदस्यों ने विरोध जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। टीएमसी सदस्य साकेत गोखले सदन में बैठे रहे और कुछ देर बाद बाहर चले गए। बाद में टीएमसी के सदस्यों ने कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस के सोमवार को एसआईआर-प्रभावित परिवारों के साथ किए गए व्यवहार के विरोध में अलग से बहिर्गमन किया। सोमवार कोपश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित 'बंग भवन' के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बहस हो गई थी। ममता ने गृहमंत्री के इशारे पर अपने राज्य में एसआईआर से प्रभावित परिवारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

## सीईसी के खिलाफ ला सकते हैं महाभियोग प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी



- ममता बनर्जी ने कहा- हमारे पास संसद में बहुमत नहीं, पर रिकॉर्ड में दर्ज होगा प्रस्ताव

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर धमकी देने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाने के एक दिन बाद मंगलवार को सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की संभावना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, सोमवार को जो कुछ हुआ उसके बाद हम इस चुनाव आयुक्त से किसी भी चीज की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।

सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर विचार करने के सवाल पर ममता बनर्जी ने कहा, हालांकि हमारे पास बहुमत नहीं है फिर भी प्रस्ताव पेश किया जा सकता है। जनता के हित में हम पार्टी में इस विषय पर चर्चा करेंगे और इसका समर्थन करेंगे। कम से कम यह रिकॉर्ड में तो दर्ज हो जाएगा। मुख्यमंत्री यहां चुनाव आयोग के मुख्यालय में ज्ञानेश कुमार के साथ हुई अपनी मुलाकात का उल्लेख कर रही थीं, जहां उन्होंने पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर सीईसी पर तीखा हमला किया। उन्होंने आयोग पर पक्षपातपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण तरीके से काम करने का आरोप लगाया और कहा कि यह प्रक्रिया राजनीतिक उद्देश्य से चलाई जा रही है। चुनाव आयोग मुख्यालय से बाहर आने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, हम आहत एवं व्यथित हैं। मैं कई वर्षों से राजनीति में हूं। मैं चार बार मंत्री और सात बार सांसद रह चुकी हूं लेकिन मैंने कभी ऐसा सीईसी नहीं देखा जो इतना अहंकारी एवं झूठा हो।

## प्रधानमंत्री ने भयंकर दबाव में अमेरिका के साथ किया व्यापार समझौताः राहुल

- कहा- छवि का गुब्बारा फूटने के डर से मोदी ने देश और किसानों को बेच दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भयंकर दबाव में हैं, इसलिए उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने इस समझौते के माध्यम से किसानों और देश को बेच दिया है और इस बात से डरे हुए हैं कि उनकी छवि का गुब्बारा कहीं फूट न जाए।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी घबराए हुए हैं। जो व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था, उसमें कुछ बदला नहीं और कल शाम उस पर हस्ताक्षर कर दिया गया। इसके पीछे क्या कारण हैं, वो मैं जानता हूं और मोदी जानते हैं। उन्होंने दावा किया, मोदी जी पर भयंकर दबाव है। उनकी छवि का जो गुब्बारा हजारों करोड़ खर्च कर बनाया गया था, वो फूट सकता है। बड़ी बात यह है कि भारत के प्रधानमंत्री कंप्रोमाइज्ड हो चुके हैं। आरोप लगाया, हिंदुस्तान के किसानों को यह समझना चाहिए कि इस समझौते में आपकी मेहनत और खून-पसीने को मोदी ने बेच दिया है। उन्होंने सिर्फ आपको नहीं, देश को बेच दिया है।

#### एक तो अदाणी मामला, दूसरे एपस्टीन फाइलों में छिपा सच

राहुल गांधी ने दावा किया, प्रधानमंत्री पर दबाव के पीछे दो बाते हैं। पहला एप्सटीन फाइल हैं जिसमें अभी बहुत सामग्री है, जिसे जारी नहीं किया गया है। इनमें जो है, उसे पूरा देश जानना चाहता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री के दबाव में आने का दूसरा कारण अमेरिका में उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ दर्ज मामला है। इस मामले के बावजूद अमेरिका अदाणी को निशाना नहीं बना रहा है। यह निशाना मोदी के वित्तीय ढांचे पर है। जो अदाणी पर मामला है, वो दरअसल नरेंद्र मोदी पर मामला है।

## कांग्रेस को बताना चाहिए वह भारत के पक्ष में है या उसके खिलाफः अनुराग

- पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा- कांग्रेस नेताओं में साफ दिख रही है देश विरोधी भावना

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस आरोप पर कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यापार सौदे को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के दबाव में आकर समझौता किया, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को पूछा कि कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे दल बताएं कि वे भारतीय हित के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ हैं।

संसद भवन परिसर में पत्रकारों के साथ बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि भारत पर अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के बाद विपक्ष के कई लोग जश्न मना रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता किए जाने के बाद भी विपक्ष के लोगों ने सवाल उठाए थे। ठाकुर ने कहा, यहां सवाल यह उठता है कि विपक्ष और कांग्रेस भारतीय हित के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ। उन्होंने कहा, यह भारत-विरोधी मानसिकता राहुल गांधी, कांग्रेस और दूसरे विपक्षी नेताओं में साफ दिख रही है, क्योंकि वे संसद को काम भी नहीं करने दे रहे हैं।

#### विकास की चिंता नहीं, देश को गुमराह कर रहे राहुलः गोयल

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेता भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर देश को गुमराह कर रहे हैं, उन्हें देश के विकास की कोई चिंता नहीं है। मंत्री ने इस बात पर भी दुख जताया कि कांग्रेस और डीएमके, तृणमूल कांग्रेस और सपा सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के हंगामे के कारण उन्हें संसद में बयान देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, उन्होंने संसद में बहुत अभद्र व्यवहार किया, माननीय स्पीकर की सीट तक पहुंच गए।

### महाराष्ट्र : पंकजा मुंडे के उड़ान भरने से पहले हेलीकॉप्टर में खराबी

**छत्रपति संभाजीनगर।** जिला परिषद चुनाव के लिए प्रचार करने जा रही महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे को ले जाने वाले हेलीकॉप्टर में उनके प्रस्थान से कुछ घंटे पहले तकनीकी खराबी का पता चला तो खलबली मच गई। खराबी को ठीक करने के बाद वह दो घंटे की देरी से रवाना हो पाईं।

मुंडे सोमवार को एक विशेष विमान से छत्रपति संभाजीनगर पहुंचीं और बाद में दिन में चुनाव प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुईं। हवाई अड्डे के एक अधिकारी के मुताबिक विमानन कंपनी ने जब उसी रात नियमित निरीक्षण किया तो हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी खामियां मिलीं। चिकलठाणा हवाई अड्डे के प्राधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। मुंडे ने कहा कि हेलीकॉप्टर पुराना था, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे को नहीं उठाया और अपनी यात्रा जारी रखी। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान हादसे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार की दुखद मौत के बाद से ही हवाई यात्रा को लेकर पार्टी नेताओं में चिंता बढ़ गई है।

## काफी सस्ते में चुनाव जीत गए बिहार के ज्यादातर विधायक

पटना, एजेंसी

- सभी विधायकों का चुनावी खर्च अधिकतम सीमा से 61 प्रतिशत
- चुनाव आयोग के समक्ष दाखिल ब्योरे पर एडीआर की रिपोर्ट

बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच ने 243 में से 240 नवनिर्वाचित विधायकों के चुनाव खर्च का विश्लेषण किया, जिसमें यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में विधायकों ने तय खर्च सीमा से काफी कम खर्च दिखाया है। एडीआर की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, 240 विधायकों में से 100 विधायकों यानी करीब 42 प्रतिशत ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव खर्च सीमा के 61 प्रतिशत से भी कम खर्च घोषित किया है।

बिहार चुनाव में विधायकों के लिए चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये थी, जबकि सभी विधायकों का औसत घोषित खर्च 24.33 लाख रुपये रहा जो कुल खर्च सीमा का मात्र 61 प्रतिशत है। भाजपा के 88 विधायकों का औसत खर्च 27.36 लाख रुपये यानी 68.4 प्रतिशत रहा। जदयू के 84 विधायकों ने औसतन 25.53 लाख रुपये यानी 63.8 प्रतिशत खर्च घोषित किया। वहीं राजद के 24 विधायकों का औसत खर्च 19.57 लाख रुपये यानी 48.9 प्रतिशत और लोजपा रामविलास के 19 विधायकों का औसत खर्च 19.60 लाख रुपये यानी 49 प्रतिशत रहा। कांग्रेस के 6 विधायकों ने औसतन 13 लाख रुपये यानी 32.5 प्रतिशत खर्च दिखाया, जो सबसे कम है।

इसके अलावा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के 5 विधायकों का औसत खर्च 16.89 लाख रुपये, एआईएमआईएम के 5 विधायकों का 17.37 लाख रुपये, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के 4 विधायकों का 24.84 लाख रुपये और भाकपा (माले) के 2 विधायकों का औसत खर्च 17.05 लाख रुपये दर्ज किया गया। एक-एक विधायक वाली पार्टियों में माकपा विधायक का खर्च 21.39 लाख रुपये, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के विधायक का 23.74 लाख रुपये और बसपा विधायक का 18.34 लाख रुपये रहा।

# देश में दवाओं के अंधाधुंध उपयोग से कम हो रहा एंटीबायोटिक का असर

- केंद्र सरकार ने राज्यसभा में दी जानकारी, कहा-नजर रख रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में सरकार ने मंगलवार को बताया वह देश भर में एंटीबायोटिक के असर कम होने के बढ़ते रुझान पर नजर रख रही है तथा एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध और डॉक्टर के पर्चे के बिना इनके उपयोग को इसका एक प्रमुख कारण मान रही है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के माध्यम से औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 और इसके नियमों के प्रावधानों के तहत दवाओं की सुरक्षा, प्रभाव क्षमता और गुणवत्ता को नियंत्रित करती है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं को औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियमों की अनुसूची एच और एच1 में रखा गया है और केवल पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे पर ही खुदरा बेचा जा सकता है। सरकार देश में एंटीबायोटिक का असर कम होने के बढ़ते रुझान से अवगत है, जिसमें निमोनिया/मूत्र मार्ग जैसे संक्रमणों में देखा गया प्रतिरोध भी शामिल है।

### प्रबंधन को उठाए गए हैं कई कदम

मंत्री ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रबंधन हेतु उठाए गए कई कदमों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री विकसित की गई है और तथा जन जागरूकता एवं प्रसार के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की वेबसाइट पर इसे अपलोड किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मानक उपचार दिशानिर्देश (एसटीजी) जारी किए हैं, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

## धरती के फेफड़ों को सहेजने का संकल्प

# रामसर टैग



आर्द्रभूमियां, जिन्हें अक्सर पृथ्वी की किडनी और जैविक सुपरमार्केट कहा जाता है, हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का वह महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जो जल चक्र को संतुलित करने से लेकर कार्बन सोखने तक की अद्वितीय क्षमता रखती हैं। जब हम रामसर टैग की बात करते हैं, तो यह केवल एक तकनीकी नामकरण नहीं है, बल्कि यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी आर्द्रभूमि (वेटलैंड) की विशिष्टता और उसके वैश्विक महत्व की स्वीकृति है। रामसर कन्वेंशन एक अंतरसरकारी संधि है जो दुनिया भर में झीलों, नदियों, दलदलों और तटीय क्षेत्रों के संरक्षण के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है। आधुनिक युग में जहां अंधाधुंध शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन ने प्राकृतिक जल स्रोतों को संकट में डाल दिया है, वहां रामसर टैग एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है।

### आर्द्रभूमि जीवन का आधार

- भारत जैसे विशाल विविधता वाले देश के लिए यह टैग अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां की सभ्यताएं हमेशा से नदियों और तालाबों के इर्द-गिर्द पनपी हैं। वर्तमान में, भारत ने अपनी आजादी के अमृत काल के बाद से आर्द्रभूमियों के संरक्षण में एक लंबी छलांग लगाई है। 2 फरवरी 2026 तक, भारत में रामसर स्थलों की संख्या बढ़कर 98 हो गई है, जो इस क्षेत्र में सरकार और समाज की सक्रियता को दर्शाता है। रामसर टैग मिलने का अर्थ केवल पहचान मिलना नहीं है, बल्कि यह उस देश के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है कि वह उस क्षेत्र के पारिस्थितिक चरित्र को बनाए रखेगा और उसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करेगा।

### टैग का वैश्विक महत्व

- अंतर्राष्ट्रीय मान्यता : रामसर टैग एक अंतर्राष्ट्रीय मान्यता है जो किसी आर्द्रभूमि को 'वैश्विक महत्व' की श्रेणी में रखती है।
- संरक्षण का दायित्व : इस टैग का मुख्य कार्य संबंधित देश को उस आर्द्रभूमि के वैज्ञानिक प्रबंधन और सुरक्षा के लिए कानूनी और नैतिक रूप से उत्तरदायी बनाना है।
- अंतर्राष्ट्रीय सहयोग : यह सदस्य देशों के बीच जल संसाधनों और प्रवासी पक्षियों के प्रबंधन में आपसी सहयोग को बढ़ावा देता है।
- जागरूकता और पर्यटन : टैग मिलने से संबंधित क्षेत्र को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर जगह मिलती है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होता है।

### सदस्य देश

- ऐतिहासिक पृष्ठभूमि : यह समझौता 2 फरवरी 1971 को ईरान के रामसर शहर में हुआ था। इसी कारण 2 फरवरी को 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' मनाया जाता है।
- वैश्विक भागीदारी : वर्तमान में दुनिया के 172 देश इस संधि के हस्ताक्षरकर्ता हैं।

### किसे मिलता है यह टैग

- नौ विशिष्ट मानदंड : किसी क्षेत्र को रामसर स्थल घोषित करने के लिए नौ विशिष्ट मानदंड बनाए गए हैं जिसमें कम से कम एक को पूरा करना अनिवार्य होता है।
- अद्वितीय आर्द्रभूमि : जो अपने आप में दुर्लभ या प्राकृतिक प्रकार की हो।
- संकटग्रस्त प्रजातियां : जहां विलुप्त होने की कगार पर खड़ी प्रजातियाँ पाई जाती हों।
- जैव विविधता : जो किसी विशेष क्षेत्र की जैविक विविधता बनाए रखने में सहायक हो।
- प्रवासी पक्षी : जहां नियमित रूप से 20,000 या उससे अधिक जल-पक्षी निवास करते हों।
- आजीविका देय : स्थानीय समुदायों की आजीविका बनाए रखने में भूमिका निभाते हों।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में खनिज पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका बुधवार को अपने पहले महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस बैठक में तकनीकी नवाचार, आर्थिक मजबूती और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अनिवार्य महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति शृंखला की कमजोरियों से जुड़ी चिंताओं के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों को एक मंच प्रदान किया जाएगा। विदेश मंत्री मार्को रुबियो विदेश विभाग में इस बैठक की मेजबानी करेंगे, जो महत्वपूर्ण खनिजों पर केंद्रित पहला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन होगा। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इसमें शामिल होंगे।

### महिंदा राजपक्षे की पत्नी-बेटे से पूछताछ

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे की पत्नी और बेटे से मंगलवार को दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने पूछताछ की। पूर्व प्रथम महिला शिरंथी राजपक्षे से 2015 में उनके नेतृत्व वाली एक संस्था से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में पूछताछ की गई। अधिकारियों ने बताया कि विपक्षी सांसद नमल राजपक्षे से अंडरवर्ल्ड डॉन केहलबद्दारा पद्मे से कथित संबंधों के बारे में पूछताछ की गई। पद्मे को 2025 के मध्य में प्रत्यर्पण के तहत दुबई से लाया गया था। पुलिस ने बताया कि मां-बेटे से आपराधिक अन्वेषण विभाग ने चार घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

### फर्नांडीज होंगे कोस्टा रिका के राष्ट्रपति

**सैन जोस।** कोस्टा रिका में रूढ़िवादी जनवादी नेता लौरा फर्नांडीज ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निवर्तमान राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस द्वारा शुरू किए गए देश की राजनीति के आक्रामक पुनर्गठन को आगे बढ़ाने का वादा किया है। प्रारंभिक और आंशिक नतीजों के अनुसार, फर्नांडीज ने पहले ही दौर में निर्णायक जीत हासिल की, जिससे दूसरे चरण की जरूरत नहीं पड़ी।

### द. अफ्रीका का जंगी पोत भारत रवाना

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीकी नौसेना का जंगी जहाज एसएएस अमाटोला भारत के लिए एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तैनाती पर रवाना हो गया है, जहां यह भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित 2026 अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा अभ्यास मिलन में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करेगा। रविवार को जहाज के रवाना होने के बाद दक्षिण अफ्रीकी नौसेना ने कहा कि एसएएस अमाटोला की भारत यात्रा कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है। यह द. अफ्रीका की समुद्री रणनीति के लिए एक अहम पड़ाव है।

# ट्रंप के दावों का रूस ने दिया जवाब भारत ने तेल क्रय से मना नहीं किया

## क्रेमलिन ने कहा, हमें इस मामले में नई दिल्ली से अभी तक कोई संदेश नहीं मिला

- रूस हर तरीके से भारत से संबंध मजबूत रखने का इच्छुक

मॉस्को, एजेंसी

रूस को भारत से रूसी तेल खरीद रोकने के संबंध में कोई संदेश नहीं मिला है। रूसी सत्ता के केंद्र क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को यह बात कही। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस से तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका और संभवतः वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदने पर सहमत हो गए हैं।

क्रेमलिन के प्रवक्ता पेस्कोव ने कहा कि हमें इस मामले पर नई दिल्ली से अभी तक कोई संदेश नहीं मिला है। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि रूस हर संभव तरीके से भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना जारी रखने का इरादा रखता है। रूस के ऊर्जा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि उन्हें भारतीय रिफाइनरी कंपनियों से अनुबंध रद्द करने के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है। सोमवार को मोदी के साथ फोन पर बातचीत के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत अमेरिका जवाबी शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। पिछले साल ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए थे, जो दुनिया में किसी भी देश पर सबसे ज्यादा शुल्क था। इनमें रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का शुल्क भी शामिल था। तेल आपूर्ति पर नजर रखने वाली कंपनी केप्लर के अनुसार, इराक अब रूस के लगभग बराबर मात्रा में आपूर्ति कर रहा है, जो दिसंबर 2025 में औसतन 9,04,000 बैरल प्रति दिन से ज्यादा है। सऊदी अरब से भी तेल का उत्पादन जनवरी में बढ़कर 9,24,000 बैरल प्रतिदिन हो गया, जो दिसंबर में 7,10,000 बैरल प्रतिदिन था।



### 88 प्रतिशत कच्चा तेल दूसरे देशों से लेता है भारत

भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत हिस्सा दूसरे देशों से खरीदता है, जिसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिवर्तित किया जाता है। वर्ष 2021 तक भारत द्वारा आयात किए गए कुल कच्चे तेल में रूसी तेल का हिस्सा मुश्किल से 0.2 प्रतिशत था। भारत फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया। तेल आपूर्ति पर नजर रखने वाली कंपनी केप्लर के अनुसार, जनवरी के पहले तीन हफ्तों में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 11 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जबकि पिछले महीने यह औसतन 12.1 लाख बैरल रोज था और 20 लाख बैरल रोज से अधिक होने का अनुमान था।

### रूस से तेल खरीद रोकेगा भारत : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साथ टेलीफोन वार्ता के बाद कहा था कि भारत अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि करने, अमेरिकी सामानों पर आयात शुल्क शून्य करने तथा रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने पर सहमत हो गया है, बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर तत्काल प्रभाव से आयात शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए लिखा है कि मोदी रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका, तथा संभवतः वेनेजुएला, से खरीद बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं जिससे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी।

# अमेरिका के साथ तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत करेगा ईरान

- राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने दिया अपने विदेश मंत्री को निर्देश

दुबई, एजेंसी

ईरान के राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा कि विदेश मंत्री को अमेरिका के साथ तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। यह तेहरान की ओर से अब तक का सबसे स्पष्ट संकेत है कि वह वाशिंगटन के साथ बातचीत की कोशिश करना चाहता है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब पिछले महीने देशभर में हुए प्रदर्शनों पर ईरानी सरकार की हिंसक कार्रवाई के बाद अमेरिका के साथ तनाव काफी बढ़ गया है। यह घोषणा सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के रुख में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

बीते कुछ हफ्तों से वह ईरानी जनता को चेतावनी दे रहे थे कि देश में हालात उनके नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं। यह बयान इस बात का भी संकेत देता है कि उन्हें अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खोमेनेई का समर्थन मिला है, जिन्होंने पहले ऐसे किसी भी संवाद को खारिज कर दिया था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान और अमेरिका किसी समझौते तक पहुंच पाएंगे या नहीं, खासकर इसलिए क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बातचीत की किसी भी प्रक्रिया में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपनी प्रमुख मांगों में शामिल कर रखा है। ट्रंप ने जून में इजराइल द्वारा शुरू किए गए 12 दिवसीय युद्ध के दौरान ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के आदेश दिए थे।

पेजेशकियान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अंग्रेजी और फ़ारसी में लिखा कि यह फैसला क्षेत्र के मित्र देशों की ओर से अमेरिका के राष्ट्रपति के बातचीत के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अनुरोध पर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि मैंने अपने विदेश मंत्री को निर्देश दिया है कि यदि उपयुक्त माहौल हो यानी धमकियों और अनुचित अपेक्षाओं से मुक्त वातावरण, तो वह गरिमा, विवेक और दूरदर्शिता के सिद्धांतों के अनुरूप तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत को आगे बढ़ाएं। अमेरिका ने अभी यह स्वीकार नहीं किया है कि इस तरह की कोई बातचीत होने जा रही है।

### ईरान के गृहमंत्री सहित 10 पर नए प्रतिबंध

लंदन। ब्रिटेन ने ईरान के गृह मंत्री सहित 10 लोगों और एक संगठन पर प्रतिबंधों का एक नया पैकेज लगा दिया है। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, ईरान में हालिया प्रदर्शनों में मानवाधिकारों के उल्लंघन में शामिल लोगों के खिलाफ ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, उनमें ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी, लोरिस्तान प्रांत के पुलिस प्रमुख मोहम्मद रजा हाशिमीफ़र, सार्वजनिक सुरक्षा पुलिस प्रमुख सैयद माजिद फ़ैज़ जाफ़री, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर में फ़ार्स प्रांत के कमांडर यादोल्लाह बौअली, कई अन्य सैन्य और न्यायिक कर्मी शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि ब्रिटेन पहले ही ईरानी व्यक्तियों और संगठनों पर 550 से अधिक संबंधित प्रतिबंध लगा चुका है, जिसमें पूरे आईआरजीसी पर भी प्रतिबंध शामिल है। इससे पहले अमेरिका और यूरोपीय संघ भी हाल के दिनों में ईरान पर सामान्य प्रतिबंध लगा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि ईरानी रियाल के तेज़ी से गिरने के कारण प्रशासन के खिलाफ दिसंबर के आखिर में शुरू हुए प्रदर्शन हफ़्तों तक चले थे। शुरू में शांतिपूर्ण रहे ये प्रदर्शन झड़पों में बदल गये, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ और मस्जिदों, सरकारी इमारतों और बैंकों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा। तेहरान ने इस अशांति के लिए अमेरिका और इज़राइल को दोषी ठहराया है।

## संसद में पेश होंगे क्लिंटन दंपती

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने दोषी यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन से जुड़े एक मामले में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में गवाही देने पर सोमवार देर रात सहमति जताई। हालांकि, इस जांच का नेतृत्व कर रहे रिपब्लिकन सांसद ने कहा कि अभी कुछ तय नहीं हुआ है। सदन की निगरानी समिति के अध्यक्ष एवं रिपब्लिकन सांसद जेम्स कॉमर सोमवार शाम तक क्लिंटन दंपति के खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की कार्यवाही आगे बढ़ा रहे थे। उन पर आरोप था कि उन्होंने कांग्रेस के समन की अवहेलना की। इसी दौरान क्लिंटन दंपति के वकीलों ने समिति को ईमेल भेजकर कहा कि दोनों कॉमर की मांगें स्वीकार करेंगे और तय तारीखों पर बयान दर्ज कराने के लिए पेश होंगे।

## ईंधन में हुआ रिसाव, नासा ने टाला चंद्र रॉकेट का प्रक्षेपण

- स्पेस एजेंसी ने अब मार्च में रॉकेट के प्रक्षेपण का लिया निर्णय

केप केनरवल, एजेंसी

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को कहा कि एक दिन पहले किए गए निर्णायक परीक्षण के दौरान ईंधन के रिसाव की समस्या आने के कारण अब वह अपने नए चंद्र रॉकेट को मार्च में प्रक्षेपित करेगी। नासा ने कहा कि प्रक्षेपण में देरी होने से अब उड़ान परीक्षण से पहले डेटा की समीक्षा करने और दूसरा पूर्वाभ्यास करने का मौका मिलेगा। ये रिसाव सोमवार को कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में ईंधन भरने की प्रक्रिया शुरू होने के कुछ ही घंटों के भीतर हुए।

नासा ने कहा कि इस उड़ान के लिए चुने गए चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग दो सप्ताह के पृथकवास से बाहर निकाल लिया जाएगा। नासा ने कहा कि चंद्रमा की परिक्रमा के लिए अगली उड़ान के समय से लगभग दो सप्ताह पहले उन्हें फिर से पृथकवास में रखा जाएगा। हालांकि, अंतरिक्ष एजेंसी ने मार्च में आधिकारिक प्रक्षेपण लक्ष्य के बारे में कोई संकेत नहीं दिया। इसने कहा कि जांच से प्राप्त डेटा की पूरी तरह से समीक्षा करने प्रत्येक समस्या का समाधान करने और परीक्षण पर लौटने की आवश्यकता है। सोमवार को दोपहर के समय प्रक्षेपण नियंत्रकों ने 322 फुट लंबे रॉकेट में अत्यधिक शीतल हाइड्रोजन और ऑक्सीजन भरना शुरू किया। टंकियों में 7 लाख गैलन से अधिक ईंधन भरा जाना था।

## रूस ने यूक्रेन पर तेज किए हमले

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि रूस ने देर रात एक बड़े हमले में यूक्रेन पर लंबी दूरी के लगभग 450 ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 70 मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय हुआ, जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में अमेरिका की मध्यस्थता से होने वाली वार्ता में भाग लेने वाले हैं, जिसका उद्देश्य लगभग चार साल पहले शुरू हुए युद्ध को समाप्त करना है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के कम से कम पांच क्षेत्रों पर बमबारी का निशाना विशेष रूप से बिजली ग्रिड था। अधिकारियों ने बताया कि रूस के हमलों में कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के लिए कूटनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है लोगों को आतंकित करना है।

## एक्स के फ्रांस में स्थित कार्यालयों में छापेमारी

- चाइल्ड पोर्नोग्राफी व डीपफेक सहित कई अपराधों में जांच

पेरिस, एजेंसी

पेरिस के अभियोजकों ने बाल यौन सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) और डीपफेक सहित कई कथित अपराधों की शुरुआती जांच के तहत एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के फ्रांस स्थित कार्यालयों पर मंगलवार को छापेमारी की। इस संबंध में जारी बयान में कहा गया कि पिछले साल जनवरी में अभियोजक कार्यालय की साइबर अपराध इकाई ने जांच शुरू की थी।

यह इकाई बच्चों को बंधक बनाने और उनकी अश्लील तस्वीरें फैलाने, इससे संबंधित डीपफेक, मानवता के खिलाफ अपराधों और एक संगठित समूह के हिस्से के तौर पर ऑटोमेटेड डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम में हेरफेर तथा दूसरे अपराधों में कथित मिलीभगत की जांच कर रही है। अभियोजकों ने एलन मस्क और एक्स की 2023 से 2025 तक मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) रहीं लिंडा याकारिनो से स्वैच्छिक पूछताछ के लिए अनुरोध किया है, जिसके लिए 20 अप्रैल की तारीख निर्धारित है। इस संबंध में एक्स के एक प्रवक्ता ने टिप्पणी के लिए किए गए अनुरोध पर तुरंत जवाब नहीं दिया। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने एक्स पर छापेमारी की पुष्टि की। कहा कि वह इस मंच को छोड़ रहा है और फॉलोअर्स से भी कहा कि वे किसी दूसरे सोशल मीडिया मंच से जुड़ें।


## आर्मेनिया से भारत सुदृढ़ करेगा संबंध

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने आर्मेनिया के रक्षा मंत्री सुरेन पापक्यान से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और दोनों देशों से संबंधित सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। जनरल चौहान के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल इस समय आर्मेनिया की यात्रा पर है। एकीकृत रक्षा मुख्यालय ने एक्स पर सीडीएस की यात्रा की जानकारियां साझा की हैं। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, आर्मेनिया के रक्षा मंत्री सुरेन पापक्यान से मुलाकात के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों देशों से संबंधित विभिन्न सुरक्षा मुद्दों पर रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई। सीडीएस ने आर्मेनिया की राजधानी येरेवन में राष्ट्रीय रक्षा अनुसंधान विवि का दौरा किया।

## आज का भविष्यफल -पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 5 फरवरी 12.09 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शिशिर।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 10.12 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज आपकी क्षमताओं में विस्तार होगा। वकालत के पेशे से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। परिवार के छोटे सदस्यों के विचारों पर अवश्य ध्यान दें। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद दूर होंगे।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। आक्रामक व्यवहार से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। आपसी सूझबूझ से विवादों का समाधान कर पायेंगे। अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**मिथुन** – आज आप लोगों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हो रहे हैं। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है। प्रत्येक परिस्थिति में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। धार्मिक क्रियाकलापों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे।

**कर्क** – आज आपके नेतृत्व कौशल की लोग प्रशंसा करेंगे। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। आयात-निर्यात संबंधी व्यापार से उत्तम धन लाभ होगा। काम के प्रति उत्साह भाव बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा कर सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रखें।

**सिंह** – आज व्यापार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में तय लक्ष्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। दोपहर के बाद आपकी परिस्थितियां काफी अच्छी रहने वाली हैं। परिजन आपसे मिलने घर आ सकते हैं। मित्रों की सलाह आपके काम आयेगी।

**कन्या** – आज परिवार में लोगों के बीच कलह की भावना हो सकती है। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में धन का अपव्यय हो सकता है। गर्दन में दर्द उभरने की आशंका है। रहन-सहन में दिखावा न करें। बच्चे गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

**तुला** – आज अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। कारोबार की गुणवत्ता में सुधार होगा। व्यायाम और ध्यान को अपनी जीवनशैली में अवश्य सम्मिलित करें। अटके हुए काम को दोबारा शुरू करने में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आज यदि किसी को कर्ज दे रहे हैं तो परिजनों से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। घर के नवीनीकरण को लेकर योजना बनायेंगे। संकीर्ण विचारों के कारण आप लोगों के निशाने पर आ सकते हैं।

**धनु** – आज व्यापार को लेकर आप प्रयोग कर सकते हैं। काम को लेकर दबाव धीरे-धीरे कम होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आप अपने मन की करने को स्वतंत्र रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती हैं।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आपके अनुसार होते जायेंगे। आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी। व्यापार में अपनी उन्नति से संतुष्ट रहेंगे। विलासिता के साधनों में आप धन खर्च करेंगे। धन की कमी दूर होगी। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** – आज नया काम शुरू कर सकते हैं। आपके स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। दूसरों के भरोसे रहना उचित नहीं है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतरीन रहेगा। भूमि संपत्ति को लेकर अनुबंध कर सकते हैं। विदेश में व्यापार करने वाले लोगों की आय में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज अपने कार्यों को लेकर अत्यंत सावधान रहेंगे। रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंता रहेगी। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। दोपहर के बाद अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

## सुडोकू-51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 4 | | | 2 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| 5 | | | 9 | | | 6 | | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | 3 | 2 | | | | 5 | 1 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 3 |
| | | 4 | | | 5 | | 2 | |
| | 7 | | | 8 | | | | |
| 6 | | | 1 | | | 3 | | 4 |

### सुडोकू - 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |



"हम विश्व कप में सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। हम विश्व कप जीतने की कोशिश करने जा रहे हैं और हमारा पूरा ध्यान इसी पर केंद्रित है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के रूप में हमें वहां के लोगों पर भरोसा है कि वे हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। मैं बस इतना ही कहूंगा।


मिचेल मार्श, कप्तान, ऑस्ट्रेलिया

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 4 फरवरी 2026

## हाईलाइट

### साई की परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे खेल मंत्री मांडविया



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 120 करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद मंगलवार को कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तहत चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में जवाबदेही, समय पर पूरा होने और उचित रखरखाव को सुनिश्चित करने को वह तिमाही समीक्षा करेंगे।संतुलित और समावेशी खेल अवसंरचना विकास सुनिश्चित करने को नई परियोजनाएं देश भर में साइ केंद्रों में फैली हुई हैं। इसमें पूर्वोत्तर और पूर्वी क्षेत्र भी शामिल हैं। इनमें बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में एक नये सिंथेटिक हॉकी टर्फ का निर्माण शामिल है।

### नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में खेलेंगे डी गुकेश



**ओस्लो।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे। गुकेश ने कहा, मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।

### ईएफआई ने बिना ट्रायल राइडर्स को दी एनओसी

**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए चार घुड़सवारों को बिना किसी चयन ट्रायल्स के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने से जांच के दायरे में आ गया है और इससे हितों के टकराव से जुड़ी चिंताएं पैदा हो गई हैं। ईएफआई ने दो जनवरी 2026 को एनओसी जारी की थी, जिसमें 61 कैवलरी के चार अधिकारियों को सक्रिय घुड़सवारी खिलाड़ी के रूप में प्रमाणित किया गया है और उन्हें एफईआई की तरफ से यूरोप में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई है। जिन राइडर्स को विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई है।

## अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत

हरारे, एजेंसी

- प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम, पांच बार खिताब जीते

अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत छठी बार खिताब जीतने की दिशा में आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

भारत ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी पांच मैच जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन अच्छा रहा है। उसने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने से अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित



196 रन) भी अच्छे फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज की फॉर्म भी भारत के लिए चिंता का विषय है क्योंकि दाएं हाथ का बल्लेबाज तीन पारियों में 46 रन ही बना सका है। भारतीय गेंदबाजी की कमान हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश के हाथ में है। इन दोनों तेज गेंदबाजों को स्पिनर खिलन पटेल का भी अच्छा सहयोग मिला है, जिन्होंने पांच मैचों में आठ विकेट लिए हैं। म्हात्रे और मल्होत्रा गेंदबाजी में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मल्होत्रा ने अभी तक टूर्नामेंट में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से पांच विकेट लेने के अलावा भारत की तरफ से एकमात्र शतक भी लगाया है।

**भारत अंडर-19 :** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।

**अफगानिस्तान अंडर-19 :** महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन।


**मैच दोपहर 1:00 बजे।**

## भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्व कप मैच को लेकर विवाद

# कटघरे में पीसीबी, मैच के बहिष्कार पर अदालत जा सकता है जियोस्टार

कराची/नई दिल्ली, एजेंसी

- आईसीसी ने दी चेतावनी, कहा- टूर्नामेंट का आधिकारिक प्रसारक कर सकता है कानूनी कार्रवाई
- पीसीबी ने सरकार के निर्देश पर कोलंबो में होने वाले मुकावले के बहिष्कार का फैसला कर रखा है




अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार के कारण उसे टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक जियोस्टार की ओर से कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी पीसीबी के एक सूत्र ने मंगलवार को दी।

पाकिस्तान ने अपनी सरकार के निर्देश पर 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया है, लेकिन अभी तक उसने इस फैसले के कारणों को औपचारिक रूप से आईसीसी को नहीं बताया है। पहले ही सूत्रों के हवाले से खबर दी जा चुकी है कि आईसीसी पाकिस्तान का सालाना राजस्व हिस्सा (लगभग 3.5 करोड़ डॉलर) रोक सकता है और उसी रकम से प्रसारकों को भुगतान कर सकता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पिछले सप्ताह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को जानकारी देने से पहले बोर्ड के कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली थी, लेकिन इसके बावजूद बोर्ड गंभीर नतीजों के लिए तैयार है।

पीसीबी के सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर अड़ा रहा तो उसे वित्तीय जुर्माने के साथ प्रसारकों की ओर से मुकदमा भी झेलना पड़ सकता है। इसके अलावा आईसीसी की विवाद निपटान समिति (डीआरसी) में जाने की कोशिश भी शायद नाकाम रहे। आईसीसी की डीआरसी एक आंतरिक समिति है, जो आईसीसी के फैसलों के खिलाफ अपील नहीं सुनती।

### अनुबंध के उल्लंघन पर पीसीबी को अदालत में ले जाने का प्रसारक के पास पूरा अधिकार

सूत्र ने बताया कि आईसीसी ने जब अपने सभी आयोजनों के लिए प्रसारक के साथ चार साल का करार किया था, तब उसमें भारत-पाकिस्तान मैच भी शामिल थे, जिसके आधार पर प्रसारक ने आईसीसी को भुगतान किया। इसलिए प्रसारक को अनुबंध के उल्लंघन के आधार पर पीसीबी और आईसीसी को अदालत में ले जाने का पूरा अधिकार होगा। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पीसीबी ने इस मामले में अन्य सदस्य बोर्डों से समर्थन मांगा था, लेकिन उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिला। कई लोगों का मानना है कि पाकिस्तान के गृह मंत्री नकवी 12 फरवरी को बांग्लादेश में आम चुनाव होने और मौजूदा मोहम्मद यूनुस सरकार की जगह लोकतांत्रिक सरकार बनने के बाद अपना फैसला बदल सकते हैं।

### नकवी एक क्रिकेट प्रशासक से ज्यादा नेता

एक सूत्र ने कहा कि नकवी एक क्रिकेट प्रशासक से ज्यादा नेता हैं और उन्हें राष्ट्रीय टीम के हितों की खास चिंता नहीं है। वह राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं और चुनाव के बाद यू-टर्न ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ मैच से पहले दो दिन का वक्त रहेगा और हालात बदल सकते हैं। वरना वह जानते हैं कि पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग किया जा सकता है।

### पीसीबी ने अब तक आईसीसी को नहीं दी है लिखित सूचना

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अन्य सूत्र ने बताया कि सरकार के निर्देश के बावजूद पीसीबी को परेशानी हो सकती है, क्योंकि पाकिस्तान अपनी इच्छा के अनुसार भारत में नहीं बल्कि तटस्थ स्थल श्रीलंका में अपने सभी मैच खेल रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरी बात यह है कि भारत सरकार ने अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दी है, लेकिन मई में हुए टकराव के बाद भी एशिया कप या आईसीसी के टूर्नामेंटों में तटस्थ स्थानों पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से भी नहीं रोका है। पीसीबी ने अभी तक लिखित रूप में आईसीसी को कोई सूचना नहीं दी है, लेकिन इस बहिष्कार के फैसले को बांग्लादेश को विश्व कप से हटाए जाने के बाद उसके समर्थन में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

## सभी टेस्ट खेलने की इच्छा से टी20 विश्व कप से बाहर हुआ : कमिंस

मेलबर्न, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने कहा कि चोटिल होने से टी20 विश्व कप से बाहर होने का उनका फैसला आगामी टेस्ट सत्र के लिए फिट होने की इच्छा से प्रेरित था, जिसमें वह सभी मैच खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और वनडे के कप्तान कमिंस पीठ की चोट से नहीं उबर पाने से टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। उनकी जगह बेन ड्वार्शियस को टीम में शामिल किया गया है।

कमिंस ने कहा कि यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक मामूली सी परेशानी हुई और उससे उबरने के लिए समय कम पड़ गया। मैं कुछ हफ्तों तक आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा। एडिलेड टेस्ट मैच के बाद हमें पता था कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने में चार से आठ सप्ताह का समय लगेगा। शुरू में हमें लगा था कि इसमें चार सप्ताह ही लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन अभी-अभी एक स्कैन करवाया है और चिकित्सकों का मानना है कि इसे पूरी तरह ठीक होने में कुछ सप्ताह और लगेंगे। इसलिए समय की थोड़ी कमी पड़ गई। ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट मैचों का कार्यक्रम अगस्त से शुरू होगा, जब वह डार्विन और मैकाय में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा।

### फॉर्म में चल रहे भारत को हराना मुश्किल होगा : क्लिंगर

**वडोदरा।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और अब कोच माइकल क्लिंगर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया श्रृंखला में भारत के प्रदर्शन से पता चलता है कि सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में आखिर क्यों गत चैंपियन को हराना बहुत मुश्किल होगा। डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात जाइंट्स के मुख्य कोच क्लिंगर के अनुसार भारत का आक्रामक शीर्ष क्रम उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत टीम बनाता है। क्लिंगर ने कहा कि जिस फॉर्म में वे हैं और मैंने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ जो देखा उससे भारत को हराना बहुत मुश्किल होगा।

### टी20 विश्व कप के तीसरे चरण के टिकटों की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 विश्व कप की टिकटों की बिक्री के तीसरे चरण की शुरुआत की घोषणा की। इससे पहले 11 दिसंबर 2025 और 14 जनवरी 2026 को शुरुआती दो चरण में टिकटों की बिक्री हुई जो सफल रही। बीसीसीआई ने कहा कि नवीनतम चरण प्रशंसकों को दुनिया की शीर्ष टीमों की मौजूदगी वाले इस टूर्नामेंट के दौरान होने वाले मुकाबलों के लिए सीट सुरक्षित का एक और मौका देता है। शनिवार से शुरू होने वाला टी20 विश्व कप भारत के कुछ सबसे जाने-पहचाने क्रिकेट स्थलों पर खेला जाएगा, जिससे ऐसा माहौल बनेगा जहां प्रशंसक पूरे टूर्नामेंट के दौरान शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और टी20 प्रारूप से जुड़े जज्बे को देख सकेंगे। जैसे-जैसे मेजबान शहरों में तैयारियां आखिरी चरण में पहुंच रही हैं तो बीसीसीआई संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर आयोजन स्थलों की तैयारी, संचालन योजना और मैच के दिन के अनुभव पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## गुजरात ने दिल्ली को दिया 169 रनों का लक्ष्य

वडोदरा, एजेंसी

डब्ल्यूपीएल एलिमिनेटर

- बेथ मूनी ने खेली 51 गेंद पर नाबाद 62 रनों की शानदार पारी

सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी की नाबाद 62 रनों की शानदार पारी के दम पर गुजरात जायंट्स ने डब्ल्यूपीएल के एलिमिनेटर मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 7 विकेट पर 168 रन बनाए। मूनी ने 51 गेंदों में छह चौकों के साथ पांचवें विकेट के लिए जॉर्जिया वेयरहम के साथ 46 गेंद में 61 जबकि आखिरी ओवरों में काश्वी गौतम के साथ 19 गेंद में 39 रनों की साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।

वेयरहम में 25 गेंद में तीन चौके और एक छक्का लगाका 35 रन बनाए जबकि काश्वी ने 18 रनों की परी में तीन चौके जड़ें। कैपिटल्स के लिए शिनेल हेनरी ने 35 रन देकर दो जबकि नंदिनी शर्मा ने 44 देकर दो विकेट लिये। मिन्नू मणि को एक सफलता मिली।

दिल्ली ने 25 अतिरिक्त रन दिये जिसमें तेज गेंदबाजों के खिलाफ विकेटकीपर लिजेल ली के विकेट के करीब से कीपिंग करने से कई बार बाई में चार रन चले गए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शिनेल हेनरी की गेंद पर सोफी डिवाइन (6) विकेटकीपर को कैच दे बैठी। मूनी और अनुष्का शर्मा (16) ने मारिजेन कैप के खिलाफ चौके जड़ ओवर से 17 रन बटोर कर दबाव कम करने की कोशिश की। छठे ओवर में नंदिनी ने दो गेंदों पर दो विकेट झटकें। हेनरी ने कमाल का कैच लपककर अनुष्का को चलता किया जबकि कप्तान एशलीघ गार्डनर ने खाता खोले बगैर स्नेह राणा को कैच थमा दिया। कनिका आहुजा (6) ने चौका जड़ उन्हें हैट्रिक से रोक दिया। पावरप्ले के बाद गुजरात का स्कोर 3 विकेट पर 48 रन था। दिल्ली के गेंदबाजों ने शिकंजा कस दिया जिसका फायदा मिन्नू को मिला। कनिका शॉट के लिए बाहर निकली और ली ने उनके स्टंप बिखेर दिये। मूनी ने श्री चरण की गेंद को बाउंड्री पार भेज कर चौके के सूखे को खत्म किया। वेयरहम ने कैप और नंदिनी की गेंद पर चौका जड़ा जिससे टीम ने 14 ओवर में रनों का शतक पूरा किया। वेयरहम ने मूनी के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। हेनरी ने अगले ओवर में वेयरहेम को चलता करने के एक गेंद बाद भारती फुलमाली को आउट किया। मूनी ने हेनरी के खिलाफ दो चौके जड़ने के दौरान 47 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।



बेथ मूनी

## एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे
- एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने एनआरएआई के अध्यक्ष को लिखे पत्र में की पुष्टि

भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है।

एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की।

एनआरएआई ने बताया कि इसका आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। एएससी ने पत्र में कहा कि हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।

टेनिस रैंकिंग



एरीना सबालेंका

### अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग रखी बरकरार

## सबालेंका शीर्ष पर बरकरार, जोकोविच तीसरे स्थान पर पहुंचे

मेलबर्न, एजेंसी

- रिबाकिना की दो पायदान की छलांग, इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर काबिज

कार्लोस अल्काराज से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं।

डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रिबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रिबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर काबिज हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।



कार्लोस अल्काराज

### अल्काराज ने रॉटरडैम से नाम वापस लिया

**रॉटरडैम।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने रॉटरडैम में होने वाले एबीएन एमरो ओपन से नाम वापस ले लिया है, टूर्नामेंट ने यह घोषणा की है। पिछले सीजन में एटीपी 500 इनडोर हार्ड-कोर्ट टाइटल जीतने वाले स्पेन के अल्काराज, एटीपी वेबसाइट के अनुसार, 9 से 16 फरवरी तक होने वाले इस इवेंट में अपना खिताब बचाने के लिए वापस नहीं आएंगे। अल्काराज की गैरमौजूदगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर 2 अलेक्जेंडर ज्वेरेव, फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और एलेक्स डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे। अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया है। अल्काराज ने रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जोकोविच को हराकर मेलबर्न में पहला टाइटल जीता था।

### भांबरी एटीपी युगल टॉप 20 में शामिल



युकी भांबरी

**चंडीगढ़।** राउंडग्लास टेनिस एकेडमी के एथलीट युकी भांबरी एटीपी रैंकिंग में नंबर 20 पर पहुंच गए हैं, जिससे वह रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बन गए हैं और भारत के टॉप रैंक वाले डबल्स खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। युकी ने कई एटीपी टूर फाइनल में हिस्सा लिया है और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्वीडन के आंद्रे गोरान्सन के साथ जोड़ी बनाकर, युकी ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में शानदार प्रदर्शन किया, तीसरे राउंड में पहुंचकर रैंकिंग पॉइंट्स हासिल किए जो उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी थे।